डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹73000 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 81,510.05 +1.59
डॉलर 84.888 +0.054

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 11 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-57, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 हरभजन सिंह ने रोहित को नंबर...

## एक नजर

### रास सभापति के खिलाफ इंडी गठबंधन ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) ने मंगलवार को उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इसमें उन पर सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, यह प्रस्ताव बहुमत न होने के कारण गिर जाएगा, लेकिन देश के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 71 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67बी के तहत पेश किया गया है। इसके तहत 50 सांसदों का अविश्वास प्रस्ताव पर एक राय होना अनिवार्य है।

### कोर्ट ने प्रबंध निदेशक और पूर्व निदेशक को ठहराया दोषी

**रांची।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को झारखंड में बृंदा, सिसई और मेराल कोयला ब्लॉकों के आवंटन से संबंधित कोयला घोटाला मामले में अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार जायसवाल और इसके पूर्व निदेशक रमेश कुमार जायसवाल को दोषी ठहराया है।

### कई दिनों से रिम्स की सीढ़ियों की नीचे पड़ी है एक वृद्ध

**रांची।** बारिश के बाद से अचानक ठंड में बदलाव हुआ है। सोमवार को जिला में न्यूनतम तापमान 13.35 और आद्रता 68 प्रतिशत थी। इस कड़ाके की ठंड में जहां एक ओर लोग अपने घरों में जल्दी दुबक जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एक निराश्रय महिला रिम्स की सीढ़ियों के नीचे पड़ी है। एक पतला कंबल पर सोई और पतला कंबल ओढ़े हुए है। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बातचीत में उसने बताया कि उसका नाम बिरसी तिर्की है, वह बोड़या निवासी है। पिछले तीन-चार महीनों से यहीं रिम्स की सीढ़ियों के नीचे पड़ी है। उसका परिवार में कोई नहीं है कभी-कभी एकमात्र नाती आता है। पूछने पर बताई कि अचानक से ठंड बढ़ी है जिससे रात में ठिठुरन होती है। कंबल भी नहीं है कमर में दर्द हो रहा है। मांगने से जो कुछ मिलता है वही खा के दिन-रात पड़े रहते है। बताया कि सरकार हर साल गरीबों को कंबल बांटती है, इस जाड़े में भी गरीबों को कंबल देगी।

## आज | कल




# रबींद्र नाथ महतो ने रचा इतिहास दूसरी बार बने विधानसभा अध्यक्ष

## मुख्यमंत्री हेमंत और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने सम्मानपूर्वक आसन पर बिठाया

**बोले विस अध्यक्ष- सदन पक्ष और विपक्ष दोंनों से मिलकर चलता है, विपक्ष सरकार का आईना होता है, लोकतंत्र की यही ताकत है कि सबकी बातें सुनी जाए**

सुनील बादल



**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन कार्यवाही के दौरान सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ और रबींद्र नाथ महतो को सर्वसम्मति से दूसरी बार झारखंड विधानसभा का स्पीकर चुन लिया गया। मंगलवार को निर्धारित समय तक विधानसभा सचिव के समक्ष अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर पक्ष-विपक्ष से कुल सात सेट में प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। सीएम हेमंत सोरेन ने प्रस्ताव रखा। मथुरा महतो ने प्रस्ताव का समर्थन किया। सभी सेट में रबींद्र नाथ महतो का नाम प्रस्तावित किया गया। प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सदन को इन सभी प्रस्तावों की जानकारी देते हुए सर्वमत से उनके निर्वाचन की घोषणा की। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सम्मानपूर्वक स्पीकर की कुर्सी पर आसीन कराया।

विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर रबींद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख शिबू सोरेन ने जिन सपनों को लेकर आंदोलन की लंबी लड़ाई लड़ी, उसे पूरा करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

विस अध्यक्ष ने कहा, मैं सदन के सदस्यों से आग्रह करना चाहूंगा कि लोक कल्याण के लिए ऐसी नीतियां बनाएं, ऐसे कानून बनाएं, ऐसे अधिनियम बनाएं, जिससे समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि गांधी के जरिये देखे गए सपनों के अनुरूप अंतिम व्यक्ति के जीवन में सामाजिक, आर्थिक उत्थान हो सके।

उन्होंने कहा, मेरी कोशिश होगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं, पर्याप्त अवसर दूं। यह सदन सभी पक्षों के विचारों वाली सदन हो। सभी पक्षों के विचार यहां आने चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है। हम अलग-अलग विचारधाराओं से चुनकर आते हैं। हालांकि, अलग-अलग विचारधाराओं के बाद भी राज्य का हित सर्वोपरि हैं।

महतो ने कहा कि सदन पक्ष और विपक्ष दोंनों से मिलकर चलता है। विपक्ष सरकार का आईना होता है। लोकतंत्र की यही ताकत है कि सबकी बातें सुनी जाए। सहमति से सदन चले और मेरी अपेक्षा है कि मैं सबकी सहमति से सदन चलाऊं। मैं प्रयास करूंगा कि उन्ही भावनाओं से आप सबका विचार सदन में आए और मैं निष्पक्ष रूप से सदन का संचालन कर सकूं, लेकिन आप सबों से मेरी यह अपेक्षा रहेगी शेष पेज 11 पर

### राज्यपाल का अभिभाषण आज द्वितीय अनुपूरक बजट भी आएगा



**रांची।** विधानसभा सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ शुरू होगी। इसके बाद राज्य सरकार के जरिये सदन के पटल पर चालू वित्तीय वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट को लाया जाएगा। अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित करने की कार्यवाही होगी। इसके अलावा हेमंत सरकार सदन में बहुमत साबित करने का काम करेगी। चार दिनों का यह सत्र राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद 12 दिसंबर को समाप्त होगा।

### राज्य के सर्वांगीण विकास में विपक्ष की भी भूमिका अहम : मुख्यमंत्री



**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को रबींद्र नाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष की भी भूमिका है। चुनाव में जनता के निर्णय का सम्मान करना चाहिए। साथ ही, कहा कि महान विभूतियों के सपने को सकार करने में भूमिका निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यह देश के महान विभूतियों के समर्पण और त्याग का परिणाम है। कहीं न कहीं हमारे इस लोकतंत्र का लोहा पूरी दुनिया मानता है। अलग-अलग रंग, बोली, सभ्यता-संस्कृति एक साथ मिलकर एक समूह में रहकर शेष पेज 11 पर

### विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें : मरांडी



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने रबींद्र नाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें। उन्होंने कहा, आग्रह है कि कोई भी विधायक जब सदन में मामला उठाए तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें। नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में भरपूर अवसर दें। इससे राज्य की ज्वलंत समस्याओं की पहचान और समाधान में सरकार को भी मदद मिलेगी। मरांडी मंगलवार को सदन में बोल रहे थे।

पलामू की बेटी कर्तव्य पथ पर करेगी परेड

## तनीषा सिंह राजपूत बनीं झारखंड की शान

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू की होनहार बेटी तनीषा सिंह राजपूत का चयन 44 झारखंड बटालियन एनसीसी के तहत आगामी 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाले प्रधानमंत्री रैली (पीएम रैली) के लिए हुआ है। झारखंड से चयनित कुल आठ कैडेट्स में तनीषा का नाम शामिल होना पलामू के लिए गर्व की बात है।

तनीषा सिंह राजपूत, जो मेदिनीनगर के जनता शिवरात्रि कॉलेज में अंग्रेजी ऑनर्स के तीसरे सेमेस्टर की छात्रा हैं, अपनी पढ़ाई और एनसीसी गतिविधियों में शुरू से ही अव्वल रही हैं। तनीषा को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया है। आरडीसी (रिपब्लिक डे कैंप) में चयन प्रक्रिया अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती है। केवल सर्वश्रेष्ठ कैडेट्स को इसमें हिस्सा लेने का मौका मिलता है। तनीषा ने दिल्ली में आयोजित परेड में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित किया कि वह इस प्रतिष्ठित अवसर के लिए सबसे योग्य हैं। तनीषा के इस चयन पर जनता शिवरात्रि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके पांडेय, एनसीसी अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार और अन्य शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि तनीषा का चयन न केवल उनके कॉलेज और बटालियन के लिए गर्व की बात है, बल्कि इससे पूरे पलामू का नाम रोशन हुआ है।

तनीषा ने कहा कि मैं अपनी मेहनत और समर्पण से पलामू और झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और ऊंचा उठाने का प्रयास करूंगी।

## कोल स्कैम मामले में सीबीआई की जांच में बड़ा खुलासा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कोल स्कैम मामले में सीबीआई की जांच में महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है। सीबीआई की जांच में पता चला है कि अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने कोयला ब्लॉक हासिल करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर हजारीबाग में निजी जमीन की खरीद का फर्जी दस्तावेज पेश किया था। इसके अलावा, प्लांट के लिए मशीनरी की खरीद और बैंकों के साथ वित्तीय गठजोड़ से संबंधित जाली दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी प्रस्तुत की गई थी। सीबीआई ने कहा कि इन जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कोयला ब्लॉकों के आवंटन के लिए भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय की सिफारिश हासिल करने के लिए किया गया था। इस सिफारिश के आधार पर कोयला मंत्रालय ने 25 जून 2005 को अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (अब अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड) को बृंदा, सिसई और मेराल कोयला ब्लॉक आवंटित किए थे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से झारखंड में उबाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के हजारों लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार और उनके मानवाधिकार हनन के खिलाफ मोरहाबादी मैदान से फिरायालाल होते हुए राज्यपाल भवन तक आक्रोश मार्च निकाला। इसके बाद मार्च राजभवन में समक्ष धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार ने किया।

आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सोमा उरांव ने कहा कि आज हम सब बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को समर्थन देने के लिए एकजुट हुए हैं। साथ ही आज मांग करते हैं कि जेहादियों पर कड़ी करवाई हो। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है। इससे हम सभी आक्रोशित हैं। हिन्दू समाज बसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं लेकिन जब हमे उकसाया जाता है तो हम इसका विरोध करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद गाडयान ने कहा कि दुनियाभर के देशों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध किया है। उन्होंने पूरी दुनिया से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन के खिलाफ पूरी दुनिया आवाज उठाये। राजेन्द्र कृष्ण ने कहा कि बांग्लादेश के अस्तित्व भारत के कारण है लेकिन वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। यह बेहद अफसोसजनक है। विश्व मानवाधिकार आयोग से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। इस्कॉन के सदस्य प्रकाश ने हिंदुओं को जागने का आह्वान किया और बांग्लादेश में हो रहे क्रूरता के खिलाफ एकजुट होने पर बल दिया।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर फंसी 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित डॉ भारती कश्यप

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**रांची/कोलकाता।** 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित डॉ भारती कश्यप ने कोलकाता एयरपोर्ट पर एक एयरलाइन के कर्मचारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। डॉ कश्यप ने कहा, खराब मौसम के कारण उनकी बागडोगरा जाने वाली फ्लाइट रद्द हो गई थी, जिसके बाद इंडिगो एयरलाइन के कर्मचारियों ने उन्हें और अन्य यात्रियों को घंटों इंतजार कराया।

डॉ कश्यप रांची की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। वे झारखंड की राजधानी रांची से कोलकाता होते हुए बागडोगरा जा रही थीं। उन्होंने बताया, कोलकाता एयरपोर्ट पर दिन में 10:45 बजे पहुंचे, जहां हमारी फ्लाइट एक घंटे की देरी से आई। इसके बाद पता चला कि बागडोगरा की फ्लाइट रद्द कर दी गई है।

रांची से डॉ कश्यप से जब मोबाइल फोन पर बात की गई, तो उन्होंने आरोप लगाया कि एयरलाइन ने उन्हें शाम की फ्लाइट में भी जगह नहीं दी और यात्रियों को कई घंटों तक बिना किसी सुविधा के इंतजार कराया। उन्होंने बताया, हमें दोपहर 12:45 बजे की फ्लाइट से बागडोगरा जाना था, जिसे रद्द कर दिया गया। लंबे इंतजार के बाद खाना और चाय की व्यवस्था की गई।

57 वर्षीय डॉक्टर ने बताया कि एयरलाइन ने उन्हें डॉरमेट्री में रुकने का प्रस्ताव दिया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा, मैं अकेले यात्रा कर रही हूं, ऐसे में दूसरों के साथ डॉरमेट्री में कैसे रुक सकती हूं? उन्होंने बताया, बाद में शाम में उन्हें और एक अन्य महिला को एयरपोर्ट पर होटल में एक-एक कमरा दिया शेष पेज 11 पर



- **कहा, अन्य यात्री के साथ डॉरमेट्री में रुकने का दिया गया प्रस्ताव**
- **एयरलाइन कर्मचारियों ने उन्हें और अन्य यात्रियों को घंटों कराया इंतजार**

### डॉ भारती कश्यप ने हजारों लोगों को दी नई रोशनी

*डॉ भारती कश्यप ने झारखंड के ग्रामीण इलाकों में 'आंखों के दान जागरूकता अभियान' और 'युवा ग्रामीण झारखंड के लिए दृष्टि अभियान' के जरिए हजारों लोगों की जिंदगी बदली है, उन्हें नई रोशनी दी है। वह नक्सल प्रभावित इलाकों में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर वंचित बच्चों और युवाओं की मदद कर रही हैं। उनके कार्य के लिए उन्हें 'नारी शक्ति पुरस्कार' से राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है।*

### डॉ भारती की उपलब्धियां

- पीएम नरेंद्र मोदी की प्रथम चाय पे चर्चा में शामिल हुईं।
- राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय नारी शक्ति पुरस्कार 2017 से सम्मानित।
- आईएमए के कई राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित।
- अमेरिका में वर्ष 2018 में सर्विस बियांड बॉडर्स यूएसए का सम्मान मिला।
- अमेरिका में वर्ष 2017 में अमेरिकन सोसाइटी ऑफ कैटरेक्ट एंड रेफ्रैक्टिव सर्जरी का विशेष ह्यूमैनीटेरियन आई केयर पुरस्कार।
- 2018 में ब्रिटिश एक्सीलेंस अवार्ड।
- राज्य के बीस लाख गरीब बच्चों का ह्यमोबाइल विजन सेंटरह्ल मॉडल द्वारा मुफ्त इलाज।
- सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन के लिए बनाए गए झारखंड मॉडल के जरिए 4.5 लाख से अधिक महिलाओं की जांच और गर्भाशय के रीवा की सूजन से ग्रसित महिलाओं का मुफ्त इलाज।
- पूरे झारखंड की महिला चिकित्सकों को प्रशिक्षण।
- नेत्र के इलाज में झारखंड को देश में सबसे आगे लाना।
- बिहार-झारखंड का पहला नेत्रदान एवं नेत्र प्रत्यारोपण का श्रेय।
- 2024 में 11 महीने में 107 नेत्र प्रत्यारोपण, जबकि पूरे झारखंड राज्य को आई बैंक एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 150 नेत्र प्रत्यारोपण का सालाना लक्ष्य दिया गया है।
- झारखंड से सबसे ज्यादा डायबिटिक मरीजों का रिसर्च डाटा ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी को उपलब्ध कराना।
- देश की पहली आईएमए की शाखा की नेतृत्वकर्ता, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ आधिकारिक पार्टनर बनाने की पेशकश स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है।

## इंडिया

## आ गया धुंधलके का जानलेवा मौसम सावधानी ही बचाव है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जाड़े का मौसम आ गया और इस समय कोहरे की वजह से गाड़ी ड्राइव करने वाले लोगों को धुंधलके की समस्या से जूझना पड़ता है। झारखंड में आम तौर पर दिन में धूप निकलने से बहुत परेशानी नहीं होती पर प्रदूषण या बारिश के कारण सड़कों पर धुंधलके की समस्या रहती है जिस कारण हमें घर से निकलते समय ही कोहरे के बारे में सचेत रहना चाहिए.रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर घंटे करीब 53 सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं। 2022 में देश में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए थे जिनमें 1,68,491 लोगों ने अपनी जानें गंवाई थी जबकि लगभग 4.43 लाख लोग घायल हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, जहां देश में 2022 के दौरान कोहरा और धुंध भरे वातावरण में 34,262 हादसे हुए हैं, वहीं साफ दिन में इनकी संख्या 3,42,516 दर्ज की गई थी, वहीं बारिश के मौसम में करीब 38,329 हादसे हुए थे। इसी तरह 1,19,585 लोगों की मौत साफ दिनों के दौरान हुई थी। कोहरे में अगर आप बाइक या कार लेकर घर से निकल रहे हैं, तो हमें अपनी गाड़ी की हेडलाइट को अपर मोड पर रखना चाहिए। कोहरे में गाड़ी चलाते समय स्पीड 40 किमी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए क्योंकि तेज स्पीड में गाड़ी को संभालना मुश्किल होता है, जिससे एक्सीडेंट होता है। घर से निकलते वक्त यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कार और बाइक की सभी लाइटें काम कर रही हैं या नहीं। बाइक,कार या कोई भी गाड़ी चलाते समय ब्रेक लाइट,टेल लाइट और इंडीकेटर का इस्तेमाल करना चाहिए और देखना चाहिए कि वे काम कर रही हों ।कई बार टेल लाइट (पीछे की लाइट) का बल्ब फ्यूज हो जाता है जिसे बदलने में 10 रुपए का खर्च आता है पर लोग नहीं बदलवाते जिससे उनके पीछे की गाड़ी उन्हें ठीक से देख नहीं पाती और दुर्घटना होती हैं। कोहरे में कार या बाइक ड्राइव करते समय पार्किंग लाइट भी चालू रखें। इससे आगे और पीछे से आ रही गाड़ी के ड्राइवर को आपकी गाड़ी की साइज समझने में आसानी होती है। गाड़ियों में रिफ्लेक्टर बेल्ट का लगा होना जरूरी है। खासकर ट्रक और ट्रेक्टर के ट्रेलर पर लगा होना चाहिए। क्योंकि ये लोडिंग वाहनों में शामिल होते हैं और कहीं पर पार्क कर दिए जाते हैं। अगर इन पर रिफ्लेक्टर बेल्ट लगा होगा तो बाइक और कार ड्राइवर को यह आसानी से नजर आ जाते हैं। अगर आप ऑफिस, दुकान खोलने या दूसरे काम के लिए सुबह-सुबह जा रहे हैं, तो इसके लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी है। अगर समय से पहले घर से निकलेंगे तो तेज ड्राइविंग नहीं करेंगे। इससे दुर्घटना का खतरा कम हो जाता है। कोहरे के समय बायपास, सुपर-कॉरिडोर या नेशनल हाइवे पर गाड़ी चलाते वक्त हमें लेन सिस्टम के बारे में जानकारी होनी चाहिए। लेन 1 ट्रक या बड़ी गाड़ियों के लिए होते हैं। इसमें ड्राइवर यह मानकर चलते है कि उनके लेन पर कोई दूसरा वाहन नहीं आएगा। इस समय इन गाड़ियों की स्पीड 80 किमी होती है। वहीं लेन-2 (सेंट्रल लेन) पर कार को चलाना चाहिए, इसकी स्पीड 40-60 किमी के बीच रखना चाहिए और लेन-3 जो सड़क के लेफ्ट साइड में होता है, उस पर बाइक या टू व्हीलर वाहन चलाना चाहिए। इसकी स्पीड 40 से ऊपर नहीं होना चाहिए ।कोहरे के समय आप अगर कार से सफर कर रहे हैं। तो सावधानी बरतना जरूरी होती है। इस दौरान हमें तेज ड्राइविंग से बचना चाहिए। हैडलाइट को हमेशा अपर साइड पर चालू रखना चाहिए। अगर ओवरटेक कर रहे हैं तो अपर मोड का इस्तेमाल करें।अगर सामने से किसी गाड़ी को क्रॉस कर रहे हैं तो हैडलाइट को डिपर करें। अक्सर हाईवे पर बड़े वाहन अपर-डिपर से इंस्ट्रक्शन समझते हैं। उन्हें कई बार हॉर्न नहीं सुनाई देता है। इसके अलावा अगर हम हाईवे पर सफर कर रहे हैं तो हमें लेन सिस्टम का पालन करना चाहिए। कार में बैठते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगाएं, जिससे पावर ब्रेक लगाने में आसानी होती है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आप बाइक से जा रहे हैं तो सबसे पहले बेल्ट लगाकर हेलमेट, ग्लव्स पहनें और समय से निकले, जिससे तेज ड्राइविंग न करनी पड़े। गाड़ी की स्पीड स्लो रखें और रोड के लेफ्ट साइड में गाड़ी चलाएं। वहीं बड़े वाहनों को ओवरटेक करने से बचें। इसके अलावा टर्न लेते वक्त इंडीकेटर का इस्तेमाल करते रहें।केंद्र सरकार की एनएचआई को राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य सरकारों को अपने राज्य राजमार्गों सहित सभी रास्तों के रिफ्लेक्टर और सफेद पीली पट्टियों की रंगाई पुताई पर इस मौसम में विशेष ध्यान रखना चाहिए जो धूल या प्रदूषण से धुंधली पड़ जाती हैं। रांची हजारीबाग फोर लेन सड़क सहित अनेक मार्गों में डिवाइडर पर गाड़ी चढ़ने के बाद घातक दुर्घटनाओं का यही कारण है। अनेक सड़कों में खतरनाक टूट फूट भी है जिसे तुरंत ठीक किया जाना चाहिए।



## 12वीं बाद किसी भी विषय में सीयूईटी-यूजी के लिए उपस्थित होने की अनुमति

- आरपी सिंह

- **वैकल्पिक प्रश्नों को भी हटाया गया**
- **छात्र अधिकतम पांच विषयों की परीक्षा दे सकेंगे**

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) यूजी परीक्षा में कई बदलाव किए हैं, जो कि सत्र 2025 से देखने को मिलेंगे। इस बारे में यूजीसी प्रमुख जगदीश कुमार ने बताया कि छात्रों को कक्षा 12वीं में पढ़े गए विषयों की परवाह किए बिना किसी भी विषय में सीयूईटी-यूजी के लिए उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही, यह परीक्षा अब केवल कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी।

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 से छात्र सीयूईटी-यूजी में अधिकतम पांच विषयों की परीक्षा दे सकेंगे। सभी सीयूईटी-यूजी परीक्षाओं की अवधि 60 मिनट होगी। इसके साथ ही परीक्षा में वैकल्पिक प्रश्नों की अवधारणा को भी समाप्त कर दिया गया है और अब सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। 2025 सत्र से सीयूईटी-यूजी 37 के बजाय 63 विषयों में आयोजित की जाएगी। हटाए गए विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षा (जीएटी) के अंकों के आधार पर आयोजित किए जाएंगे। यूजीसी ने सीयूईटी यूजी (अंडर ग्रैजुएट) और पीजी (पोस्ट ग्रैजुएट) के संचालन की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस पैनल द्वारा की गई समीक्षा के बाद ये बदलाव किए गए हैं। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि आयोग जल्द शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### निजी राशि से जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराएंगे: मुखिया

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड के कंडा पंचायत के मुखिया सह नावाबाजार मुखिया संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह अपने निजी राशि से जरुरतमंद के बीच कंबल का वितरण करेंगे। यहजानकारी देते हुए मुखिया नरेन्द्र सिंह ने बताया बुधवार से कार्यक्रम की शुरूआत किया जाएगा। यह कार्यक्रम उनके द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। वह अपने निजी खर्च से पंचायत क्षेत्र के सभी गरीब, असहाय ,विकलांग, विधवा व जरुरतमंद व्यक्तियों को चिंहित कर उनके घरों तक जाकर स्वयं कंबल वितरण करेंगे। इसकी शुरूआत अपने पैतृक गांव कंडा से करेंगे।

# पुलिस की छापेमारी से बालू माफियाओं में हड़कंप

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान में खनन विभाग को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है। जगतपुरवा बेदानी मुख्य मार्ग पर मध्य विद्यालय कमल केड़िया के पास खनन निरीक्षक हरेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी कर तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। मौके पर खनन निरीक्षक ने बताया कि डीएमओ को गुप्त सूचना मिली थी कि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में रात के



अंधेरे में अवैध खनन किया जाता है। सूचना के आधार पर कार्रवाई के शीघ्र ही एक टीम का गठन किया गया। पलामू जिला खनन निरीक्षक हरेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। वहां मौके से अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। अवैध रूप से बालू का खनन व परिवहन करते तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को सुरक्षार्थ लेस्लीगंज पुलिस थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है। जिला खान निरीक्षक ने बताया कि तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए उपायुक्त पलामू को सूचनार्थ भेज दिया गया है।

## संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आज



**विश्रामपुर।** पूनम तिवारी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर के संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी स्कूल के निदेशक एनके तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चे प्रदर्शनी को लेकर खासे उत्साहित हैं। पिछले एक सप्ताह से बच्चे कई तरह के वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर रहे हैं, जिसमें उनके कई अपने आविष्कार भी शामिल हैं। उसका प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने अभिभावकों और आम लोगों से विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होकर बच्चों को उत्साहित करने का अपील की है।

# बुढ़ापे का सहारा वृद्धा पेंशन तीन महीने से बंद



**▸ पेंशन राशि नहीं मिलने से भटक रहे वृद्ध**

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड में बुजुर्गों का सहारा वृद्धावस्था पेंशन पिछले तीन माह से नहीं मिल रहा है। यह पेंशन उनके जरुरतों को पूरा करने का एक मात्र साधन है। वृद्ध जगदीश यादव, राधा यादव, शुकूल यादव, संतोषी यादवव देवकी यादव ने बताया कि उन सभी को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रहा है। उन सभी के आजीविका का एक मात्र साधन है। प्रशासनिक व्यवस्था की विवशता के कारण सभी इस कंपकंपाती ठंड में नावाबाजार जाने को विवश हैं। उन्होंने बताया कि वह पेंशन मिलने की आस में बैंकों का भी चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर घर लौटना पड़ता है। बताया जाता है कि नावाबाजार प्रखंड कार्यालय से जानकारी प्राप्त करें। इसमें से कई लोग ऐसे हैं, जिनके लिए पेंशन ही गुजारे का माध्यम है, लेकिन उनकी दुखड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। बुजुर्गों ने बताया कि 3 महीना से वृद्धा पेंशन रुका हुआ है।

# शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 67वां जन्मदिन धूम-धाम के साथ मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 67वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती महाराजगंज संडा, सरईवार, भलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केन्द्रों पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना कर जन्म दिवस मनाया। वही युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व के चलाया जाता है। इनके बताए मार्ग पर चलकर, हम जीवन को सफल बना सकते हैं। उक्त सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी द्वारा अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया गया। जिसमें महिला पुरुष हजारो लोगों ने संदेश सुना। वही भक्तों ने अपने-अपने केंद्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बाद में श्रद्धालुओ के बीच भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र सहायक सह शिक्षिका मधु कुमारी, सेवा सहायक सह संवाददाता कृष्णा गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, शिक्षक सरोज चौधरी, लोको पायलट आकाश कुमार, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर गुप्ता, सुमित्रा देवी, नवीन पांडेय, देवंती देवी, उमेश साव, केदारनाथ ठाकुर, गोपाल गुप्ता, शम्भू सिंह, घनश्याम शर्मा, अक्षय सिंह, राजन साव, सुनील पाल, संजय जायसवाल, शंभू यादव, बिजय पासवान सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# बीडीओ ने एनएच से अतिक्रमण को हटाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग एनएच 75 को जेसीबी चलाकर मंगलवार को अतिक्रमण मुक्त किया गया। बताते चले की सतबरवा मेला टांड़ से लेकर पुराना बस स्टैंड तक स्थानीय लोगों द्वारा मुख्यमार्ग के किनारे अतिक्रमण कर रखा था। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि 24 घंटा का समय देकर अतिक्रमण मुक्त करने की बात नोटिस देकर जानकारी दिया गया था। 72 घंटा से ज्यादा बीत जाने के बाद भी लोग नहीं समझे और न ही मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया। मंगलवार को मुख्य मार्ग को जेसीबी चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है, क्योंकि यह अतिक्रमण प्रतिदिन की समस्या बन गई थी। सड़क जाम होना होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सीओ कहा कि पहला पेज में मुख्य मार्ग को अतिक्रमणमुक्त किया जा रहा है वही दूसरा पेज में पूरे बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। मौके पर सीआई विकास मिंज, कर्मचारी यमुना पांडा, श्रीकांत दास, अमीन अरविंद कुमार के साथ एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई बसंत दुबे समेत कई पुलिस जवान मौजूद थे।

# जपला रेलवे स्टेशन पर चला टिकट चेकिंग अभियान, 10 बिना टिकट धराए

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा बिना टिकट रेल यात्रा करने पर लगाम सहित यात्री जागरूकता के लिए लगातार सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के निर्देश पर मंगलवार को जपला स्टेशन पर टिकट चेकिंग का मेगा ड्राइव चलाया गया। इस मेगा ड्राइव के दौरान बिना टिकट या उचित प्राधिकार के यात्रा वाले 2 व्यक्तियों को पकड़ा गया। बाद में दोनों को जुर्माना के बाद छोड़ा गया। इस दौरान आरपीएफ ने महिला व विकलांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे आठ लोगो को पकड़ा। इस संबंध में आरपीएफ के पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया की पकड़े गए आठ लोगों को अग्रेतर कारवाई के लिए मेदिनीनगर रेल



न्यायालय भेज दिया गया है। इस मेगा टिकट चेकिंग ड्राइव में वाणिज्य अधिकारी के साथ टिकट चेकिंग कर्मी व आरपीएफ कर्मी तैनात रहे। मेगा ड्राइव विशेष कर पैसेंजर ट्रेनों, इंटरसिटी ट्रेनों तथा अनारक्षित श्रेणी के कोच में विशेष चेकिंग कि गयी। बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि अभियान के दौरान टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ। उन्होंने बताया कि इस तरह के मेगा टिकट चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें यह दंडनीय है। रेलवे का सहयोग करें और सभी की सुविधा सदैव रेल टिकट लेकर चयनित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें। मौके पर टीटीई आशीष कुमार, मुख्य माल पर्यवेक्षक प्रशांत कुमार, आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा, एएसआई जेपी प्रसाद, जेपी यादव आदि मौजूद थे।

# झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा ने केंद्रीय अध्यक्ष को लिखा पत्र

**हुसैनाबाद।** झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के पलामू प्रमंडलीय सचिव सोनू पटेल ने विधायक जयराम महतो को पत्र लिख कर झारखंड राज्य के सभी जिलों में कोविड-19 के दौरान स्थापित ऑक्सीजन प्लांट टेक्नीशियन के अभाव में बंद हो जाने के संबंध में जानकारी दी है। पत्र में उन्होंने कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए थे। ये प्लांट जनता को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाए गए थे। वर्तमान में इन प्लांट्स का संचालन टेक्नीशियन के अभाव में बंद हो चुका है। उन्होंने इस संबंध में मुख्य बिंदु पर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड राज्य में ऑक्सीजन प्लांट्स के संचालन हेतु 122 प्रशिक्षित एवं कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) उत्तीर्ण अभ्यर्थी उपलब्ध हैं। 122 प्रशिक्षित अभ्यर्थियों में से कुछ को जिला स्तर पर ऑक्सीजन प्लांट के संचालन के लिए दैनिक मजदूरी दर पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया था, किंतु तीन माह बाद इन अभ्यर्थियों को कार्यमुक्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर ऑक्सीजन प्लांट्स के संचालन के लिए मॉक ड्रिल कराने का आदेश जारी करता है, जिसे इन प्रशिक्षित टेक्नीशियन के माध्यम से ही संपादित किया जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इन टेक्नीशियनों की आवश्यकता है,परंतु स्थायी नियुक्ति न देकर उनके भविष्य के साथ अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने विधायक जयराम महतो से अनुरोध किया है कि झारखंड राज्य के सभी जिलों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स के संचालन के लिए प्रशिक्षित स सीबीटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को स्थायी नियुक्ति प्रदान करने की दिशा में त्वरित व सकारात्मक कदम उठाने की जरूरत है। इससे न केवल इन अभ्यर्थियों का भविष्य सुरक्षित होगा, बल्कि राज्य के नागरिकों को चिकित्सा सुविधाएं भी सुलभ हो सकेंगी।

# हवलदार का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, शोक में डूबा इटहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के इटहे गांव निवासी एवं धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप में तैनात हवलदार नंदकिशोर सिंह का पार्थिव शव लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटहे मंगलवार के सुबह पहुंचा। शव का पैतृक गृह पहुंचते की घर में कोहराम मच गया। हवलदार नंदकिशोर सिंह के पार्थिव शरीर का अमानत नदी घाट पर दाह संस्कार कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नंदकिशोर सिंह काफी मिलनसार व्यक्ति थे। वह जब भी गांव आते सभी से उनका मिलना जुलना होता था। नंदकिशोर सिंह की पत्नी एवं बच्चे मेदिनीनगर स्थित किराए के मकान में रहते थे। वही मृतक हवलदार नंदकिशोर सिंह के दो नाबालिग बच्चे डीएवी स्कूल में कक्षा छठवीं में अंश कुमार उम्र 14 वर्ष और चौथी कक्षा में नमी कुमार उम्र 9 वर्ष पढ़ते हैं। मृतक हवलदार के माता-पिता गांव में रहकर खेती-बाड़ी करते हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 7:30 बजे सर्विस राइफल की सफाई के दौरान गोली चल जाने से वह जख्मी हो गए थे। उन्हें गंभीर स्थिति में धनबाद के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## दरवाजा से बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना के चनकार कस्तूरी गांव निवासी राकेश चौधरी ने मंगलवार को हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर घर के दरवाजा के पास से बाइक की चोरी का मामला दर्ज कराया है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी बाइक अच्छे से लॉक कर घर के दरवाजा पर लगाया था। सोमवार की रात 10 बजे तक बाइक दरवाजा पर खड़ी थी। घर के सभी लोग खाना खाने के बाद घर के अंदर सोने चले गए। सुबह जागने के बाद पता लगा कि बाइक गायब है। काफी खोज बीन करने पर भी पता नहीं चला। उन्होंने थाना प्रभारी से बाइक का पता लगाने का आग्रह किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# आग लगने से 600 धान का बोझा जलकर खाक

## डेढ़ लाख रुपये संपत्ति का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी कला पंचायत स्थित कुसुआ गांव में रविवार को खलिहान में आग लग जाने से 600 बोझा धान जलकर राख हो गया। अगलगी का कारण का पता नहीं चल पाया है।



बताया जाता है कि खलिहान में गांव के केदार सिंह का 600 बोझ धान रखा था। रविवार को करीब देर शाम में खलिहान में अचानक आग लग गई। हालांकि ग्रामीण आग पर काबू पाने को लेकर भरपूर प्रयास किया। परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका। धू-धूकर धान का बोझा जलकर खाक हो गया। पीड़ित परिवारों ने सोमवार को देवरी ओपी व अंचल कार्यालय से आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है। इधर, अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने राजस्व कर्मचारी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है।

## बीडीसी की बैठक कल

**हैदरनगर।** प्रखंड विकास समिति की बैठक हैदरनगर प्रखंड सभागार में 12 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। इस संबध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने लिखित सूचना जारी कर बताया कि समिति से संबधित सभी विभागों के अधिकारी, प्रतिनिधि के अलावे पंचायत प्रतिनिधियों को ससमय उपस्थिति व सहभागिता अनिवार्य रुप में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी पंचायत सचिव, जन सेवक को इस संबध में जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, समिति के नामित मुखिया व पंचायत समिति सदस्य, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड के शिक्षा प्रसार, आपूर्ति, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, जेएसएलपीएस और मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास सभी कनीय अभियंता, पंचायती राज, कृषि और सहकारिता प्रसार के प्रभारी प्रखंड पदाधिकारी, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता पीएचइडी और विद्युत विभाग को सूचना देना सुनिश्चित कराने की जिम्मेवारी दी गई है।

## दो माह बाद की प्रखंड समन्वयक की प्रतिनियुक्ति

**हैदरनगर।** उपायुक्त के जारी आदेश के आलोक में हैदरनगर के बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने पूर्व प्रखंड समन्वयक की प्रतिनियुक्ति की है। उन्होंने सोनल कुमार शर्मा प्रखंड उधमी समन्वयक (मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उधम विकास बोर्ड) को आवास से संबधित सभी कार्यो क निष्पादन ससमय करने के लिए अतिरिक्त प्रभार लेने का लिखित आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि हैदरनगर के पूर्व प्रखंड समन्वयक को विभिन्न शिकायतों की जांच के बाद 7 अक्टूबर को ही कार्य मुक्त कर दिया गया है। इसके बाद अबुआ योजना (पीएमएवाई - जी) जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित होने पर इस योजना के क्रियान्वयन में गति लाने को लेकर जिला प्रशासन यह कदम उठाया है। उन्होंने सोनल कुमार शर्मा को आदेश पत्र जारी कर हैदरनगर प्रखंड अन्तर्गत प्रखंड समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास) का तत्काल प्रभाव से प्रभार लेना सूनिश्चित करने को कहा है। जिससे सभी संबंधित कार्यो का ससमय निष्पादन करना सुनिश्चित हो सके। इस आदेश की प्रतिलिपि सोनल कुमार शर्मा के अलावे सभी पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सेवक, प्रमुख, उपप्रमुख, सभी मुखिया व पंचायत समिति सदस्य को भी देकर आवश्यक सहयोग देने को कहा गया है। उन्होंने इस कृत कार्रवाई की सूचना उपायुक्त, उप विकास आयुक्त पलामू व हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी को प्रेषित की है।

**कार्यक्रम** | राजहारा में पानी उपभोक्ता समूह व किसान उत्पादक कंपनी का उन्मुखीकरण समारोह का आयोजन

# सिंचाई के लिए सोलर लिफ्ट इरीगेशन सिस्टम लगाया जा रहा है : जवाहर

**नवीन मेल, संवाददाता**

**नावाबाजार।** नवगठित पानी उपभोक्ता समूह व किसान उत्पादक कंपनी से संबंधित किसानों का उन्मुखीकरण को लेकर मंगलवार को नावाबाजार प्रखंड के राजहारा ग्राम में समारोह का आयोजन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास सहयोग केंद्र के अध्यक्ष जवाहर मेहता व कार्यक्रम का संचालन श्वेता कुमारी ने किया। मौके पर जवाहर मेहता ने कहा कि सेन्ट्रल कोल्ड फील्ड लिमिटेड राजहारा को माइनिंग के क्षेत्र वाले गांव राजहारा, चेचन्हा व चनेया गांव के लोगों को जीवन स्तर को समझने के लिए अशोका विश्वविद्यालय द्वारा एक अनुसांधान किया जा रहा है। उसी अनुसंधान के तहत यहां के किसानों के सिंचाई सुविधा के लिए पानी उपभोक्ता समूह बनाकर सोलर लिफ्ट इरीगेशन सिस्टम लगाया जा रहा है। साथ ही किसानों के उत्पादन का सही लाभ दिलाने व सस्ते खाद



बीज उपलब्ध कराने के लिए किसान उत्पादक कंपनी बनाया गया है। बेहतर संचालन व्यवस्था बनाने के लिए किसानों के बीच समारोह आयोजन कर विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को संबोधित करते हुए अशोका सेंटर फॉर ए पीपुल सेंट्रिक एनर्जी ट्रांसमिशन के डायरेक्टर वैभव ने कहा कि संस्था अनुसंधान कर लोगों के समस्या का समझती है व उस पर संभावित कार्यक्रम के माध्यम से दूर करने का प्रयास करती है। राजहारा कोल माइंस इलाके के लोगों के लिए सोलर सिंचाई योजना शुरू कर रहे हैं। अनिमेष ने कहा कि हम अपने अनुसंधान के साथ दो काम शुरू कर रहे हैं। पहला पानी उपभोक्ता समूह व दूसरा किसान उत्पादक कंपनी। इन दोनों में किसान की भूमिका महत्वपूर्ण है। नेशनल कोलिसन फॉर नेचुरल फार्मिंग नेटवर्क रांची से आए कुलदीप बडाईक ने किसानों को नेचुरल खेती के संबंध में जानकारी दी। रासायनिक खाद व दवा के स्थान पर जैविक खाद्य दवा का प्रयोग करने को कहा गया। एक गांव संस्थान नई दिल्ली से आए विजय प्रताप सिंह, आदित्या ने किसान उत्पादक कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राजहारा पंचायत के मुखिया चंदन कुमार ने राजहारा गांव में सोलर सिंचाई योजना शुरू किए जाने पर अशोका यूनिवर्सिटी को धन्यवाद देते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में जेएसएलपी से आए मनीष कुमार ने किसानों को उपभोक्ता समूह के किसानों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अशोका विश्वविद्यालय एक गांव संस्था व विकास सहयोग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। मौके पर सुखमणि देवी, राबिया खातून, धनंजय कुमार ,पंचम प्रजापति, विजय सिंह, उषा देवी, गणेश प्रजापति, नीरा देवी, शंकर राम, यमुना प्रजापति, सरस्वती देवी सहित सैकड़ो से अधिक किसान ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पलामू जिले के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू में शिक्षा मंत्रालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम छात्रों को समाज और पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए नवोन्मेषी स्टार्टअप विचार प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। छात्रों को पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर समाज में परिवर्तन लाने के लिए नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, बीएसएनएल डाल्टनगंज के एजीएम मार्केटिंग सुनील कुमार मैती ने उद्यमशील सोच के महत्व




पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मुरली मनोहर ने छात्रों को आधुनिक शिक्षा में उद्यमशीलता की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रेरित किया। मौके पर जूरी सदस्यों का पैनल में डॉ. योगेश कुमार प्रजापति, डॉ. विनीता शेखर, डॉ. सुमित कुमार, श्री निपेन कुमार दास, डॉ. आलोक मानस दुबे और डॉ. अभिषेक शर्मा शामिल थे। उन्होंने छात्रों के प्रस्तुत विचारों का मूल्यांकन किया और उपयोगी सुझाव दिए। आयोजन को सफलता पूर्वक संचालित करने में संदीपेश कुमार, सौरव भारती, मोहम्मद फैजान अली, बिलाल अंसारी, रिया कुमारी, प्रथम कुमार, और मंजीत की उत्साही टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# लंच के बाद शिक्षक गायब, सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था बदहाल




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एक ओर सरकार स्कूली शिक्षा को सुधारने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों की उदासीनता के कारण सरकारी विद्यालयों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। छात्रों की घटती संख्या और अव्यवस्थित स्कूल प्रबंधन सरकारी प्रयासों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### न्यू प्राथमिक विद्यालय, चटनियां में लंच के बाद नहीं रहते शिक्षक

पोखराहा के चटनियां में स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई की स्थिति बेहद खराब है। विद्यालय में केवल दो कक्षाएं संचालित होती हैं और एकमात्र शिक्षक ही बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त हैं। परंतु, स्थानीय बच्चों ने बताया कि शिक्षक अक्सर लंच के बाद स्कूल से गायब हो जाते हैं और दोबारा लौटते ही नहीं।

छात्रों ने बताया कि शिक्षक लंच से पहले स्कूल छोड़कर चले जाते हैं और कहते हैं, ₹लंच के बाद पढ़ाई करना, मैं आ रहा हूं।₹ लेकिन, वे फिर वापस नहीं आते। इस दौरान बच्चे इधर-उधर घूमते रहते हैं और उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूल में कोई मैदान नहीं है और बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।

जब 2:35 बजे प्रधानाध्यापक राजमुनी यादव से सवाल किया गया कि वे इस दौरान कहां थे, तो उन्होंने जवाब दिया कि वे छात्रों के घर जाकर, अभिभावकों को आधार कार्ड से संबंधित जानकारी देने गए थे। यह बयान उनकी प्राथमिकताओं को दशार्ता है, जहां कक्षा छोड़कर अन्य कार्यों को महत्व दिया जा रहा है।

इधर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पोखराहा खुर्द की स्थिति भी चिंताजनक है। विद्यालय का समय 3 बजे तक है लेकिन 2:45 बजे ही छुट्टी घोषित कर दिया जाता है। जब इस पर प्रधानाध्यापिका मोनिका कुमारी से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 'मुख्य दरवाजा खुला था, इसलिए छात्र चले गए।' बहरहाल सरकार के प्रयास तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक शिक्षकों की जवाबदेही तय न की जाए। नियमित निरीक्षण, सख्त अनुशासन, और शिक्षकों का छात्रों के प्रति समर्पण ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार ला सकता है। वरना, सरकारी विद्यालयों की इस बदहाल स्थिति में बदलाव की उम्मीद करना मुश्किल है।

### पलामू : सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या में भारी गिरावट, 55,609 बच्चे हुए कम

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सरकारी स्कूलों में नामांकित बच्चों की संख्या में लगातार कमी चिंता का विषय बनी हुई है। झारखंड राज्य परियोजना द्वारा स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों के बावजूद, 2023-24 सत्र के 4,80,466 छात्रों की तुलना में 2024-25 सत्र में छात्र संख्या घटकर 4,24,857 रह गई है। इससे स्पष्ट है कि पिछले एक वर्ष में 55,609 छात्र सरकारी स्कूलों से बाहर हो गए हैं। यह आंकड़ा सरकार के स्कूली शिक्षा के दावों पर सवाल उठाता है। जिले में कुल 2564 सरकारी विद्यालय हैं। छात्र संख्या में कमी के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें शिक्षकों का उदासीन रवैया, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव और शिक्षा की गुणवत्ता में कमी शामिल हो सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक से लेकर प्रखंड स्तर के अधिकारियों तक विद्यालयों का निरीक्षण करने में उदासीनता दिखाई दे रही है। नियमित निरीक्षण और शिक्षकों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने से ही इस समस्या का समाधान हो सकता है। सरकार को इस गंभीर स्थिति पर ध्यान देना होगा और छात्रों को स्कूलों से जोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे। अन्यथा, शिक्षा का अधिकार अधूरा ही रहेगा।

# भगवान भक्त के प्रेम से आसक्त होकर करते हैं कृपा : स्तुति दीदी




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राधा-कृष्ण मंदिर ठाकुरबाड़ी, रेड़मा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया। मंगलवार को वृंदावन से पधारी स्तुति दीदी जी ने अपनी सुमधुर वाणी और भक्ति संगीत से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कथा के दौरान स्तुति दीदी ने राजा परीक्षित और कलयुग के बीच हुए संवाद का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि मदिरालय, वेश्यालय और स्वर्ण में कलयुग का वास होता है। जो व्यक्ति इन स्थानों पर जाते हैं, उनके भीतर कलयुग अपना स्थान बना लेता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में भवसागर से मुक्ति का सबसे बड़ा साधन केवल भगवत भक्ति है।

स्तुति दीदी ने भगवान के भक्तों के प्रति प्रेम और कृपा के कई प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भगवान को साधारण चीजें विशेष लगती हैं। वे भक्ति से प्रसन्न होते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण के विदुर के घर साग ग्रहण करने और रामावतार में शबरी के झूठे बेर चखने की कथाएं सुनाईं। दीदी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम से आसक्त होकर उनकी हर इच्छा पूरी करते हैं।

### 8 दिसंबर से चल रहा है कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ

इस भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 8 दिसंबर से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। कथा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार को कथा में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विजय तिवारी, जेएमएम नेता सुनील तिवारी, अजय तिवारी अकेला सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्रार से समझौता के बाद नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में कर्मचारियों का हड़ताल समाप्त



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कर्मचारी 28 नवंबर से जारी अपनी हड़ताल को रजिस्ट्रार से सात सूत्रीय समझौते के बाद समाप्त कर दिया है। इस समझौते में कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनी है, जिसके बाद विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों की बहाली हो सकेगी।

कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल के दौरान सात प्रमुख मांगें रखी थीं, जिनमें एसीपी/एमएसीपी, सातवां वेतनमान, लेखापाल/प्रधान सहायक वेतनमान, अनुबंध कर्मियों की स्थायी नौकरी और चतुर्थ से तृतीय वर्ग की प्रोन्नति शामिल थी। समझौते के तहत उच्च शिक्षा विभाग से एसीपी/एमएसीपी के बारे में स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त करने के लिए एक सप्ताह के भीतर पत्राचार किया जाएगा। वहीं सातवां वेतनमान लागू कराने के लिए महाविद्यालय 15 दिनों के भीतर विश्वविद्यालय को प्रतिवेदन देंगे, जिसे उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजा जाएगा। लेखापाल और प्रधान सहायक के वेतनमान में वृद्धि के प्रस्ताव को भी एक महीने में पूरा किया जाएगा, जबकि अनुबंध कर्मियों को स्थायी कर्मचारियों के अधीन कार्य करने के लिए एक सप्ताह में अधिसूचना दी जाएगी। चतुर्थ वर्ग से तृतीय वर्ग की प्रोन्नति की प्रक्रिया भी अगले महीने तक पूरी कर ली जाएगी।

कर्मचारी संगठन ने समझौते को लेकर संतोष व्यक्त किया है और विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। इस समझौते से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्य फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सकेंगे।

### प्रस्तावित स्थलों का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

# इनडोर स्टेडियम और मल्टी पर्पस हॉल के निर्माण को लेकर प्रशासन सक्रिय




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहरवासियों को जल्द ही इनडोर स्टेडियम और मल्टी पर्पस हॉल की सौगात मिलने जा रही है। उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर इस परियोजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मंगलवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। इससे पहले, उपायुक्त रंजन ने भी इन स्थलों का दौरा किया था। वार्ड 23 के अंतर्गत डॉ. आर.पी. सिन्हा के क्लिनिक के सामने 1.5 एकड़ जमीन पर इनडोर स्टेडियम निर्माण का डीपीआर तैयार हो चुका है। इस जमीन से अतिक्रमण हटाने और जर्जर भवनों को तोड़ने का काम शुरू हो चुका है।

**इनडोर स्टेडियम : आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा हेल्थ क्लब :** वार्ड 23 में बनने वाले इनडोर स्टेडियम में स्विमिंग पूल, चेस, लॉन टेनिस, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, और योगा सेंटर जैसी सुविधाएं होंगी। मनोरंजन के लिए म्यूजिक सिस्टम और लॉन की भी व्यवस्था की जाएगी। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

**मल्टी पर्पस हॉल : आयोजनों के लिए बहुउद्देश्यीय सुविधा :** टाउन हॉल में एक मल्टी पर्पस हॉल बनाने की योजना पर भी काम हो रहा है। इस हॉल में मैरेज हॉल, ओपन फूड कोर्ट, और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। उपायुक्त ने नगर आयुक्त को डीपीआर तैयार कर प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश दिया है।

### शहर के जर्जर भवनों का सर्वेक्षण


उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को उप विकास आयुक्त और नगर आयुक्त ने शहर के अनुपयोगी व जर्जर भवनों का निरीक्षण किया। इसमें समाहरणालय परिसर के कई पुराने भवन, कर्मचारी क्वार्टर, और सरकारी जमीन शामिल हैं। इन भवनों की सूची तैयार कर उपायुक्त को सौंपी जाएगी, जिसके बाद इनके संबंध में निर्णय लिया जाएगा। निरीक्षण टीम में सदर अंचलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी शामिल थे।

### 'प्रेमसन मोटर्स' ने डालटनगंज में नया नेक्सा शोरूम खोलाः प्रीमियम कार अनुभव की शुरूआत




**मेदिनीनगर।** 'प्रेमसन मोटर्स' ने अपना नया नेक्सा शोरूम रांची रोड, हवाई अड्डे मोटर्स, टू वैल्यू के पास खोला है, और यहाँ मारुति सुजुकी की प्रीमियम कारों की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी, जिसमें नवीनतम मॉडल्स जैसे इग्निस, बलेनो और सियाज शामिल हैं। इस शोरूम में आधुनिक सुविधाएँ, टेस्ट ड्राइव, व्यक्तिगत ग्राहक सेवा और विशेष फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध हैं। शोरूम के उद्घाटन समारोह में सुरेश जैन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंकज जैन (सीईओ), अमर गुप्ता (सेल्स मैनेजर), नवीन चौबे (सेल्स मैनेजर नेक्सा), रोहित सिंह, जितेंद्र तिवारी, अरुण कुमार, साक्षी तिवारी, रंजीत गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# निगम का फुटपाथ पर रात बिताने वालों को आश्रय देने की है योजना




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम ने कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान करने के लिए फुटपाथ पर रात बिताने वाले बेघर और निराश्रित व्यक्तियों के लिए आश्रय की व्यवस्था शुरू की है। निगम की टीम समय-समय पर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों से बेघर व्यक्तियों को रेस्क्यू कर नगर निगम के आश्रय गृह में पहुंचाएगी, जहां उन्हें शरण मिलेगी। वर्तमान में नगर निगम द्वारा दो आश्रय गृह संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। आश्रय गृह में दिव्यांगों के लिए भू-तल पर, महिलाओं के लिए पहली मंजिल पर और पुरुषों के लिए दूसरी मंजिल पर बेड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, ठंड से बचाव के लिए बिछावन, चादर, तकिया, कंबल, मच्छरदानी और रूम हीटर की व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने इन सुविधाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराते हुए यह सुनिश्चित किया है कि यहां बिजली, पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध रहें। यह कदम सर्दी के मौसम में सड़कों पर रात बिताने वाले निराश्रितों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रहा है। सिटी मिशन मैनेजर अभिषेक कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा निराश्रितों को रेस्क्यू कर रात बिताने के लिए सुरक्षित आश्रय दिया जाएगा, जिससे वे सर्दी और कठिनाइयों से बच सकेंगे।

# घने कोहरे और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें, विजिबिलिटी कम



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मंगलवार की सुबह मेदिनीनगर में मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। सोमवार रात से ही शहर घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया, जिससे तापमान में गिरावट हुई। अन्य दिनों की तुलना में सोमवार से ही ठंड का असर अधिक महसूस किया गया। इस सीजन में पहली बार इतना घना कोहरा देखने को मिला। रात से लेकर सुबह तक विजिबिलिटी बेहद कम रही, जिससे लोगों, खासकर वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरे और ठंड के कारण एनएच-75 और अन्य सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कोहरा छाने से यातायात प्रभावित हुआ। ठंड के बढ़ते प्रकोप के बीच आने वाले दिनों में तापमान और गिरने की संभावना है। हालांकि दिनभर हल्की धूप देखने को मिली, लेकिन बादल छाए रहने के कारण तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आई। इसके बावजूद सर्दी ने लोगों को दिनभर ठिठुरने पर मजबूर किया।

**तापमान में गिरावट जारी :** मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान 12.6°C दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह के दौरान न्यूनतम तापमान स्थिर बना हुआ है, लेकिन अधिकतम तापमान में लगभग 5°C की गिरावट दर्ज की गई है। जहां पिछले बुधवार को अधिकतम तापमान 31°C था, वह अब घटकर 25°C के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, ठंड और कोहरे का यह असर अगले कुछ दिनों तक बना रह सकता है। तापमान में लगातार गिरावट और घने कोहरे से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

# मानवाधिकार परिषद : मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए तत्पर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पलामू में मानवाधिकार परिषद ने जिला कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के उपरांत परिषद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें जिले में मानवाधिकारों की स्थिति और परिषद के प्रयासों पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष संध्या देवी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस पर परिषद सभी पीड़ित और शोषित व्यक्तियों की मदद के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प दोहराती है। उन्होंने बालिका सुधार गृह में बच्चियों के साथ हुए अन्याय का जिक्र करते हुए कहा कि रक्षक ही भक्षक बन गए थे, और मानवाधिकार परिषद ने इस घटना को उजागर कर न्याय दिलाने की दिशा में पहल की। परिषद के सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि मानवाधिकार परिषद लंबे समय से मानव-मानव एक समान' का नारा देते हुए समाज में समानता और मानवता की रक्षा के लिए कार्यरत है। बालिका सुधार गृह में 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों के साथ हुए जघन्य अपराध की निष्पक्ष जांच के लिए हम सीबीआई या हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज एवं मजिस्ट्रेट द्वारा जांच कराने की मांग करते हैं, ताकि सच्चाई सामने आ सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान परशुराम युवा वाहिनी के देवेंद्र तिवारी को मानवाधिकार का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समाज सेवा के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बलिराम शर्मा (चेयरपर्सन), महेंद्र नाथ शर्मा, चंचला चंद्रवंशी (महासचिव), किरण कुमारी (सचिव), अस्तुरा देवी (सक्रिय सदस्य), डॉ. सीमा संजीव कुजूर, अंकित कश्यप समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। मानवाधिकार परिषद ने इस अवसर पर मानवीय मूल्यों की रक्षा और हर पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का वादा किया। कार्यक्रम में परिषद ने समाज के हर वर्ग से अपील की कि वे मानवाधिकारों के प्रति जागरूक रहें और दूसरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएं।

### वार्ड नंबर 6 : समस्याएं पुरानी, समाधान नहीं

# क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी, नागरिकों ने उठाया मुद्दा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के वार्ड संख्या छह में बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी देखने को मिल रही है। इस वार्ड में कचरवा डैम जैसे बड़े जल स्रोत होने के बावजूद, यहां के निवासियों को पेयजल की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ती है। वार्ड का क्षेत्रफल उत्तर में गुरसुती नदी कालीकरण पथ से पोस्ट ऑफिस रोड तक और पीपल वृक्ष तक, दक्षिण में बारालोटा पीसीसी पथ से पेट्रोल पंप के पूर्वी हिस्से तक, पूर्व में कचरवा पीसीसी पथ से डैम तक और पश्चिम में पीपल पेड़ से बारालोटा नहर तक फैला हुआ है। हालांकि, कचरवा डैम इस वार्ड का प्रमुख आकर्षण है और इसके अंतर्गत ही शहर का प्रतिष्ठित गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय भी स्थित है, फिर भी इस क्षेत्र में पेयजल, नाली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इस वार्ड में कच्ची और पक्की सड़कों का मिश्रण है। वार्ड के निवासी मुख्य रूप से बाहरी स्थानों से आए हैं, जिससे यहां की सामाजिक संरचना में विविधता दिखाई देती है। वार्ड वासियों का कहना है कि नगर निगम द्वारा नाली और पेयजल व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। कई जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, लेकिन कई लोग अब भी इस योजना की अंतिम किस्त का इंतजार कर रहे हैं। नगर निगम के सफाई कर्मी केवल इक्का-दुक्का अवसरों पर ही सफाई करते हुए दिखाई देते हैं। वार्ड के लोग अब अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि उनकी बुनियादी आवश्यकताएं पूरी हो सकें।




*पूर्व मुखिया और निवर्तमान वार्ड पार्षद मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके मुताबिक, '13 किलोमीटर कालीकरण पथ का निर्माण कराया गया और लगभग 600 आवास स्वीकृत कराए गए, जिनका लाभ लोगों को मिला। हालांकि कुछ कार्य अधूरे रह गए हैं, जिन्हें अगली बार मौका मिलने पर पूरा करूंगा।'*

### वार्ड नंबर 6 के जनता की राय







वार्ड में रहने वाले संजय राम ने बताया कि वार्ड में नाली का अभाव है, जिससे घरों और सड़कों के आसपास जल निकासी की समस्या उत्पन्न होती है। वहीं, वार्ड के बुजुर्ग नागरिक राजकुमार सिंह ने कहा कि वह 35 सालों से यहां रहते हैं, लेकिन उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। वार्ड वासी प्रकाश सिंह राजपूत के अनुसार, वार्ड में कई स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है, जिसका समाधान बेहद जरूरी है। साथ ही, सड़क और नाली की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है।

# बीज भंडार का सड़क पर अतिक्रमण से जाम की समस्या, यातायात पुलिस मौन



### निगम क्षेत्र में अतिक्रमण बढ़ा, छह मुहान से रेड़मा चौक तक यातायात प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में छह मुहान से रेड़मा चौक तक का प्रमुख मार्ग अब अतिक्रमण और जाम के कारण यातायात के लिए सिरदर्द बन गया है। मंगलवार को भी पूरे दिन सड़क पर रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनी रही, जो मुख्य रूप से असंयमित पार्किंग, अतिक्रमण के कारण और भी विकट हो गई। विशेष रूप से बीज भंडार के पास सड़क पर सामान रखे जाने से जाम की स्थिति और बिगड़ जाती है। कतिपय बीज भंडार के संचालक सड़क के किनारे खुलेआम अपने सामान बाहर रख देते हैं, जिससे दोनों ओर से वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। वहीं, ऑटो और ई-रिक्शा चालक बिना किसी रोक-टोक के बीज भंडार के सामने सवारी बैठाने में व्यस्त रहते हैं, जिससे सड़क पर अराजकता बढ़ जाती है। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे उनका मनोबल और बढ़ गया है। निगम द्वारा छह मुहान से कचहरी चौक तक डिवाइडर लगाए जाने के बाद से सड़क और संकीर्ण हो गई है, जिससे पहले से ही यातायात में असुविधा हो रही थी। अब सड़क पर ठेले, फल की दुकानें और अन्य सामान भी अतिक्रमण की समस्या को और बढ़ा रहे हैं। इसके चलते आम आदमी का आवागमन काफी मुश्किल हो गया है। इन हालात को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को इस दिशा में तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो जाम और अतिक्रमण की समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

## एक नजर

### विधायक ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग दिया

**धुरकी।** विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई धुरकी के नेता और कार्यकर्ताओ ने मृतक युवक के घर मंगलवार को पहुंचकर आर्थिक सहायता दिया है। धुरकी थाना क्षेत्र के भंडार पंचायत अंतर्गत कदवा उर्फ लिखनीधौरा गांव निवासी स्व तेजू कोरवा का 22 वर्षीय बेटा सुरंजन कोरवा की मौत रविवार को चिनियां में मोटरसाइकिल दुर्घटना में हो गई थी। सूचना क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव को मिलने पर झामुमो प्रखंड इकाई के कार्यकर्ताओं व नेताओं के द्वारा मृतक के घर आर्थिक सहयोग पहुंचाकर इस दुख की घड़ी मे मदद की है। मौके पर बीडीसी कृष्ण सिंह, नंदकिशोर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### छत से गिरकर बच्चा घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कैलान गांव में बीती रात्रि घर के छत से गिरने से अनिल कोरवा का डेढ़ वर्षीय बच्चा घायल हो गया। उसे परिजनों द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से गढ़वा भेजा दिया गया। घटना के बारे में अनिल कोरवा ने बताया कि शाम को अपने घर के छत पर बच्चा अपने मां के साथ खेल रहा था। इस बीच मां की नजर हटते ही बच्चा छत के नीचे गिर गया, जिसके कारण सिर में गंभीर चोट लगी है।

# पुलिस ने मारपीट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

## मामला चिनियां प्रखंड सहायक अभियंता से मारपीट का



नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने व मारपीट करने व दबाव देकर कार्य कराने के दो प्राथमिक अभियुक्त अभिमन्यु गुप्ता पिता हरि साह, धनवंत विश्वकर्मा पिता बसंत विश्वकर्मा को पुलिस ने डोल गांव से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि चिनियां प्रखंड सहायक अभियंता लालदीप सिंह ने 7 दिसंबर को चिनियां थाना में आवेदन देकर डोल गांव के पांच लोगों के पर प्राथमिक दर्ज कराई थी। उनमें अभिमन्यु गुप्ता, अरुण सिंह, धनवंत विश्वकर्मा,सत्यम गुप्ता, रामसेवक गुप्ता का नाम शामिल था। आवेदन में यह उल्लेख किया गया था कि 3 दिसंबर को अपने कार्यालय के कक्ष में कार्य कर रहे थे।इस दौरान तभी सभी उनके कक्ष में घूस कर अंदर से बंद कर कर गाली गलौज व अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देने लगे। अरुण सिंह ने गाली देते हुए सिर पर मुक्का भी चलाया, लेकिन वह अपना बीच-बीच बचाव करते हुए किसी तरह से बाहर निकले। उसके बाद सभी लोग उन्हें खींचते हुए पकड़ कर बैठा दिया। उसके बाद रंगबाजी दिखाते हुए दुर्व्यवहार कर सरकारी कार्यो में बाधाा डाला। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि आने वाले सभी कार्य मेरे एक फोन पर होना चाहिए। अगर काम नहीं हुआ तो अंजाम बुरा होगा। इसे लेकर सहायक अभियंता ने उक्त पांचो के उपर चिनियां थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## तीन बच्चों की मां ने कुआं में कूदकर की आत्महत्या



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** थाना क्षेत्र के केतार गांव के चतुभुर्जी मंदिर के समीप पिंटू प्रसाद की पत्नी पूजा देवी (26) ने मंगलवार की शाम घर के समीप कुआं में कुदकर आत्महत्या कर ली। मृतका पूजा देवी के पति पिंटू प्रसाद ने बताया कि दिनभर मजदूरी कर शाम को घर लौटा था। पत्नी से मामूली विवाद हुआ। इसके बाद पत्नी पूजा देवी ने गुस्से में आकर घर के समीप कुआं में कुद गयी। उक्त घटना के बाद परिजनों द्वारा शोरगुल मचाने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गये। ग्रामीणों ने सिढ़ी में रस्सी बांध कर पानी भरे कुआं से महिला के शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं अंचल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। मृतका के तीन छोटे-छोटे बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। पति पिंटू प्रसाद भी इस तरह अचानक हुई मौत से अवाक है। मौके पर झामुमो नेता कामेश्वर सिंह, श्याम बिहारी सिंह, उमेश दुबे, उप मुखिया विनोद पाल, जयशंकर प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### सड़क दुघर्टना में एक की मौत

**केतार।** थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव निवासी भोला पासवान का पुत्र त्रिनेत्र कुमार (14)की मौत सड़क दुघर्टना में हो गयी। जानकारी के अनुसार त्रिनेत्र कुमार अपनी मां रानी देवी के साथ अपने नाना के घर गढ़वा के नावाडीह गांव जा रहा था। इस क्रम में हरैया मोड़ के पास टेंपू अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में त्रिनेत्र की मौत हो गई। रानी देवी को भी गंभीर चोट लगी है। घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया है।

## नोडल पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर राम सुंदर सिंह ने मंगलवार को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित चिकित्सा एवं कर्मचारियों का हाजिरी काटा गया। उपस्थित चिकित्सक एवं कर्मी को ड्रेस कोड में रहने का निर्देश दिया गया। साफ-सफाई व मरीज से अनुकूल व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रमों का भी निरीक्षण किया गया। डॉक्टर राम सुंदर सिंह द्वारा बताया गया कि कम संसाधन में बेहतर कार्य किया जा रहा है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार, जिला समन्वयक रोहित सिंह, कोऑर्डिनेटर नुरुल अंसारी, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक,अभिनीत विश्वास सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**भवनाथपुर।** टॉउनशिप मुख्य मार्ग के देवी धाम के समीप एक ऑटो और बाइक के टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल। दोनों घायलों को राहगीरों द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। घायलों में दिवाकर उरांव पिता बैजनाथ उरांव,रवि उरांव पिता पलटन यादव दोनों धनीमंडरा के अधेलिया टोला निवासी है। इस घटना में दिवाकर उरांव का एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि उक्त दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर टॉउनशिप जा रहे थे और भवनाथपुर से ही एक मकरी बरवारी टोला का ऑटो में लकड़ी लेकर टॉउनशिप की ओर जा रहा था।

### आवास योजना में रिश्वत लेने की शिकायत




**केतार।** प्रखंड के परती कूशवानी पंचायत के आमवाडीह गांव निवासी रविंद्र प्रजापति ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर प्रभारी आवास कोऑर्डिनेटर पर 15 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। बीडीओ को दिये आवेदन में लाभुक ने उल्लेख किया है कि ब्लॉक आवास कोऑर्डिनेटर अनुप कुमार अबुआ आवास का लाभ देने के एवज में 15 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है। आवास कोऑर्डिनेटर द्वारा कहा जाता है कि पैसा नहीं देने पर आवास नहीं मिलेगा, इसमें मुझे बीडीओ और उपायुक्त को कमिशन देना पड़ता है। मेरा अबुआ आवास क्रम संख्या 9 पर है। विधानसभा चुनाव से पूर्व प्रखंड कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर्मियों के द्वारा जीओ टैग भी किया जा चुका है, लेकिन अब तक पहली किश्त की राशि खाते में नहीं डाला गया है। इस संबंध में बीडीओ से उनका पक्ष लेने के लिए बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

## विद्यालयों में स्वास्थ्य और नैतिक शिक्षा पर सत्र आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मंगलवार को विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के तहत कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों के लिए मूल्य एवं जिम्मेदार नागरिक विषय पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के संदर्भ में जिला साधन सेवी अरविंद कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत हर मंगलवार को इन सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी जाती है ।उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक अरोग्य दूत की भूमिका निभाते हुए इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं। शिक्षक बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी आदतों, व्यक्तिगत स्वच्छता और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों के महत्व को समझाने का कार्य कर रहे हैं ।यह कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होने के साथ-साथ उनके जीवन में नैतिक मूल्यों और समाज सेवा के प्रति रुचि बढ़ाने का कार्य कर रहा है। इसके माध्यम से उन्हें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी इसे सफल बना रही है ।खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों में इस तरह की पहल सराहनीय है और इसे लगातार जारी रखने की योजना है ताकि अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान का लाभ मिल सके।

## जर्जर भवन और टूटे फर्श में नौनिहालों की प्रारंभिक जीवन



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के पासी टोला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का हाल बेहाल है। आंगनवाड़ी केंद्र का मुख्य उदेश्य गरीब मजदूर और माध्यम वर्ग के ग्रामीणों को स्वास्थ्य, पोषाहार और पोषण और बेहतर स्वास्थ्य जानकारी देना हैं, जिससे बच्चे, किशोरी, धात्री, गर्भवती और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा और पोषण से भरपूर आहार ले सके और कोई भी कुपोषित न रहे। इस केंद्र का भवन ही जर्जर है, जिसका फर्श और छत दोनों की हालत खराब हैं। भवन और बरामदा का फर्श उखड़ गया हैं। भवन में जहरीले जीव जंतुओ और कीड़े मकोड़े का पनाहगार बन गया हैं। इसमें छोटे-छोटे नवनिहालो को प्रारंभिक शिक्षा दिया जाता हैं। भवन की छत और फर्श की ऐसी स्थिति हैं की कभी भी कोई हादसा हो सकता हैं। इस संबंध में आंगनवाड़ी सेविका उषा ने बताया कि भवन की स्थिति ऐसी हैं कि बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता हैं। अगल बगल के लोग छत पर गोबर का चिपरी पाथते हैं। भवन के बगल में कूड़ा कचरा भी फेंकते हैं। साथ ही मुख्य द्वार पर ही गाय बैल बांध देते हैं। मना करने पर झगड़ा करने लगते है। मुखिया को भी इस संबंध में जानकारी दिया गया है।आँगनवाड़ी के लिए आवश्यक है साफ-सफाई भवन, शौचालय, साफ पानी,खेल का मैदान,बच्चों के खेलने की सामग्री रहती है, लेकिन इस केंद्र में उक्त कोई भी व्यवस्था नहीं।

### जेंडर आधारित अभियान पर शपथ दिलायी गयी

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस जेंडर कैंपेन के अंतर्गत नई चेतना 3.0 एक साथ, एक आवाज, हिंसा के खिलाफ ,जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को थाना परिसर में जेंडर शपथ कराया गया। मौके पर ये हमारी बारी हैं अब पूरी तैयारी हैं, हमने ये ठाना हैं, हिंसा को मिटाना हैं,महिला अबला नही सबला हैं,जीवन कैसे जीना हैं उसका फैसला है, लड़का-लड़की एक सम्मान, दोनों को दो पूरा सम्मान सहित अन्य नारे लगाये गये। एसआरपी वाजदा खातून,सभी जेंडर सीआरपी दीदी द्वारा महिलाओं और पुरुषों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर बीपीएम अविनाश शुक्ला,एसआई संजय पासवान, अनुज सिंह,राणा सिंह,डी ई ओ नीरज मिश्र,सीसी भारत कुमार,सत्येंद्र कुमार,पुष्पा कुमारी,आईपी आरपी प्रमोद कुमार, जेंडर सीआरपी अस्तरून निशा, सुनीता देवी,ममता कुमारी,कमला कुमारी, सुलेखा देवी, पूनम देवी, मायावती देवी, रूबी रवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार हर मोर्चा पर फेलः दिलीप गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** भाकपा माले के तत्वावधान में मंगलवार को केन्द्र में भाजपा सरकार की दोहरी नीतियों व आदिवासियों पर हो रहे हमलें के खिलाफ प्रखंड कार्यालय परिसर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाकपा माले के एरिया सचिव दिलीप गुप्ता ने कहा कि केंद्र की सरकार हर मोर्चा पर फेल है। केन्द्र की भाजपा सरकार दो करोड़ लोगों को नौकरी देने की बात कही थी, लेकिन अब तक नौकरी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को लागत से दोगुना आय देने, एमएसपी का लाभ देने, जनधन खाते में 15 लाख रुपए देने की बात बस जुमला साबित हुआ है। आदिवासियों पर हमला और संविधान में छेड़छाड़ जारी है। सीएनटी एक्ट, जमीन भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से लूटा जा रहा है। खोनहर गांव के निर्दोष ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और माले कार्यकर्ताओं के उपर लगायें गये झूठे मुकदमा की जांच कर इसे वापस लिया जायें। आदिवासी महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले अपराधियों को छोड़ने वाले पुलिस प्रशासन पर कारवाई करने, खोनहर गांव के आदिवासी परिवार को मारपीट कर घायल करने वाले लोगों को अविलंब गिरफ्तार करने सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रही है। कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर माले नेता कामेश्वर विश्वकर्मा,प्रखंड सचिव त्रिभुवन सिंह, रामचंद्र सिंह, लालमुनि देवी, लाखपति देवी, कामेश्वर सिंह,गिरीधारी सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**पहल**

## बीआरसी में विभागीय कार्यो की समीक्षा

# शिक्षण कार्य नियमित रूप से संचालित करें : बीपीएम



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** बीआरसी सभागार में मंगलवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) प्रतिभा कुमारी के निर्देश पर बीपीएम नवीन प्रकाश ने खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, बीआरपी और सीआरपी के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में बच्चों के अपार आईडी पर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बीपीएम ने बताया कि यह 12 अंकों का यूनिक नंबर आधार की तरह महत्वपूर्ण है और नामांकन समेत अन्य शैक्षिक कार्यों में जरूरी है। सरकार का उद्देश्य सभी बच्चों का शत-प्रतिशत आपार आईडी जनरेट करना है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मेगा आपार कैंप आयोजित किया गया है उसके तहत शतप्रतिशत बच्चों का आपार आईडी जनरेट करने के निर्देश दिए गए।

### प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट पर चर्चा

बैठक में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत कई गतिविधियों को प्राथमिकता दी गई, जिनमें चार हाउस का गठन, बाल संसद का निर्माण, प्रार्थना सभा में आदर्श गतिविधियाँ, योग और व्यायाम की शुरूआत, और टॉपर बच्चों को सम्मानित करना शामिल है। बच्चों की स्वच्छता, पोशाक जांच, विद्यालय की साफ-सफाई, महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित करने जैसे कार्यों पर भी जोर दिया गया।

### ड्रॉप आउट बच्चियों की शिक्षा पर जोर

पंचायत वार सर्वेक्षण कर आठवीं के बाद ड्रॉपआउट हुई बच्चियों का विवरण तैयार करने का निर्देश दिया गया। इन बच्चियों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने और उन्हें छात्रवृत्ति व योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही गई। बीपीएम ने त्रैमासिक माता-पिता-शिक्षक बैठक सुनिश्चित करने, एमडीएम की दैनिक रिपोर्टिंग के साथ एमडीएम गुणवत्तापूर्ण हो,और ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने,विद्यालय में पौधरोपण की स्थिति, वगार्वार नामांकन स्थिति, विद्यालय विकास अनुदान, विद्यालय किट क्रय की स्थिति, पीटीएम, इको क्लब,खेलो झारखंड सहित अन्य कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय नियत समय पर खुले और शिक्षण कार्य नियमित रूप से संचालित हो ।बैठक का उद्देश्य शैक्षिक कार्यों में गुणवत्ता सुधार और विभागीय निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रधानध्यापक अमरेश राम, गोविंद उराँव, अनिल कुमार तिवारी, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र दास, अरविंद साह, राजीव कुमार, अरविंद प्रसाद, सरोज बैठा, सुनील ठाकुर, सुभाष ठाकुर, मो जमाल अंसारी, राजेश श्रीवास्तव, मिथलेश पाल, अरविंद कुमार दुवे, नारद राम,भक्त विष्णुधर, रामप्रवेश, एमडीएम ऑपरेटर सोनू कुमार, अजित कुमार सहित सभी प्रधानध्यापक मौजूद थे।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development Department Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

**e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)**
**NIT No. - UDD/LNP/02/2024-25 (3rd Call)**

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नागरीक सुविधा मद से | | | | |
| 01 | 12/LNP/02/ 2024-25(3rd Call) | नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत वार्ड सं0 12 में इसराफील मास्टर के धर से आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1043800.00 | 20900.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 02 | Date of Publication of Tender on website | | 10.12.2024 at 12:00 AM | | | |
| 03 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 04 | Date start of submission of bids | | 11.12.2024 at 10:00 am | | | |
| 05 | Last Date/Time of submission of bids | | 19.12.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 06 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 21.12.2024 upto 05:00 pm | | | |
| 07 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 08 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 09 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

**NOTE : Only e-Tenders will be accepted.**
**Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in**

(Rajeev Ranjan)
PR 341673 Urban Development(24-25)#D Executive Officer, Nagar Panchayat, Latehar



**कार्यालय:- जिला अभियंता, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना
ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 28/2024-25 (3rd call)

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम भुसूर टोला केन्दवाही तीन मुहान से जालिम बाजार टांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 62,15,600 | 1,24,500 | 10,000 | 04 माह | 03/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–18.12.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.12.2024 अपराहन 01:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।
PR.NO.341604 Rural Development(24-25):D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार**

अति अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण-सूचना
D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 17.12.2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 18.12.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 18.12.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | 10 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम पतरातु में देवा उरांव के घर से लक्ष्मण उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1096700 | 22000 | 2500 | 02 माह | NIT 13/2024-25 (5th call) |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभिंयता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।
10- अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक भाग ले सकेंगे।
12. उक्त अंकित योजना में प्रखण्ड लातेहार के संवेदक भाग ले सकेंगे।
13. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार
PR 341605 Rural Development (24-25)_D

# पुलिस ने चार एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठन कर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिबला, कलीटांड़ व झिरमतकोमा गावों में सिमरिया थाना क्षेत्र से सटे सीमावर्ती जंगल क्षेत्रों में 4 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती नष्ट किया। पुलिस ने पोस्ता की खेती को नष्ट करने के लिए ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई कर व डंडा से पीटकर नष्ट किया। इसके अलावा झिरमतकोमा गांव में 1 एकड़ गांजा के फसल को भी नष्ट किया गया है। थाना प्रभारी बताया कि अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार रवानी के आदेश पर उनके नेतृत्व में पोस्ता व गांजा की खेती को नष्ट करने के लिए टीम का गठन किया गया था। पुलिस मादक पदार्थों के विरुद्ध भविष्य में भी करवाई रहेगी। अवैध पोस्ता, गांजा की खेती करने वालो असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि पोस्ता व गांजा की अवैध खेती करने वाले जेल जाने के लिए तैयार रहें। इन असमाजिक तत्वों को सहयोग करने वाले तथा व्यापार करने वाले दलालों के लिए भी चेतावनी है। मौके पर छापामारी दल में शामिल पुअनि जितेंद्र कुमार, एएसआई सुरेश सिंह, एएसआई नीरज दुबे, एएसआई छोटू पांडा, एएसआई रवि किशोर तिवारी, सहित थाना सशस्त्र बल एवं चौकीदार शामिल थे।



## एक नजर

### परिवार नियोजन के तहत शिविर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 10 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। महिलाओं का बंध्याकरण चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में प्रत्येक मंगलवार को बंध्याकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। बंध्याकरण करने को लेकर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश सहिया दीदी, सहिया साथी व एएनएम, जीएनएम को दिया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र के 40 बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच मंगलवार को गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। बताया गया की आंगनबाड़ी केंद्र के 40 बच्चों के बीच दो-दो सेट गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। गर्म वस्त्र का वितरण वार्ड सदस्य ममता देवी, झामुमो नेता यदुनंदन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया गया। बताया गया कि ठंड को देखते हुए बाल विकास परियोजना द्वारा गर्म वस्त्र का आवंटन प्राप्त हुआ था। इसका वितरण मंगलवार को कर दिया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका कांति देवी, भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, सहायिका सहित कई उपस्थित थे।

### पंचायत समिति की बैठक में 45 योजनाओं की मिली प्रशासनिक स्वीकृति



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव ने की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लंबित योजनाओं के भुगतान करने के साथ पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रखंड के विभिन्न पंचायत के करीब 45 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति सभी सदस्यों की सहमति से प्रदान कर दिया गया। प्रशासनिक स्वीकृति मिले योजनाओं को जल्द प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। पूर्व के योजनाओं को भुगतान करते हुए योजना को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि इन योजनाओं का निर्माण पंचायत समिति के 15 वीं वित्त आयोग की राशि से किया जाना है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, उप प्रमुख प्रीतम यादव, प्रखंड प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय, प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, एसीओ शेखर कुमार, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, लालो साहू, कामेश्वर भुइयां, रहमती प्रवीण, प्रियांशु देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को चार दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक व विद्यालय की निर्देश कादंबरी सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर रंधीर सिंह ने कहा कि समय-समय पर खेल प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में छुपी प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है। अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि खेलकूद के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अब के समय में असीम संभावनाएं दिखाई देती है। विद्यालय की निदेशक कादंबरी सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन हर वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है। खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्टेट लेवल तक तैयारी कराने का लक्ष्य विद्यालय प्रबंधन की होती है। बच्चे अपने गांव शहर, राज्य का नाम रौशन कर सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने बताया कि खेल महोत्सव के दौरान 70 के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 3000 मीटर तक की रेस, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, चक्का फेंक, कबड्डी खो-खो, क्रिकेट जैसे प्रतियोगिता शामिल है। खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षक सुमंत सिंह, अभिजीत, कृष्ण कुमार, संतोष, शिक्षिका कीर्ति, हिना, शाहिना समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।



### विवेकानंद क्लब ने आरसीए जूनियर को 120 रनों से हरा कर जीता खिताब

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोशिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे लीग मैच में मंगलवार को विवेकानंद गिद्धौर बनाम आरसीए जूनियर के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते विवेकानंद गिद्धौर ने निर्धारित 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 191 रन बनाया। गिद्धौर के तरफ से रूपेश ने नॉट आउट रहते हुए 42 व अखिलेश ने 22 रन का योगदान दिया। आरसीए जूनियर के तरफ से गेंदबाजी करते हुए तरुण तीन व अमन दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीए जूनियर ने 18.1 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 71 रन ही बना पाया। गिद्धौर के तरफ से घातक गेंदबाजी करते हुए सौरभ कुमार ने चार ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट लिया, जबकि रूपेश ने पांच ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट लिया। बेहतर प्रदर्शन के लिए रूपेश को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अपार दिवस मनाया गया

**लातेहार।** शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में दो दिवस अपार दिवस का आयोजन किया गया। पहले दिन छात्रों के अभिभावकों को अपार कार्ड की जानकारी दी गयी। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं को डिजीटल पहचान दिलाने के लिए सरकार द्वारा अपार आईडी कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अपार आईडी में छात्र की पूरी पढ़ाई-लिखाई का डिटेल होगा। इस आईडी कार्ड छात्रों के लिंग, जन्मतिथि, अभिभावकों का पता व फोटो के अलावा उनकी शैक्षणिक योग्यता आदि का डिटेल रहेगा। उन्होने बताया कि इसके अलावा इसमें मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री-डिप्लोमा प्रमाण पत्र, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज जैसे डेटा भी शामिल होगें। उन्होंने कहा कि योजना के अनुसार भारत सरकार की ओर से प्रत्येक छात्रों को 12 अंकों का एक यूनिक नंबर जारी किया जाएगा। इस अपार आईडी में छात्रों की पढ़ाई से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसमें मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम व पीटीएम उपस्थिति सहित अन्य जानकारी भी रहेगी। अपार दिवस के पहले दिन कक्षा चार बी के वर्ग शिक्षक अगस्त राज ने अभिभावकों को अपार कार्ड की पूरी जानकारी दी।

## न्यूज बॉक्स

### ऑनलाइन चालान में भी धर्म ढूंढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण : जुनैद अनवर

**चंदवा।** रांची विधायक सीपी सिंह द्वारा नफरती और सांप्रदायिक बयान देना दुर्भागपूर्ण है। हर बात में धर्म और संप्रदाय को घसीटना एक वरिष्ट नेता को शोभा नहीं देता है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता जुनैद अनवर ने कही है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा की रांची के कर्बला चौक और एकरा मस्जिद के ईलाके में जालीदार टोपी वालों का ऑनलाइन परिवहन चलान नहीं कट रहा है। ऑनलाइन परिवहन चलान प्रक्रिया को भी श्री सिंह धर्म का चश्मा लगा कर देखते है जो कि एक तरह से हास्यपद है। उन्होंने कहा कि रांची के हर चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगा है। इसका उद्देश धर्म को पहचानना नहीं बल्कि यातायात नियमों का पालन कर सुगम यतायात व्यवस्था बहाल करना है।

### 14 वर्ष बाद भी प्रखंड में शिक्षा व स्वास्थ्य का घोर अभाव

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड बने 14 वर्ष हो चला है, परंतु आज भी प्रखंड क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं के साथ उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी संसाधनों का घोर आभाव है। 10 पंचायतों के इस प्रखंड प्रखंड में लगभग 75 हजार आबादी निवास करती है। वहां अभी तक ना तो उच्च शिक्षा के लिए कोई डिग्री कॉलेज, और ना ही बेहतर स्वास्थ्य उपचार के लिए अस्पताल स्थापित हो पाई है, जबकि शिक्षा व स्वास्थ्य दोनों ही लोगों की पहली जरूरत है। आज भी क्षेत्र के लोगों को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने एवं बेहतर स्वास्थ्य उपचार के लिए दूसरे शहरों में भेजना पड़ रहा है, जिससे जरुरतमंद अभिभावक को आर्थिक दोहन का शिकार होना पड़ रहा है। प्रखंड में शिक्षा की बात करें तो सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तक ही सिमटकर रह गया है। शिक्षक पढ़ाई से ज्यादा बच्चों को भोजन कराने में व्यस्त नजर आते हैं। वहीं स्वास्थ्य उपचार की हालात बद से बदत्तर बनी हुई है। एएनएम के भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य व उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। लगभग पूरी आबादी का जीविकोपार्जन कृषि पर आधारित है। किसान वर्षा आधारित खेती करने को मजबूर हैं। सिंचाई का कोई समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 26/2024-25/RWD/GARHWA — दिनांक – 10.12.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/75/2024-25 | नामधारी पेस्का पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से कोरवाडीह तक पथ निर्माण कार्य। (14.300 कि0मी0) | 1497.714 | चौदह करोड़ सन्तानबे लाख एकहत्तर हजार चार सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–30.12.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 341707 Rural Work Department(24-25)#D


## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का मिला प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला प्रशासन व कल्याण विभाग के सौजन्य से पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक प्रखंड सभागार लातेहार में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सेविकाओं को पोषण, स्वास्थ्य, और प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर प्रशिक्षित करना था। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, स्वच्छता, मानसिक एवं शारीरिक विकास के महत्व पर सत्र लिए। सेविकाओं को डिजिटल उपकरणों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के उपयोग की जानकारी भी दी गई, ताकि वे अपने केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल कर सकें। लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों से 100 सेविकाओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। उन्हें पोषण चार्ट तैयार करने, समुदाय में जागरूकता फैलाने, पोषण गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह कार्यक्रम उनके कार्यक्षेत्र में नए आयाम जोड़ रहा है। समापन कार्यक्रम में लातेहार जिला उपायुक्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सेविकाओं के प्रयासों की सराहना की व प्रमाण पत्र वितरित करेंगे।


**कार्यालय**
**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(आपूर्ति शाखा)**
दूरभाष सं0:–06562–223116ई–मेल:–food.palamu@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करना है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपवर्जन मानक/समावेशन मानक के शर्तों के आलोक में लाभुकों को राशन का लाभ दिया जाना है। पलामू जिला हेतु वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के तहत कुल 1828926 तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 88208 सदस्यों का आच्छादन हेतु लक्ष्य निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य पूर्ण जाने की स्थिति में वैसे पात्र लाभुक परिवार के सदस्यों को आच्छादित नहीं किया जा सका है, जिनका राशनकार्ड में सदस्यों का नाम जोड़ने हेतु काफी अत्यधिक दिनों से ऑनलाईन आवेदन समर्पित है।

वर्तमान में ऐसी सूचनाएं प्राप्त हो रही है कि उक्त अधिनियम/योजना के तहत वैसे लाभुक परिवार एवं उनके सदस्य आच्छादित हैं, जो अयोग्य/अपात्र हैं, जो मात्र आयुष्मान कार्ड एवं अन्य योजनाओं के लाभ प्राप्त किये जाने के उद्देश्य से राशनकार्ड का निर्माण करा लिये हैं, परन्तु खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण प्रतिमाह खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत आहार पोर्टल पर कम प्रदर्शित हो रहा है।

वैसे सभी लाभुक परिवार, जो उक्त अधिनियम/योजना के तहत पात्रता नहीं रखते हैं/अयोग्य हैं अथवा दोहरा लाभ प्राप्त कर रहे हैं या अन्य कारणों से खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु सक्षम नहीं हैं, वे **सभी दिनांक 20.12.2024 तक अनिवार्य रूप से अपने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी/जिला आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में राशनकार्ड सरेण्डर कर सकते हैं।** उक्त अवधि तक अयोग्य लाभुक परिवारों के द्वारा राशनकार्ड यदि सरेण्डर नहीं किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में भविष्य में जांचोपरांत अयोग्य पाये जाने अथवा गलत तरीके से राशनकार्ड का लाभ प्राप्त करने तथा राशन का उठाव किये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध **"झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश–2024 के कंडिका–7 के आलोक में अयोग्य लाभार्थियों द्वारा धोखाधड़ी किये जाने की स्थिति में दण्डात्मक कार्रवाई"** हेतु उल्लेखित प्रावधान के आलोक में कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
पलामू

PR341654 (District)24-25*D


## मुखिया ने जर्जर सड़क को आवागमन लायक बनवाया, ग्रामीणों ने जताया आभार

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** वर्षों से जर्जर सड़क से जूझ रहे टिकैतबांध व चुटीघाट गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने निजी खर्च से करीब दो किमी सड़क बनावाया है। मुखिया ने जेसीबी व ट्रैक्टर से गांव जाने वाली सड़क को दुरुस्त किया है। उक्त सड़क के बन जाने से ककहिया, मोहनपुर, कुशुम्भा, इचातु, मेदवाडीह समेत कई गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। सड़क के आभाव में गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाती थी। मुखिया ने बताया कि सड़क पर एक सप्ताह पूर्व गांव जाने वाली जर्जर सड़क से धान लोडिंग कर पिकअप वाहन आने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वही इससे पूर्व कई मोटरसाइकिल दुर्घटना भी घट चुकी है। इसको देखते हुए पंचायत भ्रमण के दौरान उक्त गांव के लोगों ने जर्जर सड़क की समस्या से अवगत कराया था। जिसे निजी खर्च कर सड़क को दुरुस्त करवाया। इससे पूर्व भी अपने पंचायत क्षेत्र में आधा दर्जन गांव में निजी खर्च से सड़क बना चुके है। मौके पर विजय भोक्ता, नगीना गंझू, बिहारी मिस्त्री, ब्रहमदेव भोक्ता, बंसत गंझू, सविता देवी, ममता देवी, सीता देवी ने सड़क बनवाने पर मुखिया के प्रति आभार जताया है।

## रेलवे साइडिंग निर्माण गतिरोध दूर करने के लिए होगा स्थल निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर जारी गतिरोध दूर करने के लिए मंगलवार को प्रखंड सभागार में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें सीसीएल प्रबंधन, प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सेरनदाग के ग्रामीणों ने एक स्वर में रेलवे लाइन क्षेत्र के अतिरिक्त अनावश्यक भूखंडों पर लगाये गये सेक्शन 9 को हटाने का प्रस्ताव रखा। बताया गया कि समुचित विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि पर्यवेक्षकों का एक दल द्वारा स्थलीय जांच के बाद ग्रामीणों के उक्त मांग पर अमल लाने का भरोसा दिलाया गया। बता दें पिछले सात साल पूर्व सीसीएल ने उक्त सेक्शन लगातार जमीनों की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी थी। साइडिंग निर्माण के सात गांवों से अनापत्ति लेने के लिए नौ बार किये गए विभागीय प्रयास को ग्रामीणों ने विफल कर दिया गया। बैठक में बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय दास, जीएम अमरेश कुमार सिंह, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा, मनोज चंद्रा, फुलचंद साहु, झमन साहु, पारस गुप्ता, कामेश्वर गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

### जिले में विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करें : उपायुक्त

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल लातेहार अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिजली आपूर्ति व संचरण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा कर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को निर्देश दिया। साथ ही जिले में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ जिले में खराब ट्रांसफार्मरों को बदलें या उनकी मरम्मत कराएं। मुख्यमंत्री झारखंड उज्वला योजना, आरडीएसएस योजना, बिजली माफी योजना, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता सहित अन्य संबंधित मुद्दों के तहत प्रगति की समीक्षा के क्रम में आरडीएसएस के तहत सुधार कार्य करने वाली कार्यकारी एजेंसियों को कार्यों को गति देने का निर्देश दिया। साथ ही लक्ष्य को निर्धारित समय के भीतर हासिल करें। मुख्यमंत्री झारखंड उज्वला योजना के तहत जिले में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में सुधार करने सार्वजनिक स्थलों यथा विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र आदि में जहां बिजली की उपलब्धता नही है उन क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए जल्द, बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 13 आवेदन स्वीकृत**

## लाभुकों को शीघ्र राशि हस्तांतरित करें : उपायुक्त



**दो कैंसर मरीजों को भी मिला लाभ**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के बाद 13 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। अनुसूचित जाति के 1, अनुसूचित जनजाति के 4, पिछड़ी जाति के 8 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 13 आवेदनों में 2 कैंसर पीड़ित मरीजों का आवेदन हैं। उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को अनुमोदन के उपरांत अविलम्ब सभी लाभुकों को अनुदान राशि को जल्द से जल्द हस्तान्तरित करने का निर्देश दिया। योजना के तहत लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे।

### इन्हें मिलेगा लाभ

लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण (गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर) पीड़ित, कोविड-19 से संक्रमित व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा। अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सिविल सर्जन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, प्रतिवेदन या अभिप्रमाणित दस्तावेज, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर देना होगा। किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो 3000 व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 5000 की राशि देय होगी। साथ ही कोविड-19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे 5000 रुपये और यदि पीड़ित का इलाज अस्पताल में हुआ हो तो 10000 की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25000 रुपये मिलेंगे। अवयस्क लाभुकों को किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम पर 1500 रुपये व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 2500 की राशि मिलेगी। कोविड-19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे 2500 और इलाज अस्पताल में हुआ हैं तो 5000 व कैंसर से पीड़ित को 15000 हजार रुपये देय होंगे। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, लातेहार विधायक प्रतिनिधि पवन कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद यादव समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


पत्रांक–425/खेल
**समाहरणालय, चतरा।**
**(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के बैठक कार्यवाही ज्ञापांक–643/राँची, दिनांक–29.11.2024 के आलोक में चतरा जिलान्तर्गत जिला खेल कार्यालय, चतरा, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, चतरा एवं एन0एस0एस0, चतरा के संयुक्त तत्वाधान से दिनांक– 15.12.2024 को डी0एम0एफ0टी0, प्रशिक्षण भवन, चतरा में जिलास्तरीय युवा महोत्सव, 2024 (District Youth Festival) का आयोजन किया जाना निर्धारित है। **थीम की विवरणी इस प्रकारहै :–**
1. विकसित भारत का लक्ष्य 2. गुलामी के हर अंश से मुक्ति 3. अपनी विरासत पर गर्व करना 4. एकता और एकजुटता एवं 5. नागरिकों में कर्त्तव्य की भावना का होना।

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम की विवरणी | पुरस्कार राशि | आयुवर्ग | स्थान | तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समुहिक लोकनृत्य (10 की सं0 मे महिला/ पुरूष मिलाकर तथा स्वयं का वाद्यय यंत्र सहित) | $1^{st}$-7000/-, $2^{nd}$-5000/-, $3^{rd}$-3000/- | 15 से 29 वर्ष (पुरूष/ महिला) | जिला खनिज निधि प्रशिक्षण केन्द्र, चतरा (डी0एम0एफ0टी0, प्रशिक्षण भवन, चतरा) | दिनांक–15.12.2024 पूर्वा0–09:00बजे से |
| 2 | समुहिक लोकगीत | $1^{st}$-7000/-, $2^{nd}$-5000/-, $3^{rd}$-3000/- | | | |
| 3 | एकल लोकनृत्य | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 4 | एकल लोकगीत | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 5 | भाषण | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 6 | कविता लेखन | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 7 | कहानी लेखन | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 8 | चित्रकला | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 9 | फोटोग्राफी | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 10 | विज्ञान मेला (एकल) | $1^{st}$-2500/-, $2^{nd}$-1500/-, $3^{rd}$-1000/- | | | |
| 11 | विज्ञान मेला (सामूहिक) | $1^{st}$-7000/-, $2^{nd}$-5000/-, $3^{rd}$-3000/- | | | |

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवा दिनांक 14.12.2024 के अपराह्न 01.00 बजे तक संलग्न प्रपत्र में भरकर एवं My Bharat Portal पर रजिस्ट्रेशन करते हुए प्राप्ति स्लीप सहित अपना आवेदन जिला खेल कार्यालय, चतरा में हाथों–हाथ जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा, मो०न०–9334965759 से जानकारी प्राप्त कर सकतेहै।

**नोट :–आवेदन फोर्म जिला खेल कार्यालय, चतरा एवं वेबसाईट www.chatra.nic से प्राप्त किया जा सकताहै।**

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 341627 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

# महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों : दिलीप प्रताप सिंह

## लिंग आधारित हिंसा कार्यक्रम के समापन पर बोले उप विकास आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए 25 नवंबर से चले रहे अभियान का विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आज नगर भवन, लोहरदगा में समापन हो गया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, सभी जिला परिषद सदस्य, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने किया।
इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि बच्चों व महिला हिंसा के खिलाफ सभी को आवाज उठाना चाहिए। विशेषकर जो पीड़िता है वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। आज कानून द्वारा कई प्रावधान किये गये हैं। जिन बच्चों पर हिंसा हो रही है उनके आस-पास रहने वाले लोग जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि उन्हें उनका अधिकार दिलाया जा सके।

आज हमारे पास घरेलू हिंसा में महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 जैसा कानून है जिसमें किसी प्रकार की हिंसा की रोकथाम के लिए पुलिस अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, सेवा प्रदाता या मजिस्ट्रेट से संपर्क किया जा सकता है। मदद के लिए नजदीकी स्वयं सहायता समूह या उनके संगठन, जेंडर रिसोर्स सेंटर, वन स्टॉप सेंटर या पुलिस को बताएं। हेल्पलाईन नंबर 112 डायल कर कोई भी घटना की जानकारी दे सकते हैं। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध साइबर अपराध की रोकथाम सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत अपराधों में हैकिंग, पहचान की चोरी, अश्लील सामग्री का प्रसारण, शारीरिक गोपनीयता का उल्लंघ आदि शामिल है।



**समाज कल्याण पदाधिकारी ने दी अभियान की जानकारी**
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने 25 नवंबर 2024 से अब तक लिंग आधारित महिला हिंसा उन्मूलन के लिए प्रखण्डों में चलाये गये अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम में दिनांक 25.11.2024 से 10.12.2024 तक जागरूकता कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न उच्च विद्यालय / महाविद्यालय/ प्रखंड एवं पंचायत स्तर आयोजित सत्रों की संक्षिप्त विवरणी भी शार्ट फिल्म के जरिए प्रस्तुत की गई। लोकनाथ कल जत्था दुंदुरु पेशार द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के प्रचार हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सहकारिता विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में नौ बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश दिये गये। लैंप्स और पैक्स के कंम्प्युटराइजेशन का केंद्र प्रायोजित योजना की समीक्षा में चयनित लैंप्स का गो-लाईव करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। सभी पंचायतों में लैंप्स कार्यालय-सह-गोदाम के स्थिति की चर्चा की गई जिसमें 66 पंचायतों में से 38 पंचायतों में लैंप्स का अपना कार्यालय-सह-गोदाम उपलब्ध पाया गया। शेष जो भी छूटे हुए हैं उन्हें अंचल अधिकारी से संपर्क कर भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी लैंप्स व पैक्स एवं व्यापार मंडल में कॉमन सर्विस सेंटर की सेवा एवं झारसेवा पर चर्चा की गई। इसी प्रकार सभी लैम्पस व पैक्स को पीएम किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करने, नेशनल कॉपरेटिव डेटा बेस प्रविष्टि एवं उन्नयन करने, जिला के सभी पंचायतों में दुग्ध उत्पादन समिति व मत्स्यजीवी सहयोग समिति के गठन के स्थिति की समीक्षा की गई और निर्देश दिये गये।

## अपार पंजीकरण को लेकर शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण अपार को लेकर आज शिक्षा विभाग की ओर से शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन लोहरदगा में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर ने कहा कि स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण यानी अपार में पंजीकरण के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। जिला के सरकारी व निजी सभी विद्यालयों में अपार में छात्र-छात्राओं के पंजीकरण किया जाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित शैक्षणिक क्रेडिट स्थानान्तरण प्रणाली ने शैक्षणिक क्रेडिट बैंक की शुरूआत की है, जो छात्रों द्वारा उच्च शिक्षा के दौरान अर्जित शैक्षणिक क्रेडिट्स को संग्रहीत करेगा। अपार इन क्रेडिट्स का उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के बीच निर्बाध एकीकरण और स्थानान्तरण सक्षम करेगा, जिससे सीखने की अधिक लचीलापन और निरंतर निगरानी सुनिश्चित होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा नीलम आइलीन टोप्पो ने कहा कि अपार आईडी प्रत्येक छात्र के शैक्षणिक इतिहास का एक विस्तृत और स्थायी अभिलेख बनाए रखने में मदद करेगा, जिसमें लिए गए पाठ्यक्रम, अंक, प्रमाणपत्र, और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में प्राप्त उपलब्धियां शामिल होंगी।


### कार्यालय जिला परिषद, पलामू

**प्रेस विज्ञप्ति**

उपायुक्त, पलामू के पत्रांक श्रम/364 दिनांक 29.06.2024 एवं श्रम अधीक्षक, पलामू का पत्रांक 720/दिनांक 14.10.2024 के आलोक में अपने अधिनस्त निबंधित संवेदको जिनको कार्य आवंटित किया गया है या किया जा रहा है उनको कार्यादेश के विरूद्ध ठेका मजदूर (विनिमय एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 के अन्तर्गत लेबर लाईसेंस एवं झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माग कर्मकार (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) अधिनियम 1996 के अन्तर्गत प्रतिष्ठान का निबंधन श्रम विभाग अन्तर्गत कराने का निदेश प्राप्त है। जो संवेदक द्वारा निबंधन श्रम विभाग अन्तर्गत नहीं कराया गया है वैसे कार्यरत संवेदको की सूची उपायुक्त पलामू को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाना है।

अतः उक्त के आलोक में जिला परिषद, पलामू में विभिन्न श्रेणी में निबंधित सभी संवेदको को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद स्तर से आपको आवंटित कार्य के विरूद्ध ठेका मजदूर (विनिमय एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 के अन्तर्गत लेबर लाईसेंस एवं झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माग कर्मकार (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) अधिनियम 1996 के अन्तर्गत प्रतिष्ठान का निबंधन श्रम विभाग अन्तर्गत यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें एवं इसकी सूचना जिला परिषद कार्यालय में दिनांक 18.12.2024 तक देना सुनिश्चित करें।

निर्धारित अवधि तक उपरोक्त का अनुपालन नहीं करने वाले संवेदकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उपायुक्त, पलामू को संसूचित कर दिया जाएगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.341649 District(24-25):D


# छात्र-छात्राएं विद्यालय और राष्ट्र का नाम रोशन करें : सुरेश चंद्र पांडेय

### मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता और भगवान हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। उद्घाटन के बाद मसाल दौड़ से खेलकूद का शुभारंभ हुआ, जिसमें सोनू उरावँ , नैतिक राज, आशीष कुमार, अल्पना शैली उरांव ने भाग लिया। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पाण्डेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, छात्र-छात्राओं के संपूर्ण विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है। खेल से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने सभी छात्रों से आग्रह किया कि अपने विद्यालय और राष्ट्र का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, बोरा दौड़, चम्मच-मार्बल दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, चक्का फेंक और कैरम जैसे विभिन्न खेल आयोजित किए गए। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य बिपिन कुमार दास,और सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य सुरेंद्र चंद्र पाण्डेय, सत्यम सतलज, रितेश कुमार पाठक और आरती भगत सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**मनोहर लाल अग्रवाल की जयंती आयोजित**
मनोहर लाल अग्रवाल की जयंती के अवसर पर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पर्चन और दीप प्रज्वलित किया गयो मनोहर लाल अग्रवाल की जयंती के अवसर पर भैया-बहनों ने शपथ लिया कि सारे भैया बहन हर क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

## आंख जांच शिविर का आयोजन

**सेन्हा-लोहरदगा।** मेन रोड दुर्गा मंदिर परिसर के समीप नेत्रम संस्था द्वारा आंख जांच शिविर आयोजित कर आम जन ग्रामीणों का आंख जांच किया गया.आयोजित शिविर में लगभग 35 महिला पुरुष का आंख जांच किया गया.वही प्रगति नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉ.गणेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला के विभिन्न जगहों पर महीना में करीब तीन से चार बार आंख जांच शिविर लगा कर बच्चे वृद्धों का आंख जांच किया जाता है। जिन्हें आयुष्मान मंगलम अस्पताल रांची में नेत्र रोग चिकित्सको द्वारा भारत सरकार का आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज तथा ऑपरेशन किया जाता है। साथ हो कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बच्चियों को मुफ्त में चश्मा दिया जाता है.मौके पर प्रियंका उरांव, विजय कुमार,श्वेता महतो,रेशमा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत डीएलएसए का विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
झालसा रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में भंडरा प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोहरदगा के तत्वाधान में भंडरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में महिलाओं से सम्बंधित विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत महिलाओं की सुरक्षा के लिये बनाये गए कानून प्रावधानों और योजनाओं से जुड़े जानकारियां प्रदान की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े पैनल अधिवक्ता इन्द्राणी कुजूर ,सीओ दुर्गा कुमार,पारा लीगल वॉलिंटियर सीमा कुमारी समेत अन्य ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और राष्ट्रीय महिला आयोग की सहभागिता से जिले के सभी 9 प्रखंडों में महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है और पूर्व में इसके तहत कार्यक्रम किया जा चुका है। उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराधों तथा इससे जुड़े कानूनों के बारे में भी बताया। 31 मार्च 2025 तक महिलाओं से जुड़े यह कार्यक्रम जिले के विभिन्न ब्लॉकों में किया जाएगा।


### कार्यालय :- कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने,मेदिनीनगर पलामू –822101

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड**
**आलू फसल में झुलसारोग (प्रबंधन एवं नियंत्रण)**
**सामयिक सूचना अंक–04/2024–25**

प्रिय किसान बंधुओं,
रबी मौसम में आलू हमारा एक मुख्य फसल है।इसके बुआई से भण्डारण तक विभिन्न प्रकार के रोगों का प्रक्रोप होता है पर मुख्यतः फफुंदजनित झुलसा रोग इसे अत्यधिक हानि पहुँचाते हैं जिस से पैदावार पर भारी असर होता है।अतः इसका प्रबंधन एवं नियंत्रण अत्यावश्यक हो जाता है। इस रोग के दो अवस्था है जो निम्न प्रकार है :–

1. अगेतीझुलसा :– यह एक मृदाजनित रोग है जिसे बुआई के 3–4 सप्ताह उपरांत साधारणतः दिसम्बर माह के शुरू आतसे मध्य तक देखा जा सकता है। प्रारंभिक अवस्था में नीचे वाली पत्तियाँ संक्रमित होती है जहाँ से रोग उपर की ओर बढ़ती है। पत्तियों पर छोटे, फीके–भूरे चमकदार धब्बे बनते हैं।इस रोग की तीव्रता 20–26 डिग्री से ल्सियस तापमान पर अधिक होता है।
2. पछेती झुलसा :–इसे पछेती अंगमारी भी कहते हैं तथा यह सबसे विनाशकारी रोग है जिसके लक्षण पौधे के सभी भागों पर जैसे–पत्तियों, तना ओरकंद पर भी दिखाई पड़ते हैं। इस रोग का प्रक्रोप दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह से लेकर जनवरी माह तक देखा जा सकता है। रोग को शुरूआत पत्तियों पर किनारे वाले भाग पर भूरे धब्बे से होते है जो पौधे के अन्य भागों पर फैल जाते हैं। अनुकूल परिस्थितियों में (अधिकनमी 80–100 प्रतिशत, बादल छाये रहने पर) पौधा का सम्पूर्ण भाग नष्ट हो जाता है, अतः पूरी फसल बरबाद हो जाती है।

नियंत्रण एवं प्रबंधनहैं :–
(1) हमेशा स्वस्थ्य आलू बीज लगायें।
(2) बोने से पहले आलू के बीज को रिडोमिल एम0जेड0 या मेटालैक्जिल के 0.02 प्रतिशत घोल में डूबो लें।
(3) झुलसा प्रतिरोधी किस्मों की ही बुआई करें।
(4) खरपतवार नियंत्रण करें।
(5) अगेती झुलसा के लक्षण दिखाई देने पर मैं को जेब फफूंदनाशी (इण्डोफिल M-45 या डाईथेनM-45)इत्यादि की 300–600 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के दर से 2–3 छिड़काव प्रत्येक 15 दिनों के अन्तराल में करें।
(6) पछेती झुलसा के लक्षण पर मैटालैक्जिल एवं मैं को जेब युक्त फफूंदनाशी (रिडोमिल एम0जेड 72 WP) इत्यादि 400–500 ग्राम मात्रा प्रति 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
(7) अत्यधिक ठण्ड की आशंका पर फसल की सिंचाई कर देने से पाला का असर कम हो जाता है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू

PR 341697 District(24-25).D


## कुडू में चला वाहन चेकिंग अभियान

### दर्जनों वाहनों से वसूला गया 12000 रुपये जुमार्ना

**कुडू-लोहरदगा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सड़क सुरक्षा एवं मोटरवाहन अधिनियम के तहत नियमों का अनुपालन कराने के लिए लोहरदगा डीटीओ सुधीर प्रताप के निदेर्शानुसार मंगलवार 10 दिसंबर को कुडू थाना गेट के समीप परिवहन विभाग की टीम द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसमे ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मारडी, परिवहन विभाग के कृष्णा कुमार गुप्ता, आईटी के दुलार कुजूर शामिल थे। इस दौरान लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण, बिना हेलमेट, क्षमता से अधिक लोगो को बैठाने व वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जांच की गयी।



जांच के दौरान जिन बाइक सवारों के कागजातें सही नहीं पाए गए वैसे करीब दर्जन भर बाइक सवारों से बारह हजार का जुमार्ना वसूला गया। जांच अभियान के चलते बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। मौके पर बाइक चालकों के बीच सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं मोटरवाहन अधिनियम के तहत नियमों का अनुपालन हेतु छपे पंपलेट का वितरण किया गया।
कृष्णा कुमार ने बताया कि आगे भी वाहन जांच चलाया जाता रहेगा। लोग सड़क पर बाइक कार चलाते समय परिवहन नियमो का खास ध्यान रखे।

## विवेकानंद जयंती पर आयोजित होगा आंजन धाम महोत्सव कार्यक्रम

**लोहरदगा।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर लोहरदगा गुमला सिमडेगा जिले के धार्मिक व पर्यटक स्थल आंजन धाम टोटो को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए आंजन धाम समिति द्वारा आंजन धाम में तीन दिवसीय आंजन महोत्सव का आयोजन किया जायेगा. इसका शुभारंभ 12 जनवरी को एक शाम आंजन महोत्सव के साथ होगा, जिसमें काशी के आचार्यों द्वारा पूजा के बीच रुद्राभिषेक कराया जायेगा. तीन दिवसीय महाभंडारा और अखंड हरिकीर्तन के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा।

## किस्को प्रखंड में सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी ने चलाया स्वच्छता अभियान

### लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को किस्को प्रखण्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी गुमला सिलम के कमांडेड राजेश सिंह के दिशा निर्देशन में सशस्त्र सीमा बल किस्को के प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे के नेतृत्व मे विभिन्न सामुदायिक स्थलों पर स्थानीय जनता के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें किस्को प्रखण्ड परिसर व चौक चौराहे में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर साफ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अपने घरों, दुकानों के आलावे चौक-चौराहा को साफ-सफाई रखने का अपील की गई। सफाई अभियान सशस्त्र सीमा बल के अलावे किस्को प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी उदय कुमार महतो, ब्लॉक व अंचल के कर्मचारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।


### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)
### जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा।

–: **सूचिबद्ध पशु विक्रेताओं के लिए आवश्यक सूचना** :–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, रांची के अधिन गव्य विकास निदेशालय द्वारा सभी सूचिबद्ध पशु विक्रेताओं (लोहरदगा जिले के लिए) को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लोहरदगा जिले के लिए चयनित लाभुकों के बीच दुधारू गाय/भैंस वितरण किया जाना है के आलोक में जिला/प्रखण्ड स्तर पर निम्न उल्लेखित स्थल पर दुधारू पशु मेला/शिविर का आयोजन किया गया है।

| क्रं | प्रखण्ड का नाम | दुधारू पशु मेला /शिविर स्थल | संयोजक | पदाधिकारी का नाम एवं मो0 नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा | 1. लोहरदगा, रहमत नगर,हिण्डालकों के पीछे। | सम्बंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदा0/प्रभारी पदा0 | श्री वशिष्ठ सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा, 7992340915 |
| 2 | कुडू | 2. कुडू, जिमा मंटू ढाबा के निकट | | |
| 3 | कैरो | 3. ग्राम–अरकोसा, लोहरदगा | | |
| 4 | किस्को | 4. ग्राम–रामपुर, लोहरदगा | | |
| 5 | भण्डरा | 5. ग्राम–सोरन्दा, भण्डरा | | |
| 6 | सेन्हा | 6. ग्राम–बरही, सेन्हा | | |
| 7 | पेशरार | | | |

लोहरदगा जिला के लिए सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित लाभुकों को प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थरपारकर, गिर एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों एवं उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को लोहरदगा जिले के उपरोक्त दुधारू पशु विक्रय शिविर आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगें।

आपूर्ति किए गए दुधारू गायों को संगरोध अवधि पूर्ण होने के उपरांत ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जाएगा। बिजली–पानी तथा दुधारू पशु का रख–रखाव एवं चारा–दाना की व्यवस्था दुधारू पशु आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वयं किया जाएगा।
नोटः–विशेष जानकारी हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा एवं संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

–निवेदक–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.341685 Lohardaga(24-25):D


### प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों के लिए अभिनंदन सम्मान समारोह आयोजित

# खेल का महत्व जीवन में सर्वोपरि है: शशिधर लाल अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में इंडियन ओवरसीज बैंक के शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल व सचिव अजय प्रसाद विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। विद्यालय की बहनों द्वारा स्वागत गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत किए गया। विद्यालय के आचार्य महेंद्र कुमार मिश्र के द्वारा खेल वृत्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे द्वारा अतिथियों का स्वागत परिचय एवं विजई प्रतिभागियों को सुभाशीश प्रदान किए ।विद्यालय की बहन दिव्या उरांव को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया बहन स्नेहा कुजूर को 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । लगातार प्रांत में 12 वर्षों से खो खो की टीम पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त कर रही है इसके लिए खो-खो टीम के सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बहनों के टीम द्वारा रिले रेस में झारखंड प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया उसके लिए बहनों को मेडल एवं प्रशस्ति पर प्रदान किया गया इस प्रकार बहनों की टीम पूरे झारखंड प्रांत में ओवरऑल प्रथम स्थान पर रही। भैया बहनों को मिलाकर पूरे प्रांत में ओवरऑल द्वितीय स्थान पर सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर रहा। इसके लिए उपस्थित अभिभावकों समिति के सदस्यों आचार्य ने प्रतिभागी भैया बहनों को शुभाशीष एवं आगे भी इस तरह की निरंतरता बनी रहे ऐसी शुभकामना प्रदान किया।



## किशोर किशोरियां जीवन में सीखी हुई बातों को आत्मसात करें : डॉ. श्रेया

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सहिया व साथिया तथा किशोर किशोरियों का स्वास्थ्य सम्बन्धी द्वितीय चरण का गैर आवासीय छः दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ.प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. श्रेया कुमारी ने बच्चे बच्चियों से कहा कि जीवन में सीखे हुए हर चीजों को आत्मसात करें साथ हो कहा कि प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा जो भी चीजें बताई गई है.उस के निमित आपस मे एक दूसरे का सहयोग करें और गांव जा कर आस पास अगल बगल के लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक करने का प्रयास करें. प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य से सम्बंधित पारस्परिक सम्बन्ध,भवनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, मूल और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर व लिंग, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता,मादक पदार्थ की रोक थाम का प्रबंधन,स्वास्थ्य जीवन शैली, प्रजनन क्षमता और एचआइवी का रोक थाम,हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा तथा इन्टरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने सहित विभिन्न बिंदुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया था.साथ ही सम्बन्धित सहियाओं को मानसिक, भवनात्मक और कल्याण के बारे में विस्तारकपूर्वक बताया गया था.समापन पर किशोर किशोरियों को रोलप्ले व गेम के माध्यम से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली गई। मौके पर बिटीटी लीलावती देवी एएनएम दिव्या किरण,नौमी खाखा,तिलोत्तमा कुमारी,ललिता देवी,राधा देवी सहित अन्य सहिया,साथिया और किशोर किशोरी उपस्थित थे।


### Government of Jharkhand
### Urban Development Department Latehar Nagar Panchayat , Latehar

**e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)**
**NIT No. - UDD/LNP/11/2024-25 (2nd Call)**
**Notice No. - Date –**

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शहरी परिवहन मद से | | | | |
| 1 | UDD/LNP/ 11/2024-25 | नगर पंचायत लातेहार के ग्राम डुरूआ में आयुष्मान आरोग्य मंदीर भवन का निर्माण कार्य। | 3368353.00 | 67400.00 | 5000.00 | छः माह |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | | 10.12.2024 at 12:00 AM | | | |
| 3 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 4 | Date start of submission of bids | | 11.12.2024 at 10:00 am | | | |
| 5 | Last Date/Time of submission of bids | | 19.12.2024 upto 03:00 pm | | | |
| 6 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 21.12.2024 upto 05:00 pm | | | |
| 7 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Administrator cum
Executive Officer Nagar Panchayat, Latehar

PR 341677 (Urban Development)24-25*D

### कामडारा में जंगली हाथियों का आतंक

# मकानों और फसलों को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
कामडारा प्रखंड के कजरा गांव में सोमवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने भारी उत्पात मचाया। छह हाथियों के इस झुंड ने दो ग्रामीणों के मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और धान, चावल, आटा, उरद सहित अन्य अनाज खाकर बर्बाद कर दिया। इसके अलावा, हाथियों ने खेतों और खलिहानों पर भी जमकर तबाही मचाई।

**ग्रामीणों को भारी नुकसान**

रात करीब 12 बजे हाथियों का झुंड गांव में घुसा और सबसे पहले भीमसेंट बरला के मकान को तोड़ दिया। घर के अंदर रखे करीब दो क्विंटल धान को खाकर और रौंदकर नष्ट कर दिया। इसके बाद डेविड बरला के मकान को भी नुकसान पहुंचाया गया। उनके घर में रखे धान, चावल, आटा, और अन्य अनाज नष्ट हो गए।

इसके अलावा, पौलुस बरला के खेत में लगे आलू को और मारकुस बरला के खलिहान में रखे धान को भी हाथियों ने खाकर बर्बाद कर दिया। राजेश बरला और नुएल बरला के बगीचे में लगे आलू, टमाटर, और केले की फसल पूरी तरह रौंद दी गई।

**ग्रामीण दहशत में**

ग्रामीणों ने हो-हल्ला मचाकर हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन भारी नुकसान के बाद भी हाथियों का झुंड गांव में विचरण करता रहा। इस घटना ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया है।

**प्रशासन से मदद की मांग**

ग्रामीणों ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से हाथियों को गांव से भगाने और नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। जंगली हाथियों के लगातार हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# वन अधिकार अधिनियम 2006 पर प्रशिक्षण आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
फिया फाउंडेशन के तत्वावधान में चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कौशल विकास भवन में मंगलवार को वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम के तहत अधिकारों की जानकारी प्रदान करना था।प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रत्येक राजस्व गांव में जहाँ वन क्षेत्र है, वहाँ वन अधिकार समिति का गठन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न प्रकार के अधिकारों को विस्तृत रूप से समझाया गया। इसमें व्यक्तिगत आवेदन, सामुदायिक आवेदन, वन संसाधनों के अधिकार, पर्यावास के अधिकार, और विकास के अधिकार शामिल थे।प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया कि व्यक्तिगत दावे के लिए कौन से पत्रों की आवश्यकता होगी और सामुदायिक अधिकारों के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया को समझाया गया। विशेष रूप से यह जानकारी दी गई कि आदिवासी एवं अन्य पारंपरिक वन निवासियों को इस कानून के तहत 13 दिसंबर 2005 से वन भूमि पर निवास या खेती करने का अधिकार है।सामुदायिक अधिकार के लिए आवेदन में 'प्रपत्र ख' और 'प्रपत्र ग' का उपयोग किया जाएगा। 'प्रपत्र ख' में सामुदायिक अधिकार और निस्तार का अधिकार, जबकि 'प्रपत्र ग' में वन संसाधन पारंपरिक पहुंच तक के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन फिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक ललित महतो द्वारा किया गया।

## लैंपस लिमिटेड के सदस्य सचिवों और अध्यक्षों को दिया जा रहा कंप्यूटर प्रशिक्षण

**गुमला।** डिजिटल इंडिया की पहल को साकार करने के उद्देश्य से गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में लैम्पस लिमिटेड के सदस्य सचिव और अध्यक्षों को तीन दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का आयोजन सहकारिता विभाग के निर्देशन में किया गया है, जिसमें कुल 15 लैम्पस के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सहकारिता विभाग के पदाधिकारी परिक्षीत महली ने बताया कि डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा देने और कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए हर लैम्पस को इंटरनेट कनेक्शन और डिजिटल तकनीक का उपयोग करना आवश्यक है। इसके लिए लैम्पस से जुड़े कार्यकताओं को कंप्यूटर का ज्ञान और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है।

## स्वास्थ्य मंत्री और कृषि मंत्री से जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने की मुलाकात



**सिसई (गुमला)।** गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी एवं सिसई प्रमुख मीना टोप्पो ने झारखंड सरकार के नवनियुक्त स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, तथा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात किये। और उनके नये पदभार ग्रहण करने पर बधाईयाँ दी। साथ ही गुमला जिला की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। डॉ इरफान अंसारी ने पदभार संभालते ही स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरस्त करने की दिशा में पहल करने की बात कही। और उन्होंने कहा कि जो भी कमियां हैं ,उसे दूर करने का काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित में शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाएगा। और जो भी अस्पताल कोताही बरतेंगे। उस पर कड़ी करवाई किया जाएगा। वहीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराना और अपने विभाग से ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। और कृषि एवं गन्ना विकास को झारखंड में बढ़ावा दिया जाएगा । तथा हर जिले का दौरा कर वहां के किसानों से मिलकर उनकी स्थिति को देखने का काम करेंगे । ताकि सरकार द्वारा उनकी उन्नति और विकास के लिए उपयुक्त योजना तैयार किया जा सके।

## गुमला में जेंडर आधारित हिंसा पर कार्यशाला आयोजित

**गुमला।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर और राष्ट्रीय अभियान नई चेतना 3.0 के तहत, 10 दिसंबर 2024 को जिला समाज कल्याण विभाग और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (खरछ्दर) के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय नगर भवन में जेंडर आधारित हिंसा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ परियोजना निदेशक ने पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला शिक्षा पदाधिकारी, डालसा के सचिव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक , और प्रभारी महिला थाना की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह की दीदियां और आंगनबाड़ी सेविकाएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अतिथियों ने महिला हिंसा के कारणों और निवारण के उपायों पर चर्चा की। सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने जेंडर प्रतिज्ञा लेकर समाज में लिंग आधारित हिंसा समाप्त करने का संकल्प लिया।

## सिसई में बिजली तार की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के सैन्दा गांव में मंगलवार को एक किसान के दो मवेशियों की बिजली तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में किसान सोमा उरांव को 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। सोमा उरांव ने बताया कि सुबह वह अपनी गाय और बैल को चराने के लिए मकई के खेत में ले जा रहा था। जैसे ही मवेशी खेत में पहुंचे, वे अचानक गिरकर छटपटाने लगे। सोमा ने जब खेत में गिरे बिजली के तार और निकलते हुए धुएं को देखा, तो वह तुरंत वहां से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। इस हादसे से गांव के लोगों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश है। किसान ने प्रशासन से तुरंत मुआवजा देने और बिजली तारों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## विद्या विकास भारती की स्वर्णिम 50 वीं वर्षगांठ मनायी गयी




**सिसई ( गुमला ) ।** विद्या विकास भारती, झारखंड के तत्वधान में धूमधाम से मनाये गए स्वर्णिम 50 वां वर्ष के शुभ अवसर पर रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , गुमला में आयोजित संकुल स्तरीय बालक बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग में रंजीत नारायण सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुदरा सिसई के कक्षा तृतीय से नवम तक के भैया बहनों ने क्रमशः शिशु वर्ग, बाल वर्ग तथा किशोर वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं :- 100 मीटर दौड़, बोरा दौड़, लंबी कूद, गणित दौड़, सुई धागा दौड़, वंदना प्रश्न मंच, मासिक गीत, हमारा लक्ष्य इत्यादि में भाग लेकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्हें विद्या विकास भारती की ओर से प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गुमला संकुल,रायडीह संकुल तथा केंबा टेंगरिया संकुल के 170 भैया-बहनों ने भाग लिया।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों एवं सभी मुख्य एवं अन्य सड़क पर किसी भी प्रकार के किये गये अतिक्रमण को 24 घंटे के अन्दर हटाना सुनिश्चित की जाय। यदि आपके द्वारा उपरोक्त स्थानों पर किये गये अतिक्रमण को 24 घंटे के अन्दर नही हटाया जाता है तो सड़क सुरक्षा एवं किये गये अतिक्रमण को ध्यान में रखते हुए बल पूर्वक हटाने की कार्रवाई प्रारम्भ की जायेगी, तथा बाद में किये गये कोई भी दावे मान्य नही होगें। इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 341693 Urban Development(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 24/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 10.12.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/65/2024-25 | एन0एच0–343 ओबरा से जरगढ़ तक पथ निर्माण कार्य। (6.75 कि0मी0) | 777.606 | सात करोड़ सतहत्तर लाख साठ हजार छः सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/GARHWA/66/2024-25 | एन0एच0–75 से पोटमा तक पथ निर्माण कार्य। (3.85 कि0मी0) | 443.117 | चार करोड़ तेतालीस लाख ग्यारह हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–30.12.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 341704 (Rural Work Department) 24-25 (D)

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 12/2024–25

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने हेतु दुकानों का निर्माण एवं आवंटन कर स्वरोजगार मुहैया करा रही है। वर्त्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित खाली पडे निम्नाकिंत दुकानों का खुली डाक के माध्यम से आवंटन किया जाना है। पूर्व में उक्त आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है, परन्तु विधान सभा निर्वाचन 2024 के निमित आर्दश आचार सहीता लागु होने के उपरान्त संबंधित दुकान का आवंटन खुलीडाक के माध्यम से किये जाने वाले कार्य को स्थगित किया गया। इच्छुक आवेदक को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। दुकान का आवंटन खुली डाक के माध्यम से दिनांक 16.12.2024 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। दुकान का विवरण निम्नवत है :–

| क0. सं0 | डाक बोले जाने वाले दुकान का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | दुकान सं0 13 का साईज– 6' X 7' सदर अस्पताल गेट के पास | 72324.00 | 1000.00 | 18.12.2024 |

नियम एवं शर्त्त–

1. सभी दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया खुली डांक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाककर्ता के पक्ष में दुकानों का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को दुकान के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में 1000.00 (एक हजार) रू0 नगद जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 14.12.2024 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी/सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. दुकानो की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के समक्ष किया जायेगा।
4. संबंधित दुकान हेतु पूर्व में प्रकाशित आम सूचना के उपरान्त जिन आवेदको के द्वारा खुली डाक में भाग लेने हेतु आवेदन जमा कर दिया गया है, वैसे आवेदकों को पुनः आवेदन लेने की आवश्यकता नही होगी, उनके द्वारा पूर्व में जमा किये गये आवेदन ही इस डाक के लिये मान्य होगा।
5. आवेदक को दुकान आवंटन होने के उपरान्त दुकान की कुल क्षेत्रफल का 8.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक को दुकान आवंटित हो जाने के उपरान्त डांक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चेक जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार के नाम से देय हो 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्व कानुनी कारवाई की जायेगी।
7. डाक की राशि का समायोजन दुकान के निर्धारित किराये में नहीं किया जायेगा।
8. आवंटित दुकानों का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन डांक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले 15 वर्शों के लिए किया जायेगा।
9. दुकान आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
10. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
11. उपरोक्त डांक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
12. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 341674 Urban Development (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला योजना अनाबद्ध निधि**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 25/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 10.12.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरडीहा | RWD/GARHWA/67/2024-25 | बरडीहा बाजार से उच्च विद्यालय ब्लॉक मोड़ मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (1.000 कि0मी0) | 74.634 | चौहत्तर लाख तिरसठ हजार चार सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | खरौंधी | RWD/GARHWA/68/2024-25 | प्रखण्ड खरौंधी मेन बाजार से बैंक होते हुए डोमनी फुलवारी नदी तक नाली के साथ पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.630 कि0मी0) | 69.993 | उन्हत्तर लाख निन्यानबे हजार तीन सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 3 | भवनाथपुर | RWD/GARHWA/69/2024-25 | प्रखण्ड भवनाथपुर झगराखांड़ पीच रोड से होते हुए भंवरिया टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (1.300 कि0मी0) | 80.014 | अस्सी लाख एक हजार चार सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 4 | खरौंधी | RWD/GARHWA/70/2024-25 | प्रखण्ड खरौंधी कुपा मेन रोड से होते हुए चेचरिया हाई स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.500 कि0मी0) | 43.400 | तेतालीस लाख चालीस हजार रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 5 | केतार | RWD/GARHWA/71/2024-25 | प्रखण्ड केतार बांसडीह कला मेन रोड से होते हुए श्री संजय यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.440 कि0मी0) | 40.138 | चालीस लाख तेरह हजार आठ सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 6 | केतार | RWD/GARHWA/72/2024-25 | केतार काण्डी मुख्य पथ से मुकुन्दपुर नारायण वन सूर्य मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.560 कि0मी0) | 49.220 | उन्चास लाख बाईस हजार रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 7 | खरौंधी | RWD/GARHWA/73/2024-25 | ग्राम अमरोरा में खाड़ के पास गार्डवाल निर्माण। (0.160 कि0मी0) | 28.881 | अठाईस लाख अठासी हजार एक सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 8 | काण्डी | RWD/GARHWA/74/2024-25 | काण्डी प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत के चेचरिया कला ग्राम में सामो पासवान के घर से झुमरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.800 कि0मी0) | 70.213 | सत्तर लाख इक्कीस हजार तीन सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.12.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 341705 (Rural Work Department) 24-25 (D)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/16/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 18.12.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 19.12.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 19.12.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender:- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Toilet in Primary School, Khap under Block Panki at Daltonganj, Palamu. | 872700.00 | 17500.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of Washing Shed and Platform at Sadar Hospital at Daltonganj, Palamu. | 900400.00 | 18000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 3. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 2382500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5. | Repair of Middle School, Latpauri Under Block Mohammadganj, Palamu. | 1756350.00 | 36000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 341708 (Building)24-25*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/15/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 21.12.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders:- 23.12.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 23.12.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation Of S.D.P.O, Bishrampur Office Chamber in Collectorate B-Block at Daltonganj,Palamu. | 831500.00 | 18000.0 | 1250.00 | 01 Months |
| 2. | Renovation of DIG, Palamu Residence and Confidential Office at Daltonganj, Palamu. | 1948900.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Renovation of the RWD Office at Daltonganj, Palamu. | 2448000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 4. | Renovation of Sadar S.D.O Palamu Office and Boundary Wall Medininagar. | 2314600.00 | 46500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Renovation of D.C Palamu Waiting Area in A Block Collectorate, Palamu Daltonganj, Palamu. | 870000.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 6. | Repair and Renovation Of Health Sub Centre Khamdih, Daltonganj, Palamu. | 1308700.00 | 26500.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 7. | Laying of Paver Block Behind the Block 'B' (S.P Office) in the Campus of Collectorate Office. | 603500.00 | 13000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 8. | Renovation of S.D.O-01 and S.D.O-02, B.C.D Chamber and Construction of Aluminum Cubicle for Computer Operator in Building Construction Division, Medininagar Palamu at Daltonganj. | 444900.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 341709 Building(24-25)#D

> उसी पुराने ढंग से न जीते रहें। अपने जीवन को सुधारने के लिये कुछ करने का दृढ़ निश्चय कर लें और फिर उसे पूरा करें। अपनी चेतना को परिवर्तित करें, केवल उतना ही करने की आवश्यकता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'योगदा सत्संग पत्रिका'

## संपादकीय

# एक देश एक चुनाव विधेयक लाने की तैयारी

एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब केंद्र सरकार इसे शीतकालीन सत्र में संसद में लाएगी। पारंपरिक चुनाव व्यवस्था के उलट ये संविधान संशोधन वाला बिल है और इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। सूत्रों ने बताया कि गहन विचार-विमर्श सुनिश्चित करने और व्यापक आधार पर आम सहमति बनाने के लिए, सरकार विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की योजना बना रही है। जेपीसी इस परिवर्तनकारी प्रस्ताव पर सामूहिक सहमति की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा करेगी। सरकार का इरादा चर्चा में विभिन्न हितधारकों को शामिल करने का भी है। 2024 के आम चुनाव में बीजेपी ने वन नेशन वन इलेक्शन का वादा किया था। मार्च में, राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में पैनल ने अपनी 18,626 पेज वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर जोर देकर कहा था कि लगातार चुनाव देश के विकास को धीमा कर रहे थे।बीजेपी सहयोगी, जेडीयू और एलजेपी ने भी औपचारिक रूप से इस कदम का समर्थन किया है, वहीं विपक्षी दलों ने विरोध किया है। ऐसा करने से देश को न केवल लगातार चुनावों से छुटकारा मिलेगा, बार-बार आचार संहिता लगाने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं और अनावश्यक खर्च का बोझ देश पर पड़ता है। लागू होने पर एक ही समय या एक ही वर्ष में केंद्र और राज्य के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए सभी भारतीय लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान करेंगे। यही नहीं वन नेशन वन इलेक्शन के लागू होते ही नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी साथ होंगे। वर्तमान में, केंद्र सरकार का चयन करने के साथ-साथ एक नई राज्य सरकार के लिए भी लोगा मतदान करते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने में अभी बाधाएं भी कई हैं। कैबिनेट से पास होने के बाद सरकार इसपर बिल लाएगी। संविधान में संशोधन और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों के साथ-साथ संभवतः प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा उस संशोधन का अनुमोदन किए बिना नहीं इसे लागू नहीं किया जा सकेगा। भारत जैसे विशाल और भौगोलिक रूप से दुर्गम तथा उग्रवादियों या आतंकवादियों के कारण अशांत देश में निर्बाध रूप से निष्पक्ष चुनाव कराना एक चुनौती है।अभी गड़बड़ी वाले राज्यों में अर्द्धसैनिक बलों को बारी-बारी से सभी क्षेत्रों में भेजा जाता है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अगर देश की जनसंख्या बढ़ी है तो तकनीक और अन्य संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक देश एक चुनाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उनका समय तो बचेगा ही और वे अपने कर्त्तव्यों का पालन भी सही तरीके से कर पायेंगे। लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। जैसे अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है जहां अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं। इसी प्रकार अनुच्छेद 85(2)(ख) के अनुसार राष्ट्रपति लोकसभा को और अनुच्छेद 174(2)(ख) के अनुसार राज्यपाल विधानसभा को पाँच वर्ष से पहले भी भंग कर सकते हैं।

## महिला श्रम बल भागीदारी दर

# आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2017-18 से 2022-23 का अवलोकनात्मक विश्लेषण

महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और समग्र आर्थिक समावेशिता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। यह शोध पत्र 2017-18 से भारतीय राज्यों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में उल्लेखनीय पुनरुत्थान को उजागर करते हुए कठोर अर्थमितीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

### अनुभवजन्य विश्लेषण के लिए तीन व्यापक विषय हैं

- महिला एलएफपीआर में हालिया रुझान
- एलएफपीआर पर वैवाहिक स्थिति और मातृत्व-पितृत्व का प्रभाव
- भारत के सभी क्षेत्रों और राज्यों में उम्र और लिंग के साथ एलएफपीआर में भिन्नता।

इस अध्ययन में इस्तेमाल किया गया डेटा सभी उपलब्ध (2017-18 से 2022-2023) में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से लिया गया है। पीएलएफएस 2.5 मिलियन से अधिक व्यक्तियों के लिए विस्तृत रोजगार और जनसांख्यिकीय डेटा प्रदान करता है, जिससे राष्ट्रीय, राज्य और ग्रामीण/शहरी स्तरों पर रुझानों और विविधताओं का विश्लेषण संभव हो पाता है। एलएफपीआर की गणना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की कुल आबादी के सापेक्ष नियोजित और बेरोजगार व्यक्तियों (काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध) के प्रतिशत के रूप में की जाती है।

परिणाम तीन खंडों में प्रस्तुत किए गए हैं। परिणामों का पहला सेट 2017-18 से 2022-23 तक महिला एलएफपीआर के रुझान को दशार्ता है।

राष्ट्रीय स्तर पर, ग्रामीण महिला एलएफपीआर 24.6% से बढ़कर 41.5% (~69% वृद्धि) हो गई, जबकि शहरी एलएफपीआर मामूली रूप से 20.4% से बढ़कर 25.4% (~25% वृद्धि) हो गई। महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, झारखंड (~233% वृद्धि) और बिहार (~ 6 x वृद्धि) जैसे राज्यों में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। पूर्वोत्तर राज्यों ने भी उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई (उदाहरण के लिए, नगालैंडः 15.7% से 71.1%) की वृद्धि। राष्ट्रीय स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में कुल मिलाकर मामूली वृद्धि देखी गई।

परिणामों का दूसरा सेट, आयु, वैवाहिक स्थिति और घरेलू संरचना, विशेष रूप से 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति के आधार पर महिला एलएफपीआर प्रस्तुत करता है।

सामान्य रुझान दशार्ते हैं कि लगभग सभी





डॉ. शमिका रवि (ईएसी-पीएम)



डॉ. मुदित कपूर (आईएसआई, दिल्ली)

राज्यों में महिला एलएफपीआर में वृद्धि हुई है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक वृद्धि देखी गई है। हमने यह भी पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने अविवाहित महिलाओं की तुलना में अधिक भागीदारी वृद्धि दिखाई है। राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों ने विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के बीच महत्वपूर्ण वृद्धि दिखाई। हालांकि, महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। उत्तरी राज्यों में, पंजाब और हरियाणा में महिला एलएफपीआर कम रही। पूर्वी राज्यों में, ग्रामीण बिहार में देश में सबसे कम एलएफपीआर था, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें महत्वपूर्ण सुधार हुआ है - विशेष रूप से ग्रामीण विवाहित महिलाओं के लिए।

पूर्वोत्तर राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे हैं। पूर्वोत्तर के शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के बीच मध्यम वृद्धि देखी गई है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के लिए मामूली वृद्धि देखी गई है। पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में, एलएफपीआर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं के बीच केंद्रित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल मामूली वृद्धि देखी गई है। आंध्र प्रदेश में बच्चों वाली शहरी महिलाओं की एलएफपीआर में बड़ी गिरावट आई है।

परिणामों का तीसरा सेट लिंग और आयु के आधार पर एलएफपीआर में अंतर प्रस्तुत करता है। इसमें पाया गया कि वैवाहिक स्थिति और बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक श्रेणी के लिए कैसे अंतर लाती है। कुल मिलाकर परिणाम दशार्ते हैं कि महिला एलएफपीआर एक घंटी के आकार का वक्र बनाती है, जो 30-40 वर्ष की आयु में चरम पर होती है और उसके बाद तेजी से घट जाती है। दूसरी ओर, पुरुष एलएफपीआर 30-50 वर्ष की आयु से उच्च (~100%) रहता है, उसके बाद धीरे-धीरे घटता है। महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए वैवाहिक स्थिति एलएफपीआर का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। विवाहित पुरुष लगातार राज्यों और आयु समूहों में उच्च एलएफपीआर प्रदर्शित करते हैं, जबकि विवाह महिला एलएफपीआर महत्वपूर्ण रूप से कम होता जाता है, खासकर शहरी क्षेत्रों में। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति महिला एलएफपीआर को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, विशेष रूप से युवा महिलाओं (20-35 वर्ष) के लिए और शहरी क्षेत्रों में यह अधिक प्रबल रूप से प्रभावित करती है।

भारत ने 2017-18 से 2022-23 तक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में पर्याप्त वृद्धि देखी है। पिछले दस वर्षों में सरकार की कई योजनाएं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को लक्षित करते हुए। इनमें मुद्रा ऋण, 'ड्रोन दीदी' योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत जुटाए गए एसएचजी ग्रामीण महिलाओं के लिए कुछ प्रमुख पहलों के नाम हैं। ऐसी कई अन्य पहलें हैं जिन्हें पूरे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। हमारा शोध पत्र इन पहलों के अंतिम परिणाम को भारत भर में और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में संचयी और महत्वपूर्ण वृद्धि की पड़ताल करता है। हालांकि, इन कार्यक्रमों के प्रभावों का मूल्यांकन करने और भारत की महिला एलएफपीआर में लगातार अंतर-राज्यीय और ग्रामीण-शहरी असमानताओं का पता लगाने के लिए गहन शोध की आवश्यकता है।

## देश की बात

# बीमा सखी योजना : ग्रामीण महिलाओं को बनायेगी सशक्त



प्रियंका सौरभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पूर्व हरियाणा के पानीपत से महिलाओं के लिए 'बीमा सखी' योजना शुरू की। बीमा सखी योजना का उद्देश्य बीमा के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। यह महिला उद्यमिता को बढ़ावा देता है और पूरे भारत में आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाता है। खास बात यह है कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत से ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरूआत की थी। पानीपत शहर ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण है। यह अपनी लड़ाइयों के लिए जाना जाता है और अब भारत में महिला सशक्तिकरण पहलों का केंद्र बिंदु है। 'बीमा सखी योजना' शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना से लाखों महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करके महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत, महिलाएँ जीवन बीमा निगम की एजेंट बनेंगी, जिससे वे बीमा बेच सकेंगी और आय अर्जित कर सकेंगी। यह पहल महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। 'बीमा सखी योजना' महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा पर केंद्रित है, जो महिलाओं के लिए बीमा कवरेज को बढ़ावा देती है। यह योजना महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करती है। इसका उद्देश्य आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाना है। यह योजना वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को बीमा उत्पादों तक पहुँच प्राप्त होगी, जो कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगी। इस सहायता का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। यह लैंगिक समानता के बारे में एक मजबूत संदेश भेजेगा। यह पहल महिला अधिकारों के लिए राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है। 'बीमा सखी योजना' पूरे भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। योजना के तहत चुनी गई महिलाएँ एलआईसी एजेंट के रूप में काम करेंगी और अपने समुदायों में बीमा सेवाएँ प्रदान करेंगी। इससे न केवल महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा बल्कि वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का हरियाणा से गहरा नाता है, अक्सर वे इसे महत्त्वपूर्ण पहलों के लिए लॉन्चिंग ग्राउंड के रूप में चुनते हैं। 2015 में पानीपत से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' आंदोलन की शुरूआत सहित मोदी के अभियानों के साथ राज्य का इतिहास महिलाओं के कल्याण के लिए उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए एक मिसाल कायम करता है। महिला अधिकारों पर ध्यान देने के लिए जाना जाने वाला हरियाणा एक बार फिर सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने की राज्य की विरासत को और मजबूत करेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## यूनीसेफ स्थापना दिवस

# यूनिसेफ : बाल कल्याण की अग्रणी संस्था



डॉ. रमेश ठाकुर

बाल कल्याण की बात हो या बाल अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। यूनिसेफ का नाम सुनते ही बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे संस्था के प्रयासों का ध्यान आता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के दुर्गम स्थानों पर पहुंच कर बाल अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसके लिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटे ग्रांउड जीरो पर तैनात रहती हैं। यूनिसेफ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरूआती समय में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था के साथ 190 देश जुड़े हुए हैं। संस्था से जुड़ने वाले देशों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरी दुनिया में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब कर्मचारी दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इस संस्था की अलग टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतर कदम उठाने को संकल्पित है। इस समय यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे देशों जुटी हुई हैं। इन देशों के अभावग्रस्त बच्चों के पालन-पोषण के अलावा इन बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था काम कर रही है। समय के साथ यूनिसेफ ने अपनी कार्यशैली में बदलाव किए। पहले इस संस्था का काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के क्षेत्र में था। बाद में बच्चों के जीवन में बेहतरी के क्षेत्र में भी संस्था ने अपने कार्यों का विस्तार किया। फिलहाल यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ को देखें तो वर्ष 1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ ने यहां काम शुरू किया। संस्था ने साल 1952 में दिल्ली में अपना कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में भारत के 16 राज्यों में इसके कार्यालय हैं, जहाँ से बाल कल्याण व बाल अधिकारों से जुड़ी योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी अक्टूबर 2022 में नियुक्ति हुई थी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**प्रत्येक को तर्क और भावना, दोनों के आन्तरिक सन्तुलन के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि वह एक सम्पूर्ण व्यक्तित्व, सम्पूर्ण मनुष्य बन जाए। ईश-सम्पर्क से आप अपने भीतर इन दोनों गुणों में सामंजस्य अथवा सन्तुलन लाते हैं।**

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



श्री श्री परमहंस योगानंद

ई और स्त्री को भी पुरुष को इसी भाव से देखना चाहिए। जब पुरुष और स्त्री एक दूसरे से सच्चाई एवं पवित्रता से प्रेम करते हैं, तो उनके बीच शरीर, मन और आत्मा का पूर्ण सामंजस्य होता है। जब उनका प्रेम अपने उच्चतम स्वरूप में अभिव्यक्त होता है, तो इसका परिणाम पूर्ण एकात्मता के रूप में होता है। दो व्यक्ति जो अपना जीवन ईश्वर अनुभूति की प्राप्ति में परस्पर सहायक होने के लिए सम्बद्ध करते हैं. वे अपने विवाह की नींव अचित आधार अर्थात अशर्त मैत्री, पर रख रहे होते हैं। पति एवं पत्नी के बीच, माता-पिता एवं सन्तान के बीच, मित्र एवं मित्र के बीच, स्वयं एवं सभी के बीच पवित्र और अशर्त प्रेम का विकास करना, एक ऐसी शिक्षा है जिसे सीखने के लिए हम पृथ्वी पर आए हैं। सच्चा विवाह एक प्रयोगशाला है जिसमें स्वार्थपरायणता, क्रोधी स्वभाव एवं बुरे व्यवहार के विषों को सहनशीलता की परखनली में डालकर प्रेम एवं शालीन व्यवहार करने के सतत प्रयास की उत्प्रेरणात्मक शक्ति के द्वारा उन्हें निष्प्रभावित एवं परिवर्तित किया जा सकता है। यदि आपके जीवनसाथी में कोई ऐसी आदत या गुण है जो आपकी चित्तवृत्ति में अप्रिय लक्षणों को जागृत करता है, तो आपको इस परिस्थिति के अभिप्राय को समझना चाहिएः अर्थात आपके भीतर छिपे हुए उन विषों को बाहर लाना ताकि आप उन्हें मिटा सकें और इस प्रकार अपने स्वभाव को निर्मल कर सकें।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**तुम समाज में किस तरह ला सकते हो शांति।**
**गड़ी हुई है कील-सी संविधान में जाति।।**

बुद्धिनाथ मिश्र, देहरादून

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# संस्मरण साहित्य की अवधारणा



राकेश कुमार
(अध्यापक एवं कवि)
कण्वाश्रम, ग्राम-पनेरीबांध, पोस्ट- झरीवा, जिला--पलामू, झारखंड।

जिंदगी एक सफर है सुहाना.. जीवन के संदर्भ में अक्सर हम इस पंक्ति को दुहरा या गुनगुना लेते हैं। वस्तुतः ऐसा है भी। हम भोजन, वस्त्र, आवास, चिकित्सा, शिक्षा आदि कारणों से न जाने कितनी-कितनी यात्राओं और उन यात्राओं में न जाने कितनी यंत्रणाओं, मंत्रणाओं, याचनाओं और वंचनाओं से गुजरते चले जाते हैं और बिना इस बात की परवाह किए कि इनमें से क्या स्मरणीय है और क्या विस्मरणीय। विस्मरण धारा की दिशा में गमन की भाँति मस्तिष्क की एक सहज क्रिया है जबकि स्मण ठीक इसके विपरीत। हमारी आँखों के सामने संसार में न जाने कितनी वांछित-अवांछित घटनाओं का प्रकटीकरण होता है जिनमें से कुछ हमसे प्रत्यक्षतः संबंधित भी होती हैं। परंतु, हमारी स्मृति उनमें से कितनों को सहेज पाती है? विद्यार्थी जीवन में जिसकी स्मरण-शक्ति तीक्ष्ण होती है उसे सहज रूप से मेधावी मान लिया जाता है। स्कूली पाठ्यक्रम के कतिपय शिक्षण विंदु स्मरण शक्ति के विशेष परीक्षक होते भी हैं, यथा संस्कृत के शब्द रूप, अंग्रेजी के प्रीपोजीशन, हिंदी की कविताएँ, गणित के सूत्र, इतिहास की तिथियाँ,अर्थशास्त्र की परिभाषाएँ, भूगोल के मानचित्र पर स्थलों का चिन्हिकरण, सामाजिक विज्ञान में संविधान के अनुच्छेद,भौतिकी की इकाइयाँ, रसायन शास्त्र के अपवाद, जीव विज्ञान के नोमेन्क्लेचर आदि ..आदि। इन बिंदुओं ने न जाने कितनों के छक्के छुड़ाए और कितनों को स्कूल...। स्कूल परिवार के बाद का एक ऐसा स्थल है जहाँ से अधिकांश विद्यार्थियों की खट्टी-मीठी स्मृतियाँ जुड़ी होती हैं, कुछ की शिक्षकों से,कुछ की सहपाठियों से, कुछ की दोनों से..। स्मृति का एक सिरा वर्तमान से तो दूसरा सिरा अतीत से बंधा होता है। वर्तमान में दृश्यमान अतीत को 'स्मरण' की संज्ञा दी जा सकती है और अभिव्यक्त स्मरण को 'संस्मरण' की। संस्मरण का संबंध उस अतीत से है जो अनुभव के रूप में वर्तमान में कायम रहता है। संस्मरण समय सरिता के दो तटों--अतीत और वर्तमान के बीच एक पार पथ है। इसके बीज समय की धुंध में ओझल होती जिंदगी को फिर से मूर्तिमान करने की आंतरिक अभिलाषा के कारण अंकुरित होते हैं। संस्मरण न तो सूचना के आधार पर लिखे जा सकते न ही तटस्थ साक्षी भाव के आधार पर। इसके लिए तो संस्मरणकार का स्वयंसिद्ध अनुभव ही काम आता है। इस अनुभव धार में रचनाकार को स्वयं डूबना-उतराना होता है। भले इस अनुभव की अवधि छोटी हो या खंडित। संस्मरण की प्रकृति अंतर्विरोधी है। जहाँ इसकी रचना के लिए हार्दिकता का संस्पर्श और अंतर्मुखता का संकोच अपेक्षित है वहीं इसकी अभिव्यक्ति के लिए बहिमुर्खी परिचय विस्तार। और इस विरोधाभासी गुणों का स्वामी ही एक उत्कृष्ट संस्मरणकार हो सकता है। संस्मरण और संस्मरणकार का सम्बंध 'सैलून' में आमने-सामने लगे दर्पण की तरह होता है जिसमें दीखने वाले के साथ दिखाने वाला भी कहीं-न-कहीं प्रतिबिंबित होता है। संस्मरण अपने विषय-वस्तु के साथ-साथ अपने रचयिता को भी कम आलोकित नहीं करता। संस्मरण अपनी रोचकता, वस्तुनिष्ठता, संदर्भधर्मिता, जीवंतता एवं सत्यता के कारण साहित्य जगत में अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थापित करने में सफल रहा है। द्विवेदी युग में गद्य के अनुकूल उर्वर भावभूमि में संस्मरण साहित्य का पदार्पण हुआ। प्रायः प्रत्येक नयी विधा अपने आगमन की घोषणा पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से ही करती है।संस्मरण-साहित्य भला इसका अपवाद क्यों रहे! उस युग की सबसे महत्वपूर्ण पत्रिका 'सरस्वती' में इसके बीज अंकुरित, पल्लवित, पुष्पित और फलित हुए।सरस्वती के सम्पादक महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने स्वयं 'अनुमोदन का अंत', 'सभा की सभ्यता', 'विज्ञानाचार्य बसु का विज्ञान मंदिर' आदि की रचना कर संस्मरण-साहित्य को मार्गदर्शित किया। संस्मरण लेखन के क्षेत्र में महादेवी वर्मा का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जा सकता है। परन्तु, उनके गद्य- लेखन में संस्मरण एवं रेखाचित्र एक दूसरे में संक्रमित होते रहते हैं, इसलिए यह कहना आसान नहीं कि उनकी कौन-सी रचना विशुद्ध रेखाचित्र है और कौन-सी विशुद्ध संस्मरण। अपनी प्रकृति में संस्मरण मूलतः विधा नहीं है। इसमें रेखाचित्र,कहानी,निबंध,जीवनी और आत्मकथा की अनेक विशेषताएँ समाहित हैं। संस्मरणकार यदि किसी व्यक्ति, वस्तु, घटना या भाव का कम-से-कम शब्दों में मर्मस्पर्शी, भावपूर्ण और सजीव अंकन कर दे तो संस्मरण रेखाचित्र के निकट होगा। यदि विषय-वस्तु में वर्णन समाहित हो तो यह निबंध की शैली होगी। यदि लेखक अपने बारे में अधिक लिख दे तो वह आत्मकथा, अन्य व्यक्ति के विषय में अधिक लिख दे तो वह जीवनी और किसी घटना का रहस्योद्घाटन रचना के अंत में करे तो वह कहानी के निकट। संस्मरण की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लेखक अपने समय के इतिहास को लिखना चाहता है। इसीलिए संस्मरण लेखक के लिए यह जरूरी होता है कि अन्य उपलब्ध स्रोतों से भी वह अपने विषय के बारे में जानकारी प्राप्त करे और उसके पिछले जीवन और उसके विभिन्न पक्षों की सापेक्षता में अपना पक्ष प्रस्तुत करे। औपचारिकता और अविश्वसनीयता जैसे तत्व संस्मरण के सबसे प्रबल शत्रु हैं। इसीलिए सामान्यतः संस्मरण परिचय की माँग करता है। जिस व्यक्ति के संस्मरण लिखे जा रहे हैं उसकी रचना- दृष्टि, सामाजिक दायित्व और विभिन्न मुद्दों पर प्रकट किए गए विचार पूरी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता के साथ उनमें आने चाहिए। आदर्श संस्मरण वही है जिसमें लेखक अपने विषय के प्रति सारे समादर के साथ किसी प्रकार की एकांगिता से बचकर चलता है। अपने संस्मरण के लिए चुने गए व्यक्ति को संपूर्ण और विश्वसनीय रूप में प्रस्तुत करने की दृष्टि से भी यह जरूरी है कि संस्मरण में संतुलन और वस्तुपरकता के महत्व को समझा जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आधुनिक तकनीक से दुनिया के सबसे बड़े हेडकाउंट की तैयारी

**एजेंसी। महाकुंभनगर**

जहां एक ओर महाकुंभ-2025 श्रद्धालुओं की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा, तो वहीं योगी सरकार मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मदद से दुनिया का सबसे बड़ा हेडकाउंट कर नया इतिहास बनाएगी। ऐसा अनुमान है कि इस बार महाकुंभ में 40 से 45 करोड़ के बीच श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज आ सकते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं का सही आंकलन किया जा सके, इसके लिए योगी सरकार तकनीक के माध्यम से एक-एक श्रद्धालु का हेडकाउंट करने जा रही है। यह महाकुंभ ही नहीं, बल्कि किसी भी बड़े आयोजन में दुनिया के अंदर सबसे बड़ा हेडकाउंट हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला प्रशासन एआई तकनीक के साथ ही कई अन्य विधियों के जरिए इस उपलब्धि को हासिल करने का प्रयास करने में जुट गया है। प्रयागराज में जब भी कुंभ या महाकुंभ का आयोजन होता है तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। हालांकि, अब तक इनकी संख्या को काउंट करने की कोई सटीक तकनीक नहीं थी। इस बार योगी सरकार एआई कैमरों के साथ ही कई अन्य तकनीकों का सहारा ले रही है, ताकि महाकुंभ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की गिनती की जा सके और उन्हें ट्रैक भी किया जा सके।




### श्रद्धालुओं का हेडकाउंट बड़ी चुनौती

इस संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की संभावना है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड होगा। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की काउंटिंग और ट्रैकिंग के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं को ट्रैक करने के लिए मेला क्षेत्र के अंदर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि शहर के अंदर 268 स्थानों पर 1,107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यही नहीं, 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आईसीसीसी एवं पुलिस लाइन कंट्रोल रूम के अतिरिक्त अरैल एवं झूंसी क्षेत्र में भी व्यूइंग सेंटर्स बनाए गए हैं, जहां से श्रद्धालुओं की मॉनिटरिंग करने का प्रयास किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हेडकाउंट बड़ी चुनौती है, लेकिन इसमें एआई का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण होगा। एआई का उपयोग करते हुए 'क्राउड डेंसिटी अल्गोरिदम' से लोगों की काउंटिंग का भी प्रयास किया जा रहा है। एआई आधारित क्राउड मैनेजमेंट 'रियल टाइम अलर्ट जनरेट' करेगा, जिसके माध्यम से संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की काउंटिंग एवं ट्रैकिंग करना आसान होगा।

# देश के नामचीन कवियों को भी श्रवण करेंगे कल्पवासी

**एजेंसी। लखनऊ**

महाकुंभ-2025 में संस्कृति का भी संगम होगा। योगी सरकार द्वारा यहां गायन, वादन, नृत्य समेत हर विधा के कलाकारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। 10 जनवरी से 24 फरवरी तक यहां अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी, जिसमें कवि सम्मेलन भी शामिल है। श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य रस, करुण रस, भक्ति रस आदि में कविताओं का श्रवण करेंगे। कवि सम्मेलन में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों के कवि भी शामिल होंगे। विष्णु सक्सेना, बुद्धिनाथ मिश्र, अशोक चक्रधर, हरिओम पंवार, कुमार विश्वास, शैलेश लोढ़ा, मनोज मुंतशिर, विनीत चौहान, अनामिका अंबर, गजेंद्र सोलंकी, दिनेश रघुवंशी, सुनील जोगी सरीखे कवियों का काव्य पाठ भी प्रस्तावित है। यूपी संस्कृति निदेशालय ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर तैयारी कर ली है। 10 जनवरी से कवि सम्मेलन प्रारंभ होगा। इसमें स्थानीय कवियों को भी योगी सरकार अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराएगी। पहले दिन वाराणसी के अनिल चौबे, प्रयागराज के डॉ. श्लेष गौतम, रायबरेली के अभिजीत मिश्रा, आजमगढ़ के भालचंद्र त्रिपाठी, सोनभद्र की विभा सिंह श्रोताओं को कविताएं सुनाएंगी। 11 जनवरी को प्रयागराज के शैलेंद्र मधुर, रायबरेली के नीरज पांडेय, ललितपुर के पंकज पंडित, लखनऊ के शेखर त्रिपाठी, प्रयागराज की आभा माथुर कविता पाठ करेंगी। 16 जनवरी को देहरादून के नामचीन कवि बुद्धिनाथ मिश्र, देवास के शशिकांत यादव, इंदौर के अमन अक्षर, प्रयागराज के हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी, बालाघाटा के राजेंद्र शुक्ल का कविता पाठ होगा। 17 जनवरी को विनीत चौहान, दिल्ली के प्रवीण शुक्ल, मथुरा की पूनम वर्मा, इटावा के डॉ. कमलेश शर्मा, राजसमंद के सुनील व्यास महाकुंभ में कविता पाठ करेंगे। महाकुंभ में होने वाले सांस्कृतिक संगम में कई नामचीन कवि रहेंगे।

## राष्ट्रपति ने दिल्ली में मानवाधिकार दिवस समारोह को किया संबोधित, कहा

# साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए बने नए खतरे

**बालीं राष्ट्रपति**

**एआई अब हमारे दैनिक जीवन में कर चुका है प्रवेश**
**समस्याओं के समाधान के साथ पैदा कर रहा नई समस्याएं**



### कोई भी पीछे नहीं छूटे

राष्ट्रपति ने मानवाधिकार दिवस पर अपील की कि हमें न्याय, समानता और गरिमा के मूल्यों के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करना चाहिए, जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। जैसा कि हम अपने समय की चुनौतियों का सामना करना जारी रखते हैं, हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे नहीं छूटे।

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनौतियां एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएं भी पैदा कर रहा है। हालांकि, एआई के साथ अपराधी एक गैर-मानव, लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है।

राष्ट्रपति आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की पांच हजार वर्षों से अधिक की सभ्यतागत विरासत के साथ सहानुभूति, करुणा और सामंजस्यपूर्ण समुदाय के भीतर व्यक्तियों के परस्पर जुड़ाव के मूल्यों को लंबे समय तक कायम रखा है। जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों के बारे में सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। इस संदर्भ में ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व संभाला है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवन शैली, या लाइफ जैसी सरकारी पहल भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के आधार पर एनएचआरसी और एसएचआरसी जैसी संस्थाएं नागरिक समाज, मानवाधिकार रक्षकों, विशेष प्रतिवेदकों और विशेष निगरानीकर्ताओं के साथ मिलकर सभी के लिए मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों को खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए नीतिगत बदलावों की सिफारिश करने में एनएचआरसी द्वारा निभाई गई सक्रिय भूमिका की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की भी गारंटी देती है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य खासकर हमारे बच्चों और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। हितधारकों से अपील की कि वे हमारे बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करें। उन्होंने उद्योग जगत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बढ़ती 'गिग इकॉनमी' गिग श्रमिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले।

# गुरुग्राम में पब बार के बाहर देसी बम से हमला

**एजेंसी। गुरुग्राम (आईएएनएस)**




गुरुग्राम में मंगलवार की सुबह लगभग 5:30 बजे सेक्टर-29 में एक पब बार के बाहर दो देसी बम फेंके गए। जिसमें एक बम फट गया, जबकि दूसरे को निष्क्रिय कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, धमाके में एक स्कूटी और क्लब का बोर्ड क्षतिग्रस्त हुआ है। हालांकि, रूटीन चेकिंग ड्यूटी पर तैनात गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच व स्वैट टीम ने आरोपी को बम फेंकते हुए देखा और उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान सचिन के रूप में हुई है। सचिन उत्तर प्रदेश के मेरठ का निवासी है। पुलिस ने इस मामले में एक और संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी बम भी बरामद किए हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूचना मिलने पर एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गुरुग्राम पुलिस भी मौके पर मौजूद है।

### बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता और सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने बेलगावी (बेलगाम) को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने की मांग की है। प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्र में कहा कि महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा पर बेलगावी सहित कई शहरों और गांवों को लेकर सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। कर्नाटक विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरूआत के साथ ही तनाव बढ़ गया है, जिसके कारण बेलगावी में महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि दोनों राज्य सरकारों के बीच आम सहमति की कमी और आगे भी अशांति की संभावना को देखते हुए, मैं आपसे (अमित शाह) बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा देने पर विचार करने का आग्रह करता हूं।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System**

Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2024-25

Letter No:- 885 Date:-10.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Adhoura Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Adhoura, Panchyat-Kushdand, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,53,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,11,000=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhand tenders.gov.in) | Date: 28.12.2024, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 08.01.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 28.12.2024, Time- 4.00 PM Last Date:- 08.01.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 09.01.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:-
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (DC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 341635 Minor Irrigation(24-25)#D — Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Garhwa

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**

Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-04/2024-25

Letter No:- 888 Date:-10.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Harta Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Harta, Panchyat- Fakiradih, Block- Bhandariya, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,10,76,600=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,11,000=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 28.12.2024, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 08.01.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 28.12.2024, Time- 4.00 PM Last Date:- 08.01.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 09.01.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:-
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (DC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 341641 (Minor Irrigation) 24-25 (D) — Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Garhwa

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, GARHWA**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:- WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-02/2024-25**

Letter No:- 886 Date:-10.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Marchwar Solar Lift Irrigation Scheme, Village- Marchwar, Panchyat-Narhi, Block-Nagar Untari, Distirct- Garhwa |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,04,47,900=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000=00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,05,000=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date: 28.12.2024, Time- 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:- 08.01.2025, Time:- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 28.12.2024, Time- 4.00 PM Last Date:- 08.01.2025, Time:- 3.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 09.01.2025, Time:-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Garhwa |
| 12 | (a) Contact No. of e-Procurement Officer ( (b) E-mail of e-Procurement Officer | 8789558294 eemidgarh-cemrjhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of e-Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:-
➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (DC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
➢ Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Garhwa

PR 341637 Minor Irrigation(24-25).D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, चतरा**

**एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, दिनांक– 14.12.2024 सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक–14.12.2024 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Pranabnaman minerals Pvt Ltd | Tipper Driver | 30 | Driving License of Heavy & Transport Vehicle, Experience in driving in mining area. | 20+ | 2 Years | Balumath | 20K-22k Accommodpation | • Should have valid heavy & Transit driving license. • Experienced in Mining and Transport Sector. • Willing to work in any shift. |
| | | MIS Executive | 04 | Intermediate With Knowledge of MS Excel and DCA | 20-25 | 2 Years | Ranchi | 14k-16k | • Should be very sound in Ms Excel. • Daily order reporting and dashboard preparation in Ms Excel |
| 02 | APCPL, Tandwa | Mobilizer | 10 | Inter | No Limit | 0-2 years | Chatra Dhanbad Kodrma | 10k-12k | ToT Mandetory |
| | | Smo Trainer | 04 | Inter+Tot | No Limit | 2 years | Chatra Dhanbad Koderma | 12k-18k | ToT Mandetory |
| | | RSA Trainer | 04 | Graduation+ Tot | No Limit | 2 years | Chatra, Dhanbad Koderma | 12k-18k | ToT Mandetory |
| | | FTOHA Trainer | 04 | Diploma+ B-tech+Tot | No Limit | years | Chatra Dhanbad Koderma | 12k-18k | ToT Mandetory |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा **https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/**पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 प्रभावी हो गया है।

अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं

नोटः– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 341656 (Labour Employment and Traning)24-25*D

# हरभजन सिंह ने रोहित को नंबर छह पर रखने का किया समर्थन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया की रणनीति पर अपने विचार साझा किए और विश्वास जताया कि कप्तान रोहित शर्मा एडिलेड में अपने खराब प्रदर्शन के बावजूद नंबर 6 पर बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे, जहां भारत को 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। रोहित पर्थ में शुरूआती टेस्ट से चूक गए थे, हालांकि एडिलेड टेस्ट में वह प्रभाव छोड़ने के लिए संघर्ष करते रहे, उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए दोनों पारियों में सिर्फ 9 रन बनाए। हरभजन को लगता है कि कप्तान के फॉर्म को ध्यान में रखते हुए उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की कोई जरूरत नहीं है। हरभजन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि बल्लेबाजी क्रम में कोई बदलाव होगा। हमने कल चर्चा की कि शायद रोहित शर्मा को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए। यहां तक कि (सुनील) गावस्कर साहब ने भी इसका सुझाव दिया था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि टीम प्रबंधन इस तरह से सोचेगा। रोहित अभी शानदार फॉर्म में नहीं हैं, तो आप उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर क्यों भेजेंगे मुझे लगता है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग जारी रखनी चाहिए, जबकि रोहित मध्य क्रम में बल्लेबाजी करें।' बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की वकालत करते हुए हरभजन ने भारत के गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की भविष्यवाणी की। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की जगह पर वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने का सुझाव दिया जिन्होंने पर्थ में अपनी ऑलराउंड क्षमताओं से प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'वाशिंगटन सुंदर ब्रिसबेन टेस्ट के लिए वापस आ सकते हैं। अश्विन ने एडिलेड में ज्यादा गेंदबाजी नहीं की और उनका कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। दूसरी ओर, सुंदर बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करते हैं और पर्थ में उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। मुझे लगता है कि उन्हें मौका मिलेगा।'

इसके अलावा उन्होंने पेस डिपार्टमेंट में बदलाव की बात कही। एडिलेड में संघर्ष करने वाले हर्षित राणा की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को मौका देने की बात की है। उन्होंने कहा, 'ब्रिसबेन की उछाल भरी पिच पर प्रसिद्ध कृष्णा काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। उनकी लंबाई और उछाल हासिल करने की क्षमता उन्हें हर्षित राणा की जगह लेने के लिए एक मजबूत उम्मीदवार बनाती है।' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है।

रोहित अभी शानदार फॉर्म में नहीं हैं, तो आप उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर क्यों भेजेंगे मुझे लगता है कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल को ओपनिंग जारी रखनी चाहिए, जबकि रोहित मध्य क्रम में बल्लेबाजी करें।'



हरभजन सिंह

**भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा**


| | |
|---|---|
| 6-10 दिसंबर: | दूसरा टेस्ट, एडिलेड |
| 14-18 दिसंबर: | तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन |
| 26-30 दिसंबर: | चौथा टेस्ट, मेलबर्न |
| 03-07 जनवरी: | पांचवां टेस्ट, सिडनी |

## बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन रहेगा 'हाउसफुल'



**मेलबर्न(आईएएनएस)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन के टिकट बिक चुके हैं। 24 दिसंबर को कुछ सार्वजनिक टिकटों की अंतिम रिलीज की संभावना है, जो गैर-सदस्यों के लिए बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपनी सीट पाने का आखिरी मौका है, यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा, सीए ने कहा कि एससीजी में नए साल के टेस्ट के लिए टिकट भी तेजी से बिक रहे हैं, जिसमें पहले से तीसरे दिन के लिए केवल श्रेणी ए और श्रेणी बी के सीमित टिकट उपलब्ध हैं। श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए एडिलेड ओवल में रिकॉर्ड भीड़ उमड़ने के बाद यह मांग काफी बढ़ गई है, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। एडिलेड ओवल में तीन दिनों में कुल 135,012 दर्शकों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जो भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए 113,009 के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया, जो 2014-15 में पांच दिनों में बनाया गया था। इसके अलावा, एडिलेड में भारत के खिलाफ टेस्ट के लिए एकल-दिवसीय उपस्थिति रिकॉर्ड भी पहले और दूसरे दिन क्रमशः 50,186

## एडिलेड में कमिंस अपने जश्न में अधिक आक्रामक थे: गिलक्रिस्ट



पैट कमिंस

**एडिलेड(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने एडिलेड ओवल में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कप्तान पैट कमिंस की आक्रामकता की सराहना की, जिसमें मेजबान टीम ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। गुलाबी गेंद के टेस्ट में, कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड की ऑस्ट्रेलियाई तेज तिकड़ी ने भारत की पारी में सभी 20 विकेट चटकाए। कमिंस और स्टार्क ने सीम-फ्रेंडली सतह पर दबदबा दिखाया और दोनों ने मिलकर 15 विकेट साझा किए। पर्थ की 295 रन की हार में केवल तीन विकेट लेने वाले कमिंस ने एडिलेड में सात विकेट लिए और नियंत्रित आक्रामकता के साथ जश्न मनाया। फॉक्स क्रिकेट के द फॉलो-ऑन पॉडकास्ट पर गिलक्रिस्ट ने कहा, आप उनके जश्न से ही देख सकते हैं कि... उन्होंने जो भी विकेट लिया, उसका जश्न मनाने में वे अधिक आक्रामक थे। इस हद तक नहीं कि वे नियंत्रण खो बैठे, लेकिन आप यह स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि (पर्थ में) उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था और वे आंतरिक रूप से पर्थ में जिस तरह से खेले, उससे बहुत निराश हुए होंगे। गिलक्रिस्ट ने कहा, तो यह (एडिलेड में जश्न) आपको दिखाता है कि यह उनके लिए क्या मायने रखता है और उन्हें पता था कि वे उस स्तर पर वापस आ गए हैं जिस पर वे अपना क्रिकेट खेलना चाहते हैं। कमिंस शानदार थे, वे ऐसे दिख रहे थे जैसे पर्थ के बाद उन्हें थोड़ा सा तेल और ग्रीस बदलने और ट्यून अप की जरूरत हो, वे मैच के अंत तक ठीक हो रहे थे, इसलिए यह देखना शानदार था। उन्होंने आगे कहा, वे सिर्फ.एक इकाई थे, तीन गेंदबाज, नाथन लियोन ने (मैच में) सिर्फ.एक ओवर किया और मिच मार्श ने चार, लेकिन इसके अलावा, बड़े तीन - स्टार्क, बोल्ड, कमिंस - ने एक साथ शिकार किया और एक इकाई के रूप में गेंदबाजी की और यह देखना वाकई मजेदार था।'' इस बीच, गिलक्रिस्ट ने डिफेंस में मार्नस लाबुशेन के सकारात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि हालांकि उनका आउट होना काफी नरम था, लेकिन उनका मानना है कि लाबुशेन ने सीरीज के आगे बढ़ने के साथ और अधिक रन बनाने के लिए एक ठोस मंच तैयार किया है।

## विनोद सिंह ने 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रचा इतिहास

### बालक अंडर-20 वर्ग के 5000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल(हि.स.)।** भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 7 से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के एथलीट विनोद सिंह ने बालक अंडर-20 वर्ग के 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। विनोद ने 14:12.67 मिनट के प्रदर्शन के साथ न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि नई मीट रिकॉर्ड भी बनाई। यह जानकारी मंगलवार को जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश रायकवार ने दी। उन्होंने बताया कि इसी इवेंट में अकादमी के एक अन्य प्रतिभाशाली एथलीट विकास कुमार बिंद ने 14:13.52 मिनट के प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया, जो पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। गौरतलब है कि यह पूर्व रिकॉर्ड भी अकादमी के एथलीट सुनील डावर के नाम था, जिन्होंने 14:13.95 मिनट का समय दर्ज किया था।

## लंका टी10 सुपर लीग 2024 आज से हिस्सा ले रही सभी 6 टीमें घोषित

**कैंडी(हि.स.)।** बहुप्रतीक्षित 2024 लंका टी10 सुपर लीग 11 दिसंबर से पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो रही है, जो श्रीलंकाई क्रिकेट में एक नया अध्याय लिखेगी। छह फ्रैंचाइज़ियों की भागीदारी वाला यह टूनार्मेंट कैंडी के खूबसूरत मैदान पर क्रिकेट के रोमांचक ब्रांड का प्रदर्शन करेगा। टूनार्मेंट के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर सभी छह फ्रैंचाइज़ियों के लिए पूरी टीम की सूची जारी कर दी है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सितारों और स्थानीय प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। लीग ने सभी फ्रेंचाइजी में प्रतिभाओं की एक असाधारण सूची तैयार की है। प्रमुख कोच के रूप में महान श्रीलंकाई गेंदबाज चमिंडा वास के मार्गदर्शन में कोलंबो जगुआर में श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज सहित उभरते सितारे मथिशा पथिराना, बहुमुखी कामिंदु मेंडिस, पाकिस्तान के आसिफ अली और विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय जैसे शीर्ष सितारे शामिल होंगे।

अनुभवी ग्राहम फोर्ड द्वारा प्रशिक्षित गॉल मार्वल्स में स्पिन जादूगर महेश थीक्षाना, विस्फोटक भानुका राजपक्षे, तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो और अंग्रेजी स्टार एलेक्स हेल्स और ल्यूक वुड शामिल हैं।

## मेलबर्न रेनेगेड्स में शामिल हुए मार्कस हैरिस, जेवियर क्रोन



**मेलबर्न(हि.स.)।** मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) 14 से पहले विक्टोरियन स्टार मार्कस हैरिस और जेवियर क्रोन के साथ करार किया है। हैरिस, अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, जो बीबीएल 8 चैंपियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हैरिस ने इस घरेलू सत्र की शानदार शुरूआत की है। विक्टोरिया के लिए अभियान की शुरूआत करते हुए, उन्होंने वन-डे कप के पहले मैच में अर्धशतक बनाया और इसके बाद शेफील्ड शील्ड में एक शतक और एक और अर्धशतक लगाया। हैरिस ने मंगलवार को क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के साथ वापस आना बहुत अच्छा है। व्हाइटी (कैमरन व्हाइट) के आने और क्लब द्वारा बनाई गई टीम के साथ यह रोमांचक है। मैं उस स्थिति में वापस जाने के लिए उत्सुक हूं, जहां मैंने अपना अधिकांश बीबीएल खेला है।

## भारत एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ है। सोमवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रॉ में 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे जिन्होंने क्वालीफाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में खेला जाएगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए।

## राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों ने बजाया डंका

### हरियाणा को हराकर झारखंड की अंडर 17 बालिका टीम बनी चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

68वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 में झारखंड की बेटियों ने जीत का डंका बजा दिया है। जम्मू कश्मीर में 6 दिसंबर से शुरू हुए अंडर 17 बालिका वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने हरियाणा को 1-0 से पराजित कर चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है। झारखंड की ओर से अनुष्का कुमारी ने एक गोल किया। इस टीम इमरान खान कोच और बिंदु कुजूर टीम मैनेजर की भूमिका में है। झारखंड की शानदार जीत पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। 68वी राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 के अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में चैंपियन बनकर झारखंड की बालिका टीम आज बुधवार को रांची लौटेगी। रांची में टीम का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में बालिका टीम के सम्मान में स्वागत समारोह भी किया जाएगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा

# अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने का करेंगे प्रयास

### रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर का आज संभालेंगे पदभार




संजय मल्होत्रा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वे सभी नजरियों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की कोशिश करेंगे। सरकार ने संजय मल्होत्रा को एक दिन पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का अगला गवर्नर नियुक्त किया है। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को वित्त मंत्रालय के बाहर पत्रकारों के पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि किसी को भी क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करना होगा। संजय मल्होत्रा ने कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी दृष्टिकोणों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करने का प्रयास करेंगे। संजय मल्होत्रा ऐसे समय में आरबीआई के 26वें गवर्नर का पदभार संभालने जा रहे है, जब विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव है।

### शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन सहयोगियों का जताया आभार

**कहा, राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय पिछले 6 वर्षों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा**



**मुंबई/नई दिल्ली (हि.स.)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अपने सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर, 2018 को आरबीआई के गवर्नर बनाए गए थे। बाद में तीन साल के लिए उनके कार्यकाल में विस्तार किया गया था। दास ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन प्रेस कांफ्रेंस करके अपने अनुभवों को साझा करने के साथ सभी का धन्यवाद किया।

## दिनभर उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी।

बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिशें शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.006 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज की कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसके साथ ही कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पावर, मीडिया और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा।

## गूगल मैप्स ने की भारतीय डेवलपर्स को अधिक सुविधाएं देने की घोषणा

### मासिक सीमा तक मैप्स, रूट्स, स्थान और एनवायरमेंट प्रोडक्ट्स तक मुफ्त पहुंच होगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल ने भारतीय डेवलपर्स को अपने मैप्स प्लेटफॉर्म से अधिक सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की है। इसमें रूट्स, स्थान और एनवायरनमेंट एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट (एसडीके) तक निःशुल्क पहुंच शामिल है। 1 मार्च, 2025 से डेवलपर्स को मासिक सीमा तक मैप्स, रूट्स, स्थान और एनवायरमेंट प्रोडक्ट्स तक मुफ्त पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उन्हें बिना किसी अग्रिम लागत के निकटवर्ती स्थान और डायनामिक स्ट्रीट व्यू जैसे विभिन्न उत्पादों को आसानी से एकीकृत कर पाएंगे।

गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म के प्रोडक्ट मैनेजमेंट के वरिष्ठ निदेशक टीना वेयंड ने कहा, भारत में इसका मतलब यह है कि आज हम जो 200 डॉलर का मासिक क्रेडिट प्रदान करते हैं, उसके स्थान पर डेवलपर्स जल्द ही हर महीने 6,800 डॉलर तक की वैल्यू की मुफ्त सेवाओं का उपयोग कर पाएंगे। इससे डेवलपर्स को बेहतर समाधान बनाने और बिना किसी लागत के गूगल एपीआई और एसडीके के साथ प्रयोग करने की सुविधा मिलेगी। डेवलपर्स को केवल तभी भुगतान करना होगा, जब वे फ्री उपयोग की सीमा पार कर लेंगे।

## म्यूचुअल फंड एयूएम नवंबर में पहली बार 68 लाख करोड़ रुपये के पार

### एसआईपी निवेश 25,320 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में म्यूचुअल फंड (एमएफ) की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) नवंबर में बढ़कर 68.08 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो कि अक्टूबर में 67.25 लाख करोड़ रुपये थी। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के डाटा से मंगलवार को मिली। म्यूचुअल फंड्स इंडस्ट्री का एयूएम बढ़ने के बाद भी एमएफ स्कीमों में इनफ्लो नवंबर 2024 में मासिक आधार पर गिरकर 35,927.3 करोड़ रुपये रहा गया है, जो कि अक्टूबर में 41,865.4 करोड़ रुपये था। बीते महीने लार्जकैप फंड में इनफ्लो 26.3 प्रतिशत गिरकर 2,547.9 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 3,452.3 करोड़ रुपये था। हालांकि, इस दौरान स्मॉलकैप में निवेश 9 प्रतिशत बढ़कर 4,112 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 3,772 करोड़ रुपये था। वहीं, मिडकैप में निवेश 4.3 प्रतिशत बढ़कर 4,883.4 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पहले 4,683 करोड़ रुपये था। नवंबर में सेक्टोरल और थीमैटिक फंड में इनफ्लो घटकर 7,658 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि अक्टूबर में 12,278 करोड़ रुपये था। इस दौरान ईटीएफ में निवेश कम होकर 1,531.2 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि अक्टूबर में 13,441.8 करोड़ रुपये था। इक्विटी-लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) में निवेश में वृद्धि देखी गई, जो अक्टूबर के 362 करोड़ रुपये से बढ़कर नवंबर में 618.5 करोड़ रुपये हो गई। देश में नवंबर में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेश 25,320 करोड़ रुपये रहा, जो अक्टूबर में 25,323 करोड़ रुपये था। अक्टूबर के बाद यह लगातार दूसरा मौका है, जब एसआईपी निवेश 25,000 रुपये के आंकड़े को पार कर गया। नवंबर 2024 में एसआईपी खातों की संख्या 10,22,66,590 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो अक्टूबर में 10,12,34,212 और सितंबर में 9,87,44,171 थी।

जयराम ने सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया, कहा

# मैं छात्र आंदोलन से पहचान बनाकर आया हूं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने अपने पहले भाषण में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया।

जयराम महतो ने सदन में कहा कि उन्होंने छात्र आंदोलन के माध्यम से पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि झारखंड के लाखों अभ्यर्थी सड़कों पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि वह सदन से बाहर आकर उन अभ्यर्थियों से मिले। वो आपके ही बच्चे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत उन्हें संतुष्ट करें और उनकी बातों को सुनें।

जयराम ने इस दौरान अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे मजदूरों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य के 45 मजदूर कैमरून में फंसे हैं। उनकी सकुशल वापसी की मांग की है। जयराम



नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को धन्यवाद देने के लिए खड़े हुए थे और इस दौरान इन मुद्दों को उठाया।

इसके अलावा राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, कम्युनिस्ट पार्टी और निरसा के विधायक अरुप चटर्जी, जदयू के वरिष्ठ विधायक सरयू राय सहित अन्य ने भी स्पीकर को बधाई दी और सदन को पिछली बार की तरह उनके अनुभव का लाभ मिलने की बात कही।

चमरा लिंडा ने मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का किया भ्रमण

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य अधिकारियों ने उनका अभिवादन किया। लिंडा ने कल्याण परिसर के सभी कार्यालयों के सभी कर्मियों से परिचय लिया तथा विभाग के जरिये संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की जानकारी ली।



इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के जरिये संचालित सभी योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ लाभुकों तक पहुंचे। इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्यों का संपादन करें। सभी प्रकार की छात्रवृत्ति राशि का वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगर सृजन सहित विभाग के जरिये चलाए जा रहे अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र गरीब जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के बच्चों को भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, प्रबन्ध निदेशक नेलसम बागे, प्रबंध निदेशक सुधीर बारा, टी आर आई से उपनिदेशक मोनिका टूटी सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# सीएम ने कर्नाटक के पूर्व सीएम के निधन पर जताया शोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार सुबह बेंगलुरु स्थित घर पर अंतिम सांस ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को पोस्ट में लिखा है कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एसएम कृष्णा के निधन की दुःखद सूचना मिली। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

हाईकोर्ट का आदेश

# राज्य के जेलों में हेल्थ कैंप लगाकर बंदियों का कराएं समुचित इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अथारिटी) एवं डालसा (डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथारिटी) को राज्य के सभी जेलों में हेल्थ कैंप लगाकर बंदियों का समुचित इलाज कराने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एवं जस्टिस नवनीत कुमार के कोर्ट ने यह आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि मेडिकल जांच में मोतियाबिंद, डाइबीटीज, ब्लड प्रेशर तथा अन्य बीमारियों की चिकित्सीय जांच कराकर समुचित इलाज की व्यवस्था की जाये।

**झालसा ने सभी कारागृह से रिपोर्ट मंगायी है :** बेंच ने यह भी आदेश दिया है कि जेल अदालत के दिन झालसा यह सुनिश्चित करेगा कि मेडिकल जांच कैंप लगे तथा कोई भी जागरूकता कार्यक्रम जो कारागृह में झालसा एवं डालसा के द्वारा आयोजित किया जायेगा, तो उसमें सभी वृद्ध एवं बीमारियों से ग्रसित बंदियों के लिए निश्चित रूप से मेडिकल जांच कैंप भी आयोजित किया जायेगा। झालसा ने सभी कारागृह से रिपोर्ट मंगायी है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों की संख्या 164 है, तथा गंभीर बीमारी से ग्रसित बंदियों की संख्या 11 है। झालसा ने सभी डालसा को दिशा निर्देश दिया है कि उनकी मेडिकल जांच सुनिश्चित करें तथा उन्हें तत्काल आवश्यकतानुसार चिकित्सीय सहायता प्रदान करें।

# विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो को संसदीय कार्य मंत्री ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रबींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने मंगलवार को सदन में कहा कि आपकी अध्यक्षता में मिलकर काम करेंगे। संसदीय व्यवस्था की शुचिता दिखेगी। उन्होंने कहा कि आपके जैसे व्यक्तित्व को आसन पर बैठता देख सदन के सभी सदस्य गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पिछले कार्यकाल में मैं सदन का सदस्य नहीं था लेकि मैं आपकी भूमिका से प्रभावित था। विकास की जिन ऊंचाईयों को छूने की परिकल्पना हेमंत सोरेन ने की है, उसे आपकी अध्यक्षता में मिलकर हम सब पूरा करेंगे।

## विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल ने रबींद्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से अपील करते हुए कहा कि विपक्षी सदस्यों को थोड़ा अधिक अवसर दें। नवनिर्वाचित सदस्यों को भी सदन में भरपूर अवसर दें। इससे राज्य की ज्वलंत समस्याओं की पहचान और समाधान में सरकार को भी मदद मिलेगी।मरांडी मंगलवार को सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी विधायक सदन में मामला उठाये तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने विस अध्यक्ष को दी बधाई

झारखंड विधानसभा में सर्वसम्मति से मंगलवार को रबींद्रनाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किए। साथ ही बधाई और शुभकामनाएं दी।

# पृष्ठ एक के शेष

**रबींद्र नाथ महतो ने रचा इतिहास...**

कि सदन निर्बाध रूप से चले। उन्होंने कहा, हमलोग यहां पर चुनकर आते हैं और जनता की बहुत सारी अपेक्षाओं के साथ चुनकर आते हैं। साढ़े तीन करोड़ जनता की इस सदन से आशाएं बंधी हैं कि उनके हित में और उनके लिए इस महापंचायत से समुचित कार्य हो। इसके साथ विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही बुधवार (11 दिसंबर) 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**नाला विधानसभा सीट से रबींद्र नाथ महतो लगातार तीसरी बार जीते :** 65 वर्षीय रबींद्र नाथ महतो संथाल परगना प्रमंडल की नाला विधानसभा सीट से लगातार तीसरी बार जीतकर सदन पहुंचे हैं। झारखंड में यह मिथ रहा है कि स्पीकर के पद पर रहते हुए कोई भी जनप्रतिनिधि विधानसभा का चुनाव नहीं जीत पाता है। महतो इस मिथक को तोड़ने वाले पहले जनप्रतिनिधि बन गए हैं। उन्होंने पहली बार 2005 में नाला विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी, लेकिन इसके बाद 2009 में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 2014, 2019 और 2024 के चुनावों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी के तौर पर उन्होंने लगातार जीत हासिल की।

**विस अध्यक्ष को सीएम समेत पक्ष-विपक्ष के नेताओं ने दी शुभकामनाएं :** सीएम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी, राजद के सुरेश पासवान, सीपीआई एमएल के अरूप चटर्जी, जदयू के सरयू राय, लोजपा के जनार्दन पासवान, आजसू पार्टी के निर्मल महतो और जेएलकेएम के जयराम महतो ने अपने वक्तव्यों में नवनिर्वाचित स्पीकर को शुभकामनाएं दीं। सभी ने रबींद्र नाथ महतो के व्यक्तित्व की सराहना की। सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जाने पर सीएम हेमंत सोरेन ने अपनी पार्टी और सत्ता पक्ष की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आपने सदन की गरिमा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि मुझे आप सभी से अपेक्षा है कि सदन निर्बाध रूप से चले, सदन में गतिरोध ना हो। सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जाने पर रबींद्र नाथ महतो ने सभी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया। निर्विरोध स्पीकर चुने जाने पर बाबूलाल मरांडी ने रबींद्र नाथ महतो को शुभकामनाएं दी। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रबींद्र नाथ महतो के निर्विरोध स्पीकर चुने जाने पर सभी सदस्यों की ओर से शुभकामनाएं दी। प्रतिपक्षी दलों के नेताओं ने उम्मीद जताई कि स्पीकर पक्ष-विपक्ष सभी दलों को समान दृष्टि से देखेंगे।

**राज्य के सर्वांगीण विकास में...**

अपनी हर समस्या का समाधान करते हैं। आज उन महान विभूतियों के विचारों को देश आजाद होने से अब तक सम्मान करते आए हैं। उनके विचारों को अपने कंधों पर लेकर निरंतर इस लोकतंत्र को और मजबूत करने में लगे हैं।

**कोलकाता एयरपोर्ट पर फंसी...**

गया। अन्य यात्रियों को एयरपोर्ट पर डॉरमेट्री में जगह दी गई। डॉ कश्यप ने बताया कि उनके भाई, जो मुंबई से उसी एयरलाइन की फ्लाइट से बागडोगरा जा रहे थे, वहां आसानी से पहुंच गए। उन्होंने कहा कि हमें खराब मौसम के कारण फ्लाइट रद्द होने की जानकारी दी गई, लेकिन मेरे भाई की फ्लाइट बागडोगरा में उतर गई। वहीं, एक समाचार एजेंसी के अनुसार, एयरलाइन के कर्मचारियों ने बताया कि सुबह 7:40 बजे कोलकाता से बागडोगरा के लिए रवाना हुई फ्लाइट को खराब मौसम के कारण डायवर्ट करना पड़ा। दोपहर 12:45 बजे की फ्लाइट रद्द कर दी गई। एक कर्मचारी ने कहा कि हम फंसे हुए यात्रियों की हर संभव मदद कर रहे हैं। डॉ कश्यप ने राष्ट्रीय नवीन मेल से कहा, मैं एयरपोर्ट पर छह घंटे तक फंसी रही। होटल में चाय और रात का खाना देने से भी इनकार कर दिया गया, जब तक एयरलाइन से आदेश नहीं मिला। उन्होंने कहा, एक न्यूज एजेंसी वाले ने जब हस्तक्षेप किया, तो इंडिगो एयरलाइन के कर्मचारियों ने फोन उठाया और तब चाय और रात के खाने की व्यवस्था हुई।

**12वीं बाद किसी भी विषय में...**

ही सीयूईटी-यूजी और सीयूईटी-पीजी 2025 आयोजित करने के लिए संशोधित दिशा-निर्देशों का विवरण देते हुए एक मसौदा प्रस्ताव जारी करेगा, जिसमें छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और संस्थानों से फीडबैक और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। सीयूईटी परीक्षा की शुरूआत वर्ष 2022 से हुई थी। इससे पहले इसका आयोजन सीयूसीईटी नाम से किया जाता था। वर्ष 2022 में सीयूईटी अपने पहले संस्करण के आयोजन के दौरान तकनीकी गड़बड़ियों से ग्रस्त थी। एक ही विषय के लिए कई शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करने के कारण परिणाम की घोषणा से पहले अभ्यर्थियों के अंकों को सामान्य करना पड़ा था। वर्ष 2024 में पहली बार हाइब्रिड मोड में परीक्षा आयोजित की गई थी। इसे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए आयोजित होने से एक रात पहले दिल्ली भर में रद्द कर दिया गया था।


प्रपत्र VII
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांक– 1448/भू0अ0 दिनांक– 06.12.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– गाड़ीलौंग थाना– टण्डवा, थाना सं0– 59, अंचल– टण्डवा, जिला– चतरा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना– टण्डवा (**MDR**-072) सोपारम–बारियातु (**N.H-** 99) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, थाना नं0– 59, अंचल– टण्डवा, जिला– चतरा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– 1.14450 एकड़ यानि 0.4631 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

संरचना का विवरण

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 201 | 30 | 286 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा एस्बेस्टस शीट बरामदा 25'×2'×8' | शिवशंकर बरई पिता– स्व0 डढ़न बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | अनंत बरई | किशोरी चौरसिया |
| 202 | 75 | 242 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दिवारी 32'×1'×5' | अन्नत बरई पिता– स्व0 मेघन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | राजेश बरई | शिवशंकर बरई |
| 203 | 75 | 242 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का ढ़लाई मकान 52'×4'×12' | राजेश बरई पिता– स्व0 मेघन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | संजय चौरसिया | अन्नत बरई |
| 204 | 75 | 242 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा पाईप शीट बरामदा 18'×5'×8' | आदित्य प्रसाद चौरसिया पिता– स्व0 चन्दु बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | लीलू बरई | अजय चौरसिया |
| 205 | | 178 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का मकान ढ़लाई 21'×4'×10' | राजेश प्रसाद चौरसिया पिता– स्व0 शंकर बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | महावीर बरई | राजेश्वर बरई |
| 206 | 27 | 177 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का मकान ढ़लाई 23'×5'×10' | महावीर बरई पिता– स्व0 जडहन बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | चिन्तामन बरई | आदित्य बरई |
| 207 | 27 | 177 | रैयती भूमि पर | मकान | करकेट शीट बरामदा 21'×7'×10' | इन्दू देवी पति– प्रवील बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | उमेश कुमार | चिन्तामन बरई |
| 208 | 27 | 177 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा पाईप शीट बरामदा 21'×3'×10' | उमेश कुमार पिता– स्व0 डढ़न बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | रास्ता | इन्दू देवी |
| 209 | 53 | 168 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा पाईप शीट बरामदा 14'×5'×5' | रामनरेश बरई पिता– स्व0 भगवान बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | नीज | सत्यनारायण बरई |
| 210 | 30 | 161 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा पाईप शीट छज्जा 17'×5'×6' | रामनरेश बरई पिता– स्व0 भगवान बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | जगदीश बरई | रामनरेश बरई |
| 211 | 30 | 161 | रैयती भूमि पर | मकान | ढ़लाई पक्का मकान दरवाजा 39'×3'×10' शटर–03, ग्रील–01 | जगदीश बरई पिता– स्व0 झरी बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | बलदेव बरई | रामनरेश बरई |
| 212 | | 241 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दीवारी 36'×10'×4' | लीलू बरई पिता– स्व0चरण बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कंचन देवी | आदित्य बरई |
| 213 | | 241 | रैयती भूमि पर | मकान | आंगन ढलाई 18'×3' | प्रयाग यादव पिता– पूषण महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सीताराम बरई | कंचन देवी |
| 214 | | 241 | रैयती भूमि पर | मकान | ईंट सोलिंग बरामदा 66'×3' | सीताराम यादव पिता– अन्दू महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | प्रयाग यादव | नीज |
| 215 | | 240 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन पक्का ढ़लाई 18'×3' | प्रयाग यादव पिता– पूषण महतो ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज रास्ता | सीताराम यादव |
| 216 | 30 | 160 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का छज्जा 50'×3' | बालदेव प्रसाद चौरसिया पिता– स्व0 मंहगू बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | भीम बरई | जगदीश बरई |
| 217 | 15 | 159 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का छज्जा 50'×3' | विमला देवी पति– भीम बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | राजेन्द्र बरई | बलदेव बरई |
| 218 | 15 | 158 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का छज्जा 15'×5' | राजेन्द्र बरई पिता– स्व0 हलखोरी बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | राजकुमार | विमला देवी |
| 219 | 15 | 158 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का मकान 16'×7'×10' (विमला देवी का केवाला है। मकान रामकुमार का है।) | रामकुमार पिता– स्व0 हलखोरी बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | महेन्द्र बरई | राजेन्द्र बरई |
| 220 | 15 | 156 | रैयती भूमि पर | मकान | एन0टी0पी0सी0 द्वारा निर्मित पानी टंकी | महेन्द्र बरई पिता– स्व0 सीताराम बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | अनु साव | नीज |
| 221 | 108 | 153 | रैयती भूमि पर | मकान | पीलर सीमेन्ट पक्का गोलाई×उंचाई 10''×3' ईंट दीवाल 3'×10''×4' | अनवर अंसारी पिता– सलीम अंसारी ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मंसूर अंसारी | जागेश्वर साव |
| 222 | 108 | 153 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का छज्जा लंबाई×चौ0 17'×2' | मंसूर अंसारी पिता–सलीम अंसारी ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मनीर अंसारी | अनवर अंसारी |
| 223 | 108 | 153 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का छज्जा लंबाई×चौ0 18'×3' पक्का ढ़लाई मकान 18'×3'×10' | मनीर अंसारी पिता– सलीम अंसारी ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | कोका साव | मंसूर अंसारी |
| 224 | 53 | 152 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का ढ़लाई मकान 13'×3'×10' | कोका साव पिता– स्व0 बनौधी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | सुखू साव | मनीर अंसारी |
| 225 | 53 | 152 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का छज्जा लंबाई×चौ0 13'×2' | सुखू साव पिता– त्रिपाल साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | टूकन साव | |
| 226 | 53 | 152 | रैयती भूमि पर | मकान | पक्का छज्जा लं0×चौ0 13'×2' | टुकन साव पिता– त्रिपाल साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | तीर्थ साव | सुखू साव |
| 227 | 53 | 151 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा गेट– 01 लं0×चौ0 7'×7' चहार दीवारी 6'×10''×7' | तीथनाथ साव पिता– खिरोधर साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | सहादेव साव | टुकन साव |
| 228 | 53 | 150 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा पाईप शीट बरामदा 18'×10'×8' | सहादेव साव पिता– हरि साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मंदिर | तीर्थनाथ साव |
| 229 | 53 | 149 | रैयती भूमि पर | मकान | शिव मंदिर 13'×16'×20' | राजीव कुमार पिता– स्व0 भिखारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | विगु यादव | सहादेव यादव |
| 230 | 67 | 148 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन पक्का ढ़लाई 31'×10' | शिबु यादव पिता– तुलसी यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | शंकर चौरसिया | विगु यादव |
| 231 | 3 | 147 | रैयती भूमि पर | मकान | लोहा गेट– 01 लं0×चौ0 7'×7'+4'×5' चहार दीवारी 36'×10''×5' | शंकर प्रसाद चौरसिया पिता– स्व0 रामचन्द्र बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | भिखन यादव | शिबु यादव |
| 232 | 3 | 147 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 ढ़लाई सेपटीक टैंक | भिखन साव पिता– स्व0 लखराज सावग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | गोविन्द यादव | शंकर चौरसिया |
| 233 | 96 | 142 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढलाई 12'×4' | भोला साव पिता–स्व0 गिरधारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | बलिन्दर साव | गोपाल साव |
| 234 | 96 | 142 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढलाई 46'×9' | नारायण साव, डालेश्वर साव, निर्मन साव पिता– स्व0 दशरथ साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मुन्ना साव | बलविन्दर साव |
| 235 | 96 | 142 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दिवारी 43'×10''×9' लोहा गेट 11'×10' सीढ़ी 7'×5' | महावीर साव, कामेश्वर साव, दुलार साव पिता– स्व0 मुना साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मथुरा बरई | नारायण साव |
| 236 | 61 | 742 | रैयती भूमि पर | मकान | ढलाई पक्का मकान 2 तल्ला 66'×8'×20' | प्रताप कुमार पिता– स्व0 ज्ञानी बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | महेश राम | विजय गिरी |
| 237 | 61 | 742 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढलाई 33'×10' | फूलमति देवी पति– लालो बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | महेश राम |
| 238 | 51 | 744 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढलाई 18'×10' | फूलमती देवी पति– लालो बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | विजय साव | नीज |
| 239 | 51 | 744 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढलाई 23'×10' सीढ़ी 6'×4' चहारदीवारी 6'×10''×4' | विजय साव पिता– स्व0 वेदन साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | विजय साव | नीज |
| 240 | 51 | 744 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढलाई 23'×10' सीढ़ी 6'×4' चहारदीवारी 6'×10''×4' | संजय साव पिता– स्व0 वेदन साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | भूषण चौरसिया | विजय साव |
| 241 | 61 | 748 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दिवारी 64'×10''×5' | तापेश्वर नायक पिता– स्व0 रामबृक्ष नायक ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | रामोतार चौरसिया |
| 242 | 61 | 749 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दिवारी 90'×10''×5' | तापेश्वर नायक पिता–स्व0 रामबृक्ष नायक ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 243 | 61 | 750 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दिवारी 79'×10''×5' | तापेश्वर नायक पिता–स्व0 रामबृक्ष नायक ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नत्थू साव | नीज |
| 244 | 96 | 753 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दिवारी 50'×10''×4' | अजय कुमार गुप्ता पिता– नत्थू साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | नीज | तापेश्वर नायक |
| 245 | 61 | 760 | रैयती भूमि पर | मकान | चहार दिवारी 32'×10''×3' | मीनू कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता पिता– नत्थू साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | मीनू बरई | नीज |
| 246 | 106 | 955 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढ़लाई 28'×4' | सुरेश सिंह पिता–............ ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कारू साव | विनोद प्रजापति |
| 247 | 73 | 1101 | रैयती भूमि पर | मकान | टाईल्स लगा हुआ है। 32'×3' | दीना साव पिता– ............ ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | लोकन साव | बिरजू गुप्ता |
| 248 | 73 | 1101 | रैयती भूमि पर | मकान | मकान पक्का ढ़लाई 48'×2'×10' | दयाल साव पिता–.......... ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | दीना साव | बजरंग बली मंदिर |
| 249 | 13 | 976 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढ़लाई 34'×4' | सरोज नायक, तापेश्वर नायक, जयचन्द नायक पिता– स्व0 रामवृक्ष नायक ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | रास्ता | सहादेव साव |
| 250 | 13 | 976 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढ़लाई 16'×5' | राजू साव पिता–............ ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सरोज साव | कुंवर साव |
| 251 | 13 | 976 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढ़लाई 16'×6' | सरोज प्रसाद गुप्ता पिता–........... ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | राजु साव | मसो ममता |
| 252 | 13 | 976 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढ़लाई 16'×6' लोहा पाईप करकेट शीट बरामदा 16'×6' | मसो ममता देवी पति– स्व0 मुन्ना सावग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | सरोज गुप्ता | बिरजु गुप्ता |
| 253 | 13 | 976 | रैयती भूमि पर | मकान | पी0सी0सी0 आंगन ढ़लाई 16'×5' | बिरजु गुप्ता पिता– स्व0 चमारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | बिरजु गुप्ता | जनकी साव |
| 254 | 20 | 971 | रैयती भूमि पर | मकान | सीढ़ी 6'×1' | सहदेव साहू पिता– स्व0 रामलाल साहू ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | मिथिलेश गुप्ता | कुंवर साव |
| 255 | 20 | 971 | रैयती भूमि पर | मकान | मकान 22'×1'×10' | सोहराई साव पिता– ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कुंवर साव | – |
| 256 | 53 | 220 | रैयती भूमि पर | | बोरिंग– 01 | गणेश साव पिता– स्व0 सुखलाल साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला – चतरा। | नीज | रास्ता | नागेश्वर बरई | फुनू साव |
| 257 | 71 | 201 | रैयती भूमि पर | | बोरिंग–1 | कृष्णा राणा पिता– स्व0 खिरोधर राणा ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | रामेश्वर राणा | रामकली देवी |
| 258 | 71 | 201 | रैयती भूमि पर | | बोरिंग–1 | रामेश्वर राणा पिता– स्व0 छेदी राणा ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मोगल साव | कृष्णा राणा |
| 259 | 67 | 189 | रैयती भूमि पर | | कुंआ– 01 | घनश्याम साव पिता– स्व0 चुरामन साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | महावीर साव | काली साव |
| 260 | | 241 | रैयती भूमि पर | | आम पेड़– 02 कटहल पेड़– 01 | लीलू बरई पिता– स्व0चरण बरई ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | रास्ता | नीज | कंचन देवी | आदित्य बरई |
| 261 | 67 | 148 | रैयती भूमि पर | | गम्हार पेड़– 01 | शिबु यादव पिता– तुलसी यादव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | शंकर चौरसिया | विगु यादव |
| 262 | 96 | 142 | रैयती भूमि पर | | कुंआ– 01 | भोला साव पिता–स्व0 गिरधारी साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | बलिन्दर साव | गोपाल साव |
| 263 | 96 | 142 | रैयती भूमि पर | | बोरिंग– 01 | महावीर साव, कामेश्वर साव, दुलार साव पिता– स्व0 मुना साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | मथुरा बरई | नारायण साव |
| 264 | 53 | 151 | रैयती भूमि पर | | बोरिंग– 01 | तीथनाथ साव पिता– खिरोधर साव ग्राम– गाड़ीलौंग, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | नीज | रास्ता | सहादेव साव | टुकन साव |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यस्थापन के लिए संभावित परिवारो की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:–

ग्राम–X, थाना–X थाना सं0–X अंचल–X, जिला–X क्षेत्रफल X एकड़ X यानि X हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–X

उपायुक्त,
चतरा

PR 341653 (Land Reforms)24-25*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# श्रीराम बारात वापसी पर अयोध्या में दिखा त्रेतायुग जैसा भव्य नजारा

**एजेंसी । अयोध्या**

अवध नरेश के चारों बेटे विवाह रचाकर अपनी दुल्हनों संग सोमवार की रात अयोध्या वापस आए। विद्या कुंड पर रात्रि विश्राम के बाद चारों विवाहित जोड़ों का नगर भ्रमण प्रारंभ हुआ। देखने वालों को ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम भाइयों समेत लौटे हैं। अयोध्यावासियों ने पलक पांवड़े बिछाकर नवविवाहितों का अतिशय उल्लास सहित मंगल कलशों के साथ अगवानी और सत्कार किया। पीतवसना महिलाओं ने बधाई एवं मंगल गीत गाए गए। खूब आतिशबाजी की गई। गाजे-बाजे के साथ साकेत महाविद्यालय से शुरू हुआ नगर भ्रमण का पूरा रास्ता लोगों के नाचते-गाते जयकारे लगाते ही कटा। फूलों की पंखुड़ियों की परत से सारा रास्ता सुवासित और शोभायमान हो उठा। श्रीराम लला मंदिर के मुख्य द्वार पर तीर्थ क्षेत्र की ओर से ट्रस्टी अनिल मिश्र, शैलेंद्र शुक्ल व अन्य पदाधिकारियों ने सारी व्यवस्था संभाली। जगह-जगह बहुत ही सुंदर रंगोलियां सजाई गई थीं। इसके आगे हनुमान गढ़ी और छोटी देवकाली के सामने से लेकर वीणा चौक तक नाचते-गाते लोगों का हुजूम फूलों की बौछार से काली सड़क को रंगीन किए दे रहा था। उमंग और उत्साह में सारे अयोध्यावासियों की भीड़ घर के बाहर हर्षोल्लास में नाच गा रही थी। मानो उनका अपना भाई-बेटा सेहरा बांध कर दुल्हन घर लाया हो। विदित हो कि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज के संयोजन में तिलकोत्सव और विवाहोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दशरथ की भूमिका में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने निभाई। नगर भ्रमण के अंत में कारसेवक पुरम की भरतकुटी में चारों भाइयों और उनकी पत्नियों के स्वरूपों की विधि-विधान से आरती उतारी गई।




## प्रधानमंत्री आज करेंगे कवि सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री बुधवार दोपहर 1 बजे, 7 लोक कल्याण मार्ग में तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे।



## इल्तिजा मुफ्ती पर की जाए सख्त कार्रवाई : हिंदू जनजागृति समिति

**कोलकाता (हि.स.)।** हिंदू जनजागृति समिति ने जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति ने इल्तिजा द्वारा प्रभु श्रीराम और हिंदू धर्म पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। हाल ही में, इल्तिजा मुफ्ती ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, हिंदुत्व एक बीमारी है, जिसने करोड़ों भारतीयों को अपनी चपेट में ले लिया है और भगवान के नाम को कलंकित किया है। प्रभु श्रीराम को शर्म आनी चाहिए। इस बयान को लेकर हिंदू जनजागृति समिति ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

## रूसी रक्षा मंत्री से राजनाथ ने रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** मॉस्को की यात्रा पर गए राजनाथ सिंह ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव से बातचीत की। उनके साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और अन्य रक्षा अधिकारी थे। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों और सार्वजनिक तथा निजी दोनों स्तरों पर भारत पर भारी दबाव के बावजूद भारत ने सचेत निर्णय लिया है कि देश न केवल रूस के साथ घनिष्ठ संपर्क जारी रखेगा, बल्कि हमारे संपर्क को और मजबूत तथा विस्तारित भी करेगा।

## 'जॉय बांग्ला' अब बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा नहीं, एससी ने लगाई रोक

**ढाका।** बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 'जॉय बांग्ला' को राष्ट्रीय नारा घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गठित अंतरिम सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद की अध्यक्षता वाली अपीलीय प्रभाग की पीठ ने अंतरिम सरकार की याचिका पर सुनवाई की।

### गगनयान मिशन के लिए अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे

# इसरो ने नौसेना के साथ किए 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन

- मानव अंतरिक्ष मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का है महत्वपूर्ण हिस्सा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

गगनयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के साथ 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन ट्रायल किए हैं। क्रू मॉड्यूल के 'वेल डेक' रिकवरी ट्रायल पूर्वी नौसेना कमान में विशाखापत्तनम के तट पर 'वेल डेक' शिप का उपयोग करके किए गए। गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। इसरो के 'मिशन गगनयान' की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में प्रशिक्षित किया है। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में लांच करके और भारतीय समुद्री जल में उतारा जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। यह प्रशिक्षित टीम इसरो के 'मिशन गगनयान' की लांचिंग टीम में शामिल होगी। इसरो ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना के साथ मिलकर गगनयान के लिए महत्वपूर्ण 'वेल डेक' रिकवरी ट्रायल 06 दिसंबर को किए गए, जो भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक मील का पत्थर है। इसरो के अनुसार एक अच्छी डेक वाला जहाज अपने डेक पर पानी भरने की सुविधा देता है, जिससे नावों, लैंडिंग क्राफ्ट और अंतरिक्ष यान की सुरक्षित डॉकिंग और रिकवरी संभव हो जाती है। इस व्यापक प्रक्रिया में रिकवरी बॉय को जोड़ने, क्रू मॉड्यूल को खींचने, वेल डेक जहाज में प्रवेश करने, क्रू मॉड्यूल की सटीक स्थिति निर्धारित करने तथा वेल डेक से पानी निकालने के परीक्षण शामिल थे। ऑपरेशन में 'वेल डेक' शिप का उपयोग करके क्रू मॉड्यूल के लिए रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गगनयान मिशन के लिए यह तकनीक अंतरिक्ष यात्रियों की अंतरिक्ष मिशन के बाद उनकी त्वरित और आरामदायक रिकवरी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है। परीक्षणों के दौरान भारतीय नौसेना और इसरो द्वारा क्रू मॉड्यूल की 'वेल डेक' रिकवरी के लिए संचालन का क्रम चलाया गया। इस क्रम में रिकवरी बॉय को जोड़ना, टो करना, वेल डेक शिप में प्रवेश करना, फिक्सचर पर सीएम की स्थिति और वेल डेक से पानी निकालना शामिल है।

भारतीय नौसेना के नेतृत्व में इस ऑपरेशन में नौसेना के गोताखोर, समुद्री कमांडोमार्कोस, चिकित्सा विशेषज्ञ, तकनीशियन और नौसेना एविएटर शामिल हैं। दरअसल, मिशन के अंत में जब क्रू मॉड्यूल समुद्र में उतरता है, तो चालक दल को कम से कम संभव समय में आसानी के साथ रिकवर करना होता है। पसंदीदा विकल्पों में से एक क्रू मॉड्यूल को चालक दल के साथ जहाज के 'वेल डेक' के अंदर ले जाना होता है।



### ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य है रिकवरी समय को कम करना

इसरो ने कहा कि इस ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य रिकवरी समय को कम करना और क्रू मॉड्यूल के समुद्र में उतरने के बाद चालक दल के लिए कम से कम परेशानी न होने देना है। इन जटिल युद्धाभ्यासों का अभ्यास करके इसरो और भारतीय नौसेना का लक्ष्य सामान्य और अप्रत्याशित दोनों स्थितियों के लिए अपने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को ठीक करना है। इसरो ने कहा कि गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत रिकवरी ट्रायल जारी रहेंगे। इसरो और नौसेना ने मई, 2023 में कोच्चि के वाटर सर्वाइवल ट्रेनिंग फैसिलिटी आईएनएस गरुड़ में गगनयान रिकवरी ट्रेनिंग प्लान जारी किया था।

### अब बाजार में नकली आलू भी

# नकली आलू खाइए बीमार होइए

- इस पर खतरनाक रसायनों का किया जाता है प्रयोग

**ब्यूरो । नई दिल्ली**

असली-नकली का चक्कर इलेक्ट्रॉनिक सामानों में ज्यादा देखने-सुनने को मिलता रहा है। लेकिन, अब यह सब्जियों में भी दिखने लगा है। चीनी लहसुन के बाद अब नकली आलू भी बाजार में बिकने की बात सामने आने लगी है।

मिलावटी सामान में अब किन खाद्य पदार्थों में क्या मिला है, बहुतों को नहीं पता है। इसमें अमीरों से ज्यादा मध्यम वर्गीय व गरीब परिवारों के लोग फंस रहे हैं, पीस रहे हैं, इसके चपेटे में आकर मर रहे हैं। मार्केट में तो हर तरह के मिलावटी सामान धड़ल्ले से बिक रहे हैं। खाने-पीने का सामान हो या फिर अन्य वस्तु, कुछ भी इससे अछूता नहीं रह गया है। कुछ रुपयों के लिए मुनाफाखोरों ने अब आलू को भी नहीं छोड़ा है।

नकली आलू भी धड़ल्ले से बिक रहा है, जो सेहत पर बहुत ही खराब असर डालता है। क्योंकि, नकली आलू पर खतरनाक रसायनों को प्रयोग किया जाता है, जिससे तबीयत खराब हो सकती है। ऐसे में यदि आप भी बाजार से आलू खरीदते हैं, तो सावधान हो जाएं।



### असली-नकली आलू की पहचान

- **केमिकल की गंध :** आलू खरीदने से पहले सूंघ कर देखें। असली आलू को सूंघने पर इसमें से प्राकृतिक सुगंध आती है। जब आप नकली आलू को सूंघते हैं, तो इसमें से केमिकल की गंध आती है। केमिकल वाला आलू हाथ में उठाने से केमिकल हाथ पर लग जाता है।
- **पानी में डुबा कर देखें :** नकली व असली आलू की पहचान आप पानी में डुबोकर भी कर सकते हैं। असली आलू को पानी में डालने से यह डूब जाता है, जबकि नकली आलू केमिकल के कारण कई बार पानी में तैरने लगता है।
- **काट कर देखें :** असली आलू को काटने पर वह अंदर व बाहर से एक जैसा दिखाई देता है। जबकि, केमिकल वाले आलू को काटने पर वह अंदर और बाहर से अलग-अलग दिखता है, तथा दोनों के रंग में बहुत अंतर होता है।

## कुवैत की 'ऐतिहासिक' यात्रा पर जल्द जा सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहयोग और साझेदारी को बढ़ाते हुए जल्द ही कुवैत की यात्रा कर सकते हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस प्रमुख पश्चिम एशियाई देश की पहली यात्रा होगी। इस समय खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अध्यक्षता भी कुवैत के पास ही है। पिछले हफ्ते कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने अपनी भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उन्होंने कुवैत नेतृत्व की ओर से प्रधानमंत्री को 'शीघ्रतम अवसर मिलने पर' देश की यात्रा करने का निमंत्रण दिया था।

## सीरिया में अराजक और अस्थिर हालात : यूएन

### कहा, 16 मिलियन से अधिक लोगों को मदद की जरूरत

**एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय कार्यकर्ताओं ने सीरिया में स्थिति को अराजक और अस्थिर बताया और कहा कि देश में 16 मिलियन से अधिक लोगों को मदद की जरूरत है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को कहा कि 28 नवंबर से 8 दिसंबर तक अकेले पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में 10 लाख लोग अपने घरों से विस्थापित हुए हैं। कार्यालय ने कहा कि हाल ही में विस्थापित हुए लोगों में मुख्य रूप से अलेप्पो, हामा, होम्स और इदलिब प्रांतों से महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थिति बहुत अस्थिर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार रास्ते ब्लॉक हो गए हैं, जिससे लोगों, सामान और मानवीय सहायता की आवाजाही सीमित हो गई है। ओसीएचए के अनुसार, नागरिक संपत्तियों और कारखानों के साथ-साथ मानवीय आपूर्ति रखने वाले गोदामों की लूटपाट की कुछ खबरें मिली हैं। कार्यालय ने कहा, चुनौतियों और अस्थिर स्थिति के बावजूद, हम और हमारे साझेदारों ने आपातकालीन मदद प्रदान करना जारी रखा है। हालांकि, कार्यालय ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति गंभीर हैं।

### सीरिया के विद्रोही गुटों ने की सैनिकों के लिए आम माफी की घोषणा

**दमिश्क।** सीरिया के विद्रोही गुटों ने अनिवार्य सेवा में भर्ती किए गए सभी सैन्य कर्मियों के लिए आम माफी की घोषणा की है। एक बयान में, विद्रोही गुटों के सैन्य अभियान विभाग ने ऐलान किया, "हम अनिवार्य सेवा के तहत सभी सैन्य कर्मियों को माफी देते हैं। उन्हें सुरक्षा की गारंटी दी जाती है।

## मुंबई के कुर्ला बेस्ट बस हादसे में पांच लोगों की मौत, 49 घायल




**एजेंसी । मुंबई**

मुंबई के कुर्ला में बेस्ट बस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में घायल 49 लोगों का इलाज सायन और भाभा अस्पताल में चल रहा है। इनमें 26 की हालत गंभीर हैं। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। बस ड्राइवर संजय मोरे (54) को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुर्ला पुलिस के अनुसार, सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे बेस्ट उपक्रम की बस (क्रमांक 332) कुर्ला से 60 यात्रियों को लेकर अंधेरी की ओर जा रही थी। एलबीएस मार्ग पर ड्राइवर संजय मोरे ने ब्रेक की बजाय एक्सीलेटर दबा दिया। इससे बस बेकाबू हो गई और राहगीरों सहित कई वाहनों को रौंदते हुए बाजार में घुसकर एक गेट से टकरा कर रुकी। इस हादसे में विजय विष्णु गायकवाड़ (70), आफरीन अब्दुल सलीम शाह (19), अनम शेख (20), कनीस फातिमा गुलाम कादरी (55), शिवम कश्यप (18) की मौत हो गई। गश्त कर रहे चार पुलिसकर्मियों सहित 49 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल भाभा अस्पता, सायन अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। इनमें 26 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हाथरस में कंटनेर और मैजिक वाहन में टक्कर, सात की मौत

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार दोपहर मथुरा-बरेली राजमार्ग पर एक कंटनेर और मैजिक वाहन में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ढाई साल के बच्चा समेत सात लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का आर्थिक सहयोग देने का अधिकारियों को निर्देश दिया है।

### ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जानकारी

# पोप फ्रांसिस को भेंट की गई पीएम मोदी पर लिखी पुस्तकें

**ये पुस्तकें हैं 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस'**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पोप फ्रांसिस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी गई पुस्तक 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' भेंट की गई। इसकी जानकारी ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी। ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने इसकी फोटो भी शेयर की, जिसमें देखा जा सकता है कि भाजपा नेता अनिल एंटनी, पोप फ्रांसिस को पीएम मोदी की पुस्तक भेंट कर रहे हैं। ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, यह ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के लिए बहुत गर्व की बात है, क्योंकि 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन और नेतृत्व को दशार्ने वाली दो किताबें पोप फ्रांसिस को भेंट की गईं। वहीं, अनिल एंटनी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'भारतीय प्रतिनिधिमंडल के एक भाग के रूप में वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मिलकर बहुत धन्य हो गया। इस बातचीत के दौरान उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की दो पुस्तकें 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' और 'मन की बात : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' भेंट की।हाल ही में वेटिकन सिटी में आयोजित एक समारोह में भारतीय पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को पोप फ्रांसिस द्वारा पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च के कार्डिनल के रूप में पदोन्नत किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस समारोह में भारतीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा था, जिसमें अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, सांसद सतनाम सिंह संधू, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, कोडिक्कुन्निल सुरेश, अनिल एंटनी, अनूप एंटनी और टॉम वडक्कन शामिल थे। 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक का विमोचन 11 मई 2022 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने किया था। इस पुस्तक को रूपा प्रकाशन ने पब्लिश किया है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 साल की राजनीतिक यात्रा के बारे में है, जिसमें गुजरात के तीन बार मुख्यमंत्री और बाद में उनके भारत के दो बार प्रधानमंत्री के रूप में शासन के बारे में बताया गया है। ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात @100 : इग्नाइटिंग कलेक्टिव गुडनेस' पर किताब लांच की थी। पीएम मोदी हर महीने अपने मासिक रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से संवाद करते हैं और कई विषयों से जनता को अवगत कराते हैं। इस दौरान देशवासियों से जुड़ी उपलब्धियों का जिक्र भी करते हैं।

